राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-232
लखनऊ, गुरुवार 11 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 2.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





यूपी की सभी 80 सीटें जीतने जा रही बीजेपी : ब्रजेश पाठक 03

कांग्रेस ने 60 साल तक देश को लूटा : राजरानी रावत 02



### तृतीयं चन्द्रघण्टा



**पिण्डजप्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्युता। प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघण्टेति विश्रुता॥**

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि में तीसरे दिन इनकी पूजा होती है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है जिससे इनका यह नाम पड़ा। इनके दस हाथ हैं जिनमें वह अस्त्र-शस्त्र लिए हैं. हालांकि देवी का यह रूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। ये एक हाथ में कमल दूसरे हाथ में तलवार धारण किए रहती हैं।

### सूचना



सुधी पाठकों, एजेंटो, कर्मयोगी बंधुओं विज्ञापनदाताओं को समृद्धि न्यूज परिवार की ओर से ईद मुबारक। यह त्योहार आपकी झोली खुशियों से भर दे, ऊपर वाले से यही दुआ है। इस अवसर पर दिनांक 11 अप्रैल 2024 को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 13 अप्रैल शनिवार को प्राप्त होगा।

**प्रधान संपादक**

## पॉक्सो के तहत अपराध को समझौते के आधार पर नहीं कर सकते दरकिनार

**▸ इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज ने आरोपी की याचिका की खारिज**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** उच्च न्यायालय ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे को रद करने से इनकार करते हुए कहा कि इस कानून के तहत अपराध को आरोपी और पीड़ित के बीच महज समझौते के आधार पर दरकिनार नहीं किया जा सकता है।

न्यायमूर्ति समित गोपाल ने पॉक्सो कानून के तहत आरोपी संजीव कुमार की याचिका को खारिज करते हुए कहा-जब अपराध करने के लिए नाबालिग पीड़िता की सहमति मायने नहीं रखती तो समझौता सहित सभी चरणों में सभी व्यवहारिक उद्देश्यों के लिए उसकी सहमति मायने नहीं रखेगी। अदालत ने कहा-महज इसलिए कि नाबालिग पीड़िता बाद में याचिकाकर्ता के साथ समझौता करने के लिए राजी हो गई है यह पॉक्सो कानून के तहत मुकदमा रद करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। आजमगढ़ के बिलारीगंज थाने में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 (दुष्कर्म), 313 और पॉक्सो कानून की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## यूपी में ऐतिहासिक जीत के साथ इंडिया गठबंधन जीतेगा सर्वाधिक सीटें

### सपा ने जारी किया घोषणा पत्र, जाति जनगणना, महिला आरक्षण, एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत किए अनेक वादे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। इस दस्तावेज में जातिवार जनगणना कराने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने समेत अनेक वादे किए गए हैं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने यहां पार्टी राज्य मुख्यालय पर दल का चुनाव घोषणा पत्र जनता का मांग पत्र, हमारा अधिकार जारी किया। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') के प्रमुख घटक दल सपा के 20 पन्नों के घोषणा पत्र में इस बार पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) सरकार का आह्वान किया गया है। सपा अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा, हम अपने इस विजन डॉक्यूमेंट के साथ जनता के बीच जा रहे हैं और हमें उम्मीद है कि जनता समाजवादियों का और गठबंधन का समर्थन करेगी तथा उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक जीत के साथ इंडिया गठबंधन सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा। घोषणा पत्र में लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर जातिवार जनगणना कराये जाने और इसके आधार पर 2029 तक सबको न्याय और हिस्सेदारी सुनिश्चित करने, वर्ष 2025 तक अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़े वर्ग के सभी सरकारी रिक्त पदों पर भर्ती करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, निजी क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने 2029 तक गरीबी का पूरी तरह से खात्मा करने का वादा किया गया है।



**हमारे विजन डॉक्यूमेंट के साथ जनता समाजवादियों का और गठबंधन का करेगी समर्थन**

### सपा पहले जारी करे प्रायश्चित पत्र : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के घोषणापत्र पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और मैनपुरी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार जयवीर सिंह ने हमले बोलते हुए कहा कि सपा को पहले प्रायश्चित पत्र जारी करना चाहिए। मंत्री जयवीर ने कहा, समाजवादी पार्टी कई बार उत्तर प्रदेश में सत्ता में रही है। 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव के नेतृत्व में जिस तरह का जंगलराज उत्तर प्रदेश में रहा, मेरे अनुसार उन पर कोई विश्वास करने वाला नहीं है। समाजवादी पार्टी को पहले प्रायश्चित पत्र जारी करना चाहिए।

# फूट डालो-राज करो की नीति पर चल रहा द्रमुक

## पीएम मोदी ने कृष्णागिरि, धर्मपुरी, अरणी, अरक्कोणम व तिरुवन्नामलाई लोकसभा सीटों के लिए की जनसभा

**▸ द्रमुक परिवार ने युवाओं को किया अस्थिर, लूट को दिया बढ़ावा**

एजेंसी



**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि द्रमुक ने तमिलनाडु को न सिर्फ पुरानी सोच और पुरानी राजनीति में जकड़ कर रखा है बल्कि फूट डालो और राज करो के अपने एजेंडा को भी पूरी ताकत से आगे बढ़ा रहा है। वेल्लोर फोर्ट मैदान से वेल्लोर, कृष्णागिरि, धर्मपुरी, अरणी, अरक्कोणम और तिरुवन्नामलाई लोकसभा सीटों के भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने द्रमुक पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का भी आरोप लगाया।

द्रमुक की राजनीति पर अफसोस जताते हुए उन्होंने कहा, द्रमुक पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल विरोधी संस्कृति को आधार बनाकर चुनाव लड़ता है। उन्होंने कहा कि द्रमुक के परिवार ने तमिलनाडु के युवाओं को अस्थिर कर दिया है और व्यवस्थित लूट को बढ़ावा दिया है, जिससे तमिलनाडु विकास से वंचित रह गया है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार द्रमुक का कॉपीराइट है।

प्रधानमंत्री ने द्रमुक की राजनीति पर हमला करते हुए उल्लेख किया कि पार्टी ने नए संसद भवन में पवित्र सेंगोल की स्थापना का भी बहिष्कार किया था, जो भारत की स्वतंत्रता का संस्थापक प्रतीक है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास हमेशा तमिल संस्कृति को बढ़ावा देने का रहा है, चाहे वह काशी-तमिल संगमम हो, सौराष्ट्र-तमिल संगमम हो या संयुक्त राष्ट्र में तमिल बोलना हो। पीएम ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि 21वीं सदी विकसित भारत और विकसित तमिलनाडु के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने इसे सक्षम करने के लिए पिछले 10 साल में अभूतपूर्व विकास की नींव रखी है। हमने कमजोर अर्थव्यवस्था और ढेर सारे घोटालों के बीच बड़े और साहसिक फैसले लिए हैं। आज, जब भारत सभी क्षेत्रों में सर्वोपरि सफलता हासिल कर रहा है, इसमें तमिलनाडु के लोगों की कड़ी मेहनत, प्रतिभा और क्षमता का महत्वपूर्ण योगदान है।

### रक्षा गलियारे को आगे बढ़ा रही है केंद्र सरकार

प्रधानमंत्री ने राज्य पर केंद्र सरकार के फोकस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह तमिलनाडु में रक्षा गलियारे को आगे बढ़ा रही है जो राज्य का चेहरा बदल देगा। तमिलनाडु से अंतरिक्ष क्षेत्र में भी कई स्टार्ट-अप हैं जिन्होंने देश की अंतरिक्ष यात्राओं में मदद की है। इससे पहले वेल्लोर के लोगों ने पीएम का जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं वेल्लोर के इतिहास, पौराणिक कथाओं और बहादुरी को नमन करता हूं।

### राजकोट में प्रधानमंत्री की पहली जनसभा 22 अप्रैल को

**अहमदाबाद।** केन्द्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला की उम्मीदवारी वाली लोकसभा सीट राजकोट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुजरात में पहली चुनावी सभा 22 अप्रैल को होगी। भाजपा ने क्षत्रिय समाज के विरोध को शांत करने के लिए यह रणनीति बनाई है। मोदी की गुजरात के अन्य सभी तीन जोन में भी एक-एक चुनावी सभा कराने की योजना है। सभा के अलावा कई स्थानों पर रोड शो व रैली भी होंगी। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा गुजरात में अपने सभी 26 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। 12 अप्रैल से गुजरात में अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पार्टी ने सभी केन्द्रीय मंत्रियों और प्रमुख नेताओं के नामांकन करने की तारीख तय कर दी है।

### कर्फ्यू लगाने वालों को पनपने का अवसर मत दो : योगी



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र के सरधना विधानसभा सीट के क्षत्रिय बाहुल्य रार्धना गांव में जनसभा की। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में भाजपा उम्मीदवार डॉ. संजीव बालियान और सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम के बीच पैदा विवाद को सुलझाने का प्रयास किया। इसके साथ उन्होंने क्षत्रिय समाज के विरोध को देखते हुए कहा कि चुनाव में हमारा व्यक्तिगत रूप से हमारा किसी व्यक्ति से मतभेद हो सकता है, लेकिन विचारधारा और राष्ट्रधर्म सर्वोपरि है। इसमें कोई समझौता नहीं हो सकता है। कर्फ्यू लगाने वालों को दोबारा पनपने का अवसर मत दो। इन लोगों ने ही संगीत सोम और संजीव बालियान को जेल में डालकर क्षेत्र को जनता को कर्फ्यू में झोंकने का काम किया। वे ही लोग गुमराह कर रहे हैं। रार्धना गांव में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब राष्ट्रधर्म को चुनने की आवश्यकता पड़ेगी तो हम सब कुछ छोड़कर राष्ट्रधर्म को चुनेंगे और राष्ट्रधर्म के लिए अपना बलिदान कर देंगे। हमें वह सरकार चाहिए जो कांवड़ यात्रा चला सके।

### केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति 2021-22 के कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने श्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताते हुए उस पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया। मुख्य न्यायाधीश ने पीठ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सिंघवी से कहा कि वो संबंधित मामले के बारे में ईमेल करें तथा उस पर विचार किया जाएगा। उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उस केंद्रीय जांच जांच एजेंसी को हिरासत में देने के विशेष अदालत के फैसले को उचित ठहराते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी थी। एकल पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और हिरासत के मामले में हस्तक्षेप करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### चंडीगढ़ से कटा किरण खेर का टिकट, बीजेपी की नई लिस्ट

**पंजाब।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार यानी 10 अप्रैल को उम्मीदवारों की नई लिस्ट जारी की। वहीं, इस बीच पार्टी ने चंडीगढ़ से अभिनेत्री किरण खेर का टिकट काट दिया है। उनकी जगह संजय टंडन को बीजेपी ने अपना नया उम्मीदवार बनाया है। दरअसल, संजय टंडन चंडीगढ़ से बीजेपी के अध्यक्ष हैं। बता दें कि चंडीगढ़ से किरण खेर का टिकट कट गया है। इसको लेकर कुछ समय पहले ही संकेत साफहो गए थे। वहीं, 4 मार्च को चंडीगढ़ सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर जब खेर से सवाल किया गया तो वह इस सवाल का जवाब टालती हुई नजर आईं।

### धनखड़ ने दिलाई राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के 10 नवनिर्वाचित सदस्यों को बुधवार को सदस्यता की शपथ दिलाई। श्री धनखड़ ने संसद भवन परिसर में अपने कक्ष में इन सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले सदस्यों में मयंक भाई जयदेव भाई नायक, नारायणसा के भानदागे, मिलिंद मुरली देवड़ा, अजीत माधवराव गोपचाडे, रेणुका चौधरी, अमरपाल मौर्य, संजय सेठ, रामजीलाल सुमन, सागरिका घोष और ममता ठाकुर शामिल हैं।

### देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी में 40 लोगों पर केस

**बस्ती।** सोशल मीडिया के जरिए देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने 40 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को जानकारी देते हुए पुलिस कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइन निवासी श्याम करन वर्मा ने तहरीर देकर कहा है कि सोशल मीडिया एक्स पर हिंदू-देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की जा रही है। उसने अदनान, आमिर, जीशान, फिरोज, आकिब, इलहाम, हमजा, उमर मलिक, दानिश, आशिम अली, आसिफ खान, आफताब, इस्तियाक, शानू ,मो. हरीश, सिराज, आसिफ अंसारी, कैद खान, सलीम, उमेर समेत 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है।

### आदेश : सीबीआई करेगी संदेशखाली मामले की जांच

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि यह जांच कोर्ट की निगरानी में की जाएगी। सीबीआई को नई ई-मेल आईडी खोलकर संदेशखाली घटना से जुड़ी शिकायतें लेनी होंगी। कलकत्ता हाई कोर्ट में कुल पांच जनहित याचिकायें दायर की जा चुकी हैं, जिन पर सुनवाई होनी है।

### पुलिस ने पकड़ी दो असलाह फैक्ट्री, पिता-पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** जनपद के दो थाना क्षेत्रों की पुलिस ने बुधवार को दो असलाह फैक्ट्री पकड़ी है। पुलिस ने पिता-पुत्र सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से अवैध असलाह व असलाह बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत इन फैक्ट्री में असलाह तैयार किए जा रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि थानाध्यक्ष थाना उत्तर वैभव कुमार सिंह ने सूचना पर अभियुक्तगण शोभित कुमार व उसके पिता चन्द्रकान्त ऊर्फ बिल्ला निवासी शिवाजी मार्ग गोपाल नगर थाना उत्तर को घर के सामने बने मकान से गिरफ्तार किया है। मौके से भारी मात्रा में बने, अधबने 16 तमंचा मय जिन्दा, खोखा कारतूस व भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

## 25 विषयों के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक है डीयू

**▸ विषय के आधार पर 2024 के लिए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विषय के आधार पर 2024 के लिए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग आ गई है। रैंकिंग में 25 विषयों के अध्ययन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय को दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक के रूप में नामित किया गया है।

424 प्रविष्टियों के साथ कुल 69 भारतीय विश्वविद्यालयों ने विषय के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जगह बनाई है, जो पिछले वर्ष 66 विश्वविद्यालयों द्वारा प्राप्त 355 प्रविष्टियों से 19.4 प्रतिशत अधिक है। रैंकिंग विश्वविद्यालयों की संख्या के मामले में भारत एशिया में 101 के साथ चीन के बाद दूसरा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है। विषय के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में कई भारतीय संस्थानों ने मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। इनमें दिल्ली विश्वविद्यालय प्रभावशाली 30 प्रविष्टियों के साथ अग्रणी है। आईआईटी बॉम्बे (28 प्रविष्टियां) और आईआईटी खड़गपुर (27 प्रविष्टियां) काफी पीछे हैं। आईआईटी मद्रास (22 प्रविष्टियां) और आईआईटी दिल्ली (19 प्रविष्टियां) ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने वैश्विक रैंकिंग में एक बड़ी प्रगति की है, (विकास अध्ययन के लिए) 20वें नंबर पर पदार्पण किया है और विषय के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में भारत का सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय बन गया है।

### उच्चतम न्यायालय ने बाबा रामदेव, बालकृष्ण का माफीनामा किया खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न बीमारियों के इलाज से संबंधित पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े अदालत की अवमानना के एक मामले में योग गुरु बाबा रामदेव और उनके शिष्य पतंजलि के प्रबन्ध निदेशक आचार्य बालकृष्ण का माफीनामा एक बार फिर बुधवार को अस्वीकार कर दिया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, हम इस हलफनामे को स्वीकार करने से इंकार करते हैं। यह (अवमानना) जानबूझकर की गयी थी। उन्हें (बाबा रामदेव और बालकृष्ण ) इसके परिणाम भुगतने होंगे। हम इस मामले में उदार नहीं बनना चाहते।

## चुनाव संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक की हो स्पष्ट जानकारी : निर्वाचन आयोग




एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पार्टियों के प्रचार अभियान को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को होर्डिंग्स सहित छपवाई गई चुनाव-संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का स्पष्ट नाम व पता दिए जाने को अनिवार्य तौर पर लागू कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के पूर्ण आयोग ने इस संबंध में प्राप्त शिकायतों पर यह निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127ए में स्पष्ट है कि मुद्रक या प्रकाशक के नाम तथा पते के बिना चुनाव पैम्फलेट, पोस्टर, तख्तियां या बैनर की छपाई नहीं की जा सकती। इससे चुनावी अभियानों का खर्च विनियमित होता है और आदर्श आचार संहिता या वैधानिक प्रावधानों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित होती है।

### राशन के थैले से मोदी-योगी की तस्वीर हटाने की मांग

**चुनाव आयोग को इस मुद्दे को देखने और लंबित निर्णय लेने के निर्देश : हाईकोर्ट**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गरीबों को वितरण के लिए मुफ्त राशन की थैलियों पर छपी पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की तस्वीरों के खिलाफ एक जनहित याचिका का निपटारा करते हुए, लखनऊ एचसी ने बुधवार को भारत के चुनाव आयोग को इस मुद्दे को देखने और लंबित निर्णय लेने का निर्देश दिया। इस संबंध में प्रतिनिधित्व में न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता, एक स्थानीय वकील एमएल यादव ने आरोप लगाया था कि यह लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन है।

## विपक्ष को जनता की नहीं अपने परिवार की चिंता : राजनाथ सिंह

समृद्धि न्यूज



**सहारनपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष को जनता की नहीं अपने परिवार की चिंता है। हम जो कहते हैं वह करते हैं। राजनीति के प्रति व राजनेताओं के प्रति विश्वास का संकट था। नेताओं की कथनी व करनी में अंतर था। इस संकट को दूर करने का काम भाजपा ने किया। हमारी पार्टी जो कहेगी वह करेगी।

राजनाथ सिंह ने बुधवार को सहारनपुर के भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी ने जनता के लिए जो काम किया वह आज तक किसी ने नहीं किया। केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की जनता यह भलीभांति जानती है कि नरेन्द्र मोदी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का काम हुआ है।

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर बन रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीति देश बनाने के लिए की जानी चाहिए। यही काम भाजपा कर रही है। आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत कोई बात कहता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। अब कमजोर भारत नहीं रहा। आज मजबूत भारत है।

**जनसभा** | केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री पर लगाया आरोप

# ममता हमलावरों को बचाती हैं और एनआईए को फंसाती हैं

एजेंसी



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2022 के भूपतिनगर विस्फोट मामले के आरोपितों को बचा रही हैं। वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों को फंसाने की कोशिश कर रही हैं।

बालुरघाट से पार्टी उम्मीदवार और पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के समर्थन में दक्षिण दिनाजपुर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ÷वहां एक विस्फोट हुआ था। क्या ब्लास्ट के आरोपितों पर कार्रवाई जरूरी नहीं? लेकिन जब एनआईए अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू की और उन पर हमला किया गया, तो मुख्यमंत्री केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों पर मामला दर्ज कर जांच अधिकारी को फंसाने का प्रयास कर रही हैं।÷ उन्होंने कहा कि चूंकि एनआईए अधिकारी कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर मामले की जांच कर रहे हैं, इसलिए वे विस्फोट के पीछे के आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल में पड़ोसी देश से लोगों के आने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री कभी भी अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेंगी। वे उनकी पार्टी के वोट बैंक हैं। असम में पहले भी अवैध प्रवास की समस्या थी, लेकिन बीजेपी के सत्ता में आने के बाद अब यह पूरी तरह से बंद हो गया है। इसलिए मैं आज कह रहा हूं कि अगर आने वाले दिनों में भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तो पश्चिम बंगाल में भी अवैध प्रवास को पूरी तरह से रोक दिया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के चलते तीन तलाक प्रथा को खत्म करने या सीएए लाने का विरोध करती हैं। उन्होंने कहा, ÷तीन तलाक के उन्मूलन से लाखों अल्पसंख्यक महिलाओं को राहत मिली है। सीएए अधिसूचना उन शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए है जो धार्मिक कट्टरता के शिकार हैं। अमित शाह ने यह भी कहा कि भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर 370 से अधिक का आंकड़ा हासिल करने के लिए पश्चिम बंगाल में 30 का आंकड़ा पार करना होगा।

### तुष्टिकरण करती आ रहीं कांग्रेस की चार पीढ़ियां

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की चार पीढ़ियां तुष्टिकरण करती आ रही हैं। कांग्रेस कह रही है सीएए वापस करेंगे। कांग्रेस उत्तर भारत और दक्षिण भारत में तोड़ना चाहती है। कांग्रेस देश को कितनी बार तोड़ेगी। अमित शाह ने बुधवार को बिहार में गया जिले के गुरुआ में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार की तारीफ की। शाह ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में हर लोग पाकिस्तान से आलिया मालिया जमलिया आते थे। धमाके करते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सब रोका। यह कांग्रेस की सरकार नहीं है, भाजपा की सरकार है, नरेंद्र मोदी की सरकार है।

# कांग्रेस ने 60 साल तक देश को लूटा : राजरानी रावत

- मोदी ने बढ़ाई दुनिया में भारत की साख
- फतेहपुर एवं निंदुरा में होली मिलन समारोह आयोजित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिले में चुनावी सरगर्मियां बढ़ने लगी है। विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर भाजपा की नामित प्रत्याशी राजरानी रावत समर्थकों से अपने लिए आशीर्वाद मांग रही हैं। बुधवार को कुर्सी विधानसभा के निंदूरा के मल्लावां एवम फतेहपुर कस्बा के एक निजी मैरिज लॉन में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ जिसमे भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग शामिल हुए। भाजपा की नामित प्रत्याशी राजरानी रावत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 60 साल तक देश को लूटा है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही एनडीए सरकार ने विगत दस वर्षों में दुनिया में भारत की साख को नई ऊंचाइयां दी है। देश को लूटने वाले से मोदी पाई पाई का हिसाब ले रहे हैं।कहा कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश विकसित भारत बनने की मजबूत नींव का निर्माण करेगा।मोदी ने अपनी कार्यशैली से देश वासियों के सम्मान एवम स्वाभिमान की रक्षा की है। कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी



सांस्कृतिक विरासतों पर गर्व कर रहा है। लोकसभा चुनाव में सभी से अपने लिए आशीर्वाद मांगा।खाद्य एवम रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि अयोध्या में गगनचुंबी मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करके नरेंद्र मोदी ने सनातन धर्म का गौरव बढ़ाया। कहा कि योगी की सरकार में बहन बेटियों को छेड़ने वालों को जहन्नुम में भेजने का काम कर रही है। दंगाइयों को योगी सरकार का बुलडोजर जमीदोंज कर रहा है।कहा नरेंद्र मोदी के पहले दो कार्यकाल तो सिर्फ ट्रेलर थे, मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश पूरी पिक्चर देखेगा।विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा 2017 से प्रदेश में चल रही योगी सरकार ने गुंडाराज, माफिया राज को खत्म करके प्रदेश में कानून राज स्थापित किया।

जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर एमएलसी अंगद सिंह,हरगोविंद सिंह, रामनाथ मौर्य, संतोष सिंह, शशांक कुसुमेश, शील रत्न मिहिर, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, रंगनाथ त्रिपाठी, अनुपम निगम,अनिल वर्मा, बाबा हेमंत दास, करुणा शंकर शुक्ल,आशीष सिंह, विपिन सिंह राठौर, दिनेश पांडे, अंशुमान मिश्रा, अंजू चंद्रा, गुलाब रावत,पूजा सिंह, विनीता नंद शास्त्री, राजीव नयन तिवारी, जवाहर लाल वर्मा मौजूद रहे।

# मरीजों को फल वितरित कर तनुज पुनिया ने मांगा समर्थन

- कांग्रेस पार्टी सत्ता के लिये नहीं सेवा के लिये करती है राजनीति

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिन्दगी फाउण्डेंशन द्वारा महिला अस्पताल में मरीजों को फल और दूध वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें फाउण्डेशन के फाउंडर जुहेर अंजुम खान द्वारा इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के हाथों मरीजों को फल व दूध का वितरण किया गया।

उक्त अवसर पर इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता के लिये नही सेवा के लिये राजनीति करती हैं, जिंदगी



फाउण्डेंशन के साथियों ने गरीब, मजबूर, मरीजों को जो फल तथा दूध वितरण का कार्यक्रम रखा हैं निश्चित रूप से वह बधाई के पात्र हैं। मैं आज सभी मरीज भाईयो के जल्दी स्वस्थ होने की परम् पिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूँ ओर सभी से इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करने का और अपने इष्ट मित्रों, परिवार में वोट करवाने का अनुरोध करता हूँ।

उक्त अवसर पर सरदार कुलवन्त सिंह, सरदार सुरजीत सिंह, डॉ. रवि आहूजा, मो. आरिफ सभासद, मो. इरफान कुरैशी, दानिश खान, शैलेन्द्र चैपड़ा, सोनू सिंह, बब्लू गौतम आदि लोग मौजूद थें।

## खबरें एक नजर में

### महाराजा ढाबा पर कार्य करने वाले युवक ने लगाई फांसी



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** मसौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित महाराजा ढाबा पर काम करने वाले एक 20 वर्षीय युवक ने रात्रि मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ढाबे पर काम करने वाले लगातार यह दूसरे युवक द्वारा फांसी लगाये जाने से लोग आचंभित है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित महाराजा ढाबे पर वेटर का काम करने वाले कन्हैयालाल पुत्र नौमीलाल ने गत 5 मार्च को हाइवे के किनारे लगे एक पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली मामला अभी खत्म भी नही हुआ था कि बीती रात्रि इसी ढाबे पर वेटर का काम करने वाले 20 वर्षीय राम सजीवन पुत्र बाबूलाल गौतम निवासी ग्राम मसुदामऊ ने उसी पेड़ मे रस्सी से फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। लगातार ढाबे पर काम करने वाले दूसरे युवक द्वारा फांसी लगाए जाने से लोग हतप्रभ है। **मरने से पहले युवक ने ढाबा मालिक को भेजी रिकार्डिंग :–** बड़ी दिलचस्प कहानी यह है कि बीती रात्रि युवक ने जिस पेड़ पर फांसी लगायी उसी पेड़ पर गत 5 मार्च को ढाबे पर काम करने वाले 18 वर्षीय किशोर कन्हैयालाल ने फांसी लगायी थी तथा दोनो ने मरने से पूर्व ढाबा मालिक को फोन किया था। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाये गये अभियान में आज जैदपुर पुलिस टीम ने दस लीटर कच्ची शराब बरामद कर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही की है। ज्ञात हो कि अपराध पर अंकुश लगाने हेतु लगातार जैदपुर पुलिस द्वारा धर पकड़ जारी है। आज मुखबिर की सूचना के आधार पर दस लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ गौशाला बम्भौरा लोधी के पास घेराबंदी कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गये आरोपी का नाम पुनवांसी पुत्र मोल्हे बेरी आलमपुर थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी बताया गया है।

### चालबाज ने जॉब के नाम पर हजारों की नकदी बैंक से निकाली

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** टेली ग्राम में जाब के नाम पर एक चालबाज द्वारा बैंक खाते से निकाली गयी हजारों की मोटी रकम पीड़ित ने थाना जैदपुर में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार जहां इस समय लगातार अज्ञात नम्बरों से तरह तरह से गुमराह कर लोगों की रकम हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं फिर एक धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। राम पटेल पुत्र विरेंद्र कुमार इसरौली सेंट भानमऊ ने जैदपुर थाना में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि टेलीग्राम पाट टाइम जाब का झांसा देकर खाता संख्या 051501002116 से 29478 दुबारा 35868 निकाल लिये गये। पीड़ित की तहरीर पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू दी गयी है।

### एसडीएम ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** एसडीएम अनुराग सिंह द्वारा बुधवार को हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उप जिलाधिकारी आज सबसे पहले साल्हामारी मतदान केंद्र संख्या 358 का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय जमालपुर मतदान केंद्र संख्या 370, प्राथमिक विद्यालय दीन पनाह मतदान केंद्र संख्या 369, प्राथमिक विद्यालय सिद्धौर मतदान केंद्र संख्या 384.385.386, प्राथमिक विद्यालय पूरे मक्का मतदान केंद्र संख्या 392.393 का भी निरीक्षण किया। सभी मतदान केंद्रों पर साफ सफाई , पेयजल शौचालय बिजली आदि की व्यवस्थाएं परखी और कमी पाए जाने पर संबंधित विभाग को कमी दूर किए जाने के लिए निर्देशित किया गया ।

# पढ़ाई के साथ अपनी हॉबी की करें पहचान : हीरालाल

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रत्येक छात्र को विद्यालयी पढ़ाई के साथ साथ अपनी हॉबी की पहचान कर उसे पुष्ट करते रहना चाहिए। क्योंकि हॉबी किसी को भी उत्साह और ऊर्जा प्रदान करती है। जिन बच्चों की हॉबी विकसित होती है वे जीवन में लक्ष्यों को बहुत आसानी से प्राप्त कर लेते हैं।

उक्त विचार मुख्य अतिथि आईएएस डॉ हीरा लाल विशेष सचिव सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश ने न्यू जयहिंद इण्टर कालेज बिशुनपुर, फतेहपुर, बाराबंकी में आयोजित छात्र अभिभावक सम्मेलन ÷विचार विमर्श गोष्ठी÷ में व्यक्त किये। डॉ हीरा लाल ने छात्रों एवं अभिभावकों से संवाद करते हुए आई ए एस बनने का सपना देखने वाले छात्रों के सवालों के जवाब भी दिए। विशिष्ट अतिथि प्रदीप सारंग ने भी बच्चों को उत्साहित किया और





एक मुठ्ठी चावल और एक रुपया अर्पण अभियान की शुरुआत की। इस योजना को विस्तार से बताया और अपील करते हुए सभी से कहा कि प्रत्येक माह 10 तारीख को विद्यालय में पटेल जी की आरती के साथ पटेल जी के चरणों में एक मुठ्ठी चावल और एक रुपया अर्पित करना है। श्री सारंग ने छात्रों को कुछ टिप्स भी दिए।

प्रधानाचार्य देशराज वर्मा के संचालन में सम्पन्न गोष्ठी में प्रतिभावान छात्रों व उनके अभिभावकों को मुख्य अतिथि द्वारा मैडल प्रदान कर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयहिंद इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य अम्बरीष कुमार वर्मा, प्रतिभा इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य गुरुमिलन वर्मा, सतीश कुमार यादव, चंद्रभान वर्मा, राजेश वर्मा, रमेश चंद्र वर्मा, श्री प्रकाश मिश्रा, जगदीश प्रसाद, वृजेश कुमार, सोनू सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सीएचसी अधीक्षक ने संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** संचारी रोग दस्तक के प्रति जागरूक करने हेतु सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सन्तोष कुमार सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मियों ने जागरूकता अभियान चलाकर साफ सफाई रखने के साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए पूरी आस्तीन के कपडे पहनने के लिए बताया गया।

बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरौलीगौसपुर से अधीक्षक की अगुवाई में संचारी रोग दस्तक से बचाव के लिए नागरिकों को जागरुक करने के लिए रैली निकाली गई।इस सम्बंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों ने नागरिकों को साफ सफाई से रहनें व मच्छरों से बचाव के लिए पूरी आस्तीन के कपडे पहनने को बताया गया।इस मौके पर डॉ देवेंद्र सिंह, चन्द्रेश वर्मा, शैलेश कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी व स्कूलों के छात्र छात्राओं ने रैली में भाग लिया।

# मतदाता जागरूकता के लिए 112 केन्द्रों पर आयोजित हुआ सास-बहू-ननद सम्मेलन



- लगभग पांच हजार लोगों ने किया प्रतिभाग

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज मतदाता जागरूकता हेतु 112 केन्द्रों पर सास-बहू-ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 4944 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को आगामी चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया और उपस्थित महिलाओं ने अपने परिवार के साथ मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया ।

कार्यक्रम में उपस्थित सीडीपीओ और आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को मतदान की शपथ भी दिलाई।

# एक्वेरियम शॉप का पूर्व डिप्टी बीएसए ने किया शुभारंभ



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के ब्रम्हनान वार्ड में द सी वार्ड एक्वेरियम शॉप का उद्घाटन पूर्व उप बेसिक शिक्षा अधिकारी माता प्रसाद अवस्थी द्वारा किया गया।

एक्वेरियम शॉप के मालिक शशांक सिंह ने बताया कि हमारे यहां रु.1000 से लेकर रु.10000 तक के एक्वेरियम उपलब्ध है जिसमें विभिन्न प्रकार की मछलियों की प्रजातियां भी उपलब्ध हैं। हमारे यहां होम सर्विस की व्यवस्था भी उपलब्ध है। उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से हरि शरण मिश्रा नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारिका प्रसाद अवस्थी पवन अवस्थी विनोद अवस्थी कृष्ण कुमार सिंह सभासद प्रतिनिधि शिवा वर्मा युवा नेता रोहित मिश्रा प्रतीक सरगम युवा नेता आशीष साहू विनीत अवस्थी सुमित विनय अंश विकास दिव्यांश प्रज्वल शंकर विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला का चौकी इंचार्ज पर अभद्रता कर विषाक्त पदार्थ खिलाने का आरोप

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी के बांकेगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक महिला को उधार का पैसा मांगना भारी पड़ गया। उधार का पैसा न मिलने पर पुलिस से फरियाद लगाने पर निराशा हाथ में लगी जिसके चलते महिला विषाक्त पदार्थ का सेवन करने पर मजबूर हो गई।

हालांकि महिला ने चौकी इंचार्ज पर जहर खिला देने का आरोप लगाया है। पूरा मामला जिला लखीमपुर खीरी के थाना मैलानी क्षेत्र अंतर्गत बांकेगंज चौकी के गांव गंगापुर पंचायत ग्रंट 10 का है। 40 वर्षीय गोमती देवी निवासिनी गंगापुर ग्रांट नंबर 10 ने बताया कि उसने पड़ोस के ही गांव पसियापुर के निवासी उत्तम कुमार को ?90,000 उधार के रूप में दिए थे। इसके कुछ समय बाद उत्तम कुमार की मृत्यु हो गई। जिस पर महिला मृतक उत्तम की पत्नी से कई बार पैसे मांग चुकी। लेकिन मृतक की पत्नी ने महिला को पैसे वापस नहीं किए। जिस पर तंग आकर महिला ने बांकेगंज चौकी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी।

महिला का आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने कार्यवाही न करने के बजाय विपक्षी गण से मोटी रकम ले ली। महिला के द्वारा चौकी पर जाकर फरियाद लगाने पर उल्टा चौकी इंचार्ज द्वारा महिला को गाली गलौज देते हुए जेल में भेजने की धमकी देते हुए भगा दिया। महिला का आरोप है कि जब महिला चौकी से नहीं गई तो महिला को जबरन जहर खिला दिया गया। जिस पर महिला की हालत गंभीर हो गई। चौकी पर तैनात सिपाहियों द्वारा सीएससी बांकेगंज लाया गया। जिस





पर महिला की हालत में सुधार न होने की सारण महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फ़िलहाल महिला की हालत में अब सुधार बताया जा रहा है।

वही चौकी इंचार्ज की माने तो जिस समय महिला ने जहर खाया था उस समय चौकी इंचार्ज मैलानी गए हुए थे। स्थानीय लोगों की माने तो बांकेगंज पुलिस चौकी पर महिलाओं के साथ दरोगा की अभद्रता का यह पहला मामला नहीं है । इससे पहले भी कई ऐसे मामले आये हैं। जिसमें पीड़ितों ने दरोगा पर मामले को रफा-दफा करने पर रूपये मांगने के आरोप लगाये जिसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं लेकिन, उच्चाधिकारियों ने कोई कार्रवाई अब तक नहीं की । अब महिला के आरोप के बाद 2 वीडियो और वायरल हो रहे हैं। वीडियो में दरोगा एक महिला को पुलिस चौकी से भगाते दिख रहे हैं, वही दूसरे वीडियो में एक युवक को गालियाँ देते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, यह दोनों वीडियो लगभग 2 माह पहले के बताये जा रहे हैं।

> सी ओ गोला अजेंद्र यादव ने बताया कि जांच की जा रही है जिसके बाद विधित कार्रवाई की जाएगी।

# पशुबाड़े में लगी आग, दो जानवर जले, पशु स्वामी ने पड़ोसी के खिलाफ दी तहरीर

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली गोला क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोपालापुर में एक पशुबाड़े में अचानक आग लग गई जिससे उसमे बंधे दो जानवर बुरी तरह झुलस गए और पशुबाड़ा भी जलकर खाक हो गया।

कोतवाली गोला क्षेत्र की पुलिस चौकी अलीगंज क्षेत्र के गांव गोपालापुर में बुधवार सुबह करीब सात बजे गांव निवासी उषा देवी पत्नी रामचंद्र वर्मा के पशुबाड़े में अचानक आग लग गई।

जिस समय आग लगी उस समय घर के लोग घर पर नहीं थे आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो सका।

घर की मुखिया उषा देवी ने पड़ोस के रहने वाले दो लोगो पर रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाया है।



पीड़िता उषा देवी ने बताया दो लोगो को नामजद करते हुए इसकी लिखित तहरीर गोला पुलिस को दी है।

आग लगने की सूचना डायल 112 व पशु चकित्सक एवम क्षेत्रीय लेखपाल को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर स्थिति का आकलन किया।

दोनो आग से झुलसे पशु दोपहर तक तड़पते रहे। समाचार लिखने तक पशु चकित्सक मौके पर नही पहुंचे।

**गरीब महिला का हुआ नि:शुल्क इलाज**

# पुन: पैरों पर खड़े होने का डॉ. कौशल ने दिया मौका

- सड़ जाने पर पैर काटकर कृत्रिम पैर लगा महिला का डॉ. कौशल ने किया इलाज

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गोला गोकर्णनाथ के बिजुआ ब्लॉक के मनहरिया गांव निवासिनी पिंकी अपने पैर का इलाज करवाकर थक हार गई लेकिन सही इलाज नहीं मिल पाया वही गलत इलाज के चलते पैर काफी हद तक खराब हो गया था वही जब जानकारी प्राप्त होने पर पिंकी द्वारा गोला गोकर्णनाथ स्थित सन साइन हॉस्पिटल में डॉक्टर कौशल के द्वारा इलाज कराया गया तब दोबारा अपने पैरों पर खड़े होने की उम्मीद को चुकी पिंकी को जीवन में पुनः अपने पैरों पर खड़े होने का मौका मिला।

इस प्रकार पिंकी और उसके परिवार में फिर से खुशियां वापस आ गई इस मौके पर पिंकी और उसका परिवार डॉक्टर कौशल की प्रशंसा करते नहीं थक रहे। पिंकी की आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण डॉ कौशल ने पिंकी का फ्री इलाज किया और सही होने के पश्चात क्रतिम पैर लगवाया।

पिंकी ने बताया कि उसका पैर एक्सीडेंट में खराब हो गया था जिसका इलाज उसने लखनऊ के किसी अस्पताल में करवाया था, उसके बाद भी पैर सही नहीं हुआ और बाद मे इन्फेक्शन हो गया था। 3 महीने के बाद में वह सनशाइन हॉस्पिटल में उपचार के लिए आई, तब तक पैर सड़ गया था, जिसको देखकर डा कौशल वर्मा ने बताया कि पैर का एम्पुटेशन ( घुटने के नीचे से पैर काटना ) करना पड़ेगा।



डॉ कौशल ने बताया कि मरीज की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी इसलिए फ्री इलाज किया और सही होने के पश्चात पैर भी लगवाया, और आगे भी जरूरत पड़ने पर इलाज से लेकर, आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। बता दे डा कौशल वर्मा जरूरत मंद लोगो की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसको लेकर उनकी समाज में अलग पहचान बन चुकी है।

डा साहब का कहना है कि अगर कोई जरूरत मंद उनके पास आता है तो वह कभी खाली हाथ नहीं जाता, जो संभव हो सकती है उतनी मदत जरूर करता हूं।

डा कौशल वर्मा ने बताया कि अगर किसी के बच्चे को पढ़ाई में बुक्स से लेकर, स्कूल फीस देने तक कोई आर्थिक जरूरत है तो वह उनसे संपर्क करें और साथ ही बताया कि अगर किसी की लड़की की शादी में कोई सहयोग जी आवश्यकता पड़े तो वह उसकी मदत करेंगे

डा साहब ने बताया कि दूसरों की मदत करके जो खुशी और आत्म संतुष्टि मिलती है वह कही और नहीं।

# भाजपा नेता द्वारा भेजे गए अनुमति पत्र को लेने से कर्मचारियों ने किया मना

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि जिलाधिकारी खीरी एवं अपर जिलाधिकारी खीरी को आदर्श आचार संहिता के चलते पत्र भेजकर परमीशन के लिए पत्र भेजा गया था। जहां अधिकारियों के कार्यालय के कर्मचारियों ने अनुमति पत्र को लेने से मना किया। जिसको लेकर राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने सभी कार्यालय को स्पीड पोस्ट के माध्यम से अनुमति पत्र भेजा गया है। प्रशासन के रवैये से आक्रोशित पूर्व राज्यसभा सांसद ने प्रेस वार्ता में कहा परम पूज्य बौद्ध सत्व,भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाए जाने को लेकर गाड़ियों का



काफिला मितौली अंबेडकर पार्क पर पहुंच कर सर्व प्रथम माल्यार्पण किया जाएगा। माल्यार्पण के उपरांत सभी गाड़ियों का काफिला लखीमपुर कचहरी रोड स्थित अंबेडकर पार्क में पहुंच कर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद अलीगंज कुशमोरी अंबेडकर पार्क होते,हुए गोला अंबेडकर पार्क, मोहम्मदी अंबेडकर पार्क, मैगलगंज के अंबेडकर पार्क होते हुए सायं 4:00 बजे बाबूरामेश्वर दयाल महाविद्यालय में एक जनसभा को संबोधित करेंगे तदोपरांत कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# डीएम-एसपी ने वर्चुअली ऐतिहासिक मेला चैती की बैठक कर लिए सुझाव

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

छोटी काशी में प्रतिवर्ष होने वाले ऐतिहासिक मेला चैत्री को सम्पन्न कराने के लिए जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने सम्भ्रान्त जनों से सुझाव लिए एवं अधिकारियों को जरुरी दिशानिर्देश देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू को शासन प्रशासन से पूरा सहयोग करने मिलने का आश्वासन दिया। राजा जफरुल्ला ने छोटी काशी की गंगा जमुनी तहजीब को बनाए रखने के लिए कहा। अविनाश गुप्ता ने सिनेमा चौराहे पर रोडवेज बसों के द्वारा लगाए जाने वाले जाम की समस्या से





निराकरण की बात कहीं, रामजी गुप्ता ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को समय से करने का सुझाव दिया, श्रीकांत तिवारी ने सुरक्षा के लिए सुझाव दिए, नानक चंद्र वर्मा ने भारी वाहनों को शहर में प्रवेश से रोकने का सुझाव दिए। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने ऐतिहासिक मेला चैती की व्यवस्थाओं के लिए आए सभी सुझावों पर अमल करने के साथ मेले की दिव्यता एवं भव्यता के साथ करने के लिए वादा के साथ सभी से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा, तहसीलदार सुखवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी पुलिस अजेन्द्र यादव कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह चौहान, अरुण अवस्थी,शत्रोहन मिश्रा,रविन्द्र कटियार, राम औतार विश्कर्मा, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी,धीरज बाजपेई, रजत गुप्ता, विजय मिश्रा, आनंद सोनी, अल्लू सैनी,राजेश अवस्थी, इजरान अंसारी, शाहिद ,आशीष अवस्थी, भोली गिरि,मेला प्रभारी मोहित गिरि,प्रधान लिपिक अमित श्रीवास्तव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षण संदीप वर्मा सहित समाज के प्रमुख नागरिक मौजूद रहे।

### डीएम ने मतदाता जागरुकता रैली को किया रवाना

जिलेभर में आम जनमानस को मतदान के लिए जागरुक करने के उद्देश्य से लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाया जा रहा। बुधवार को स्वीप योजना के तहत कलेक्ट्रेट से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह संग हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डायट प्राचार्य बृजभूषण चौधरी, डीआईओएस महेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि अच्छे एवं मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने के लिए मतदाता होना और मतदान करना जरूरी है। इसलिए अपने कर्तव्य का पालन करते हुए 13 मई को मतदान जरूर करे और आसपास के अपने लोगो एवं दूसरे व्यक्ति को भी प्रेरित करें, क्योंकि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओ का वोट करना जरूरी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में एक भी मतदाता छूटने न पाए।

# तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर खीरी स्टेट हाइवे पर बसतौला चौराहे पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर की ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी कार में टकरा गई जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई।

कोतवाली भीरा क्षेत्र के बसतौला चौराहे पर बुधवार सुबह गुलरिया चीनी मिल से गन्ना बेचकर आ रहे एक किसान की ट्रेक्टर ट्राली में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्राली को ओवर टेक करते समय साइड से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से ट्रेक्टर सड़क के किनारे खड़ी कार में जा टकराया जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर बिजुआ की तरफ भाग निकला। स्थानीय लोगों ने बिजुआ पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना पर बिजुआ पुलिस टीम ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। क्षतिग्रस्त हुई कार के स्वामी लोक निर्माण विभाग के जेई रामचंद्र वर्मा ने बताया कि वह किसी कार्य से पलिया जा रहे थे। किसी कार्य से बसतौला चौराहे पर सड़क के किनारे कार खड़ी कर कार्य निपटाने गए थे तभी अचानक यह हादसा हो गया उन्होंने बताया कि यदि वह कार में बैठे होते तो कोई भी अप्रिय घटना घट सकती थी।

वहीं स्थानीय लोगों ने घटना का जिक्र करते हुए बताया कि ट्रेक्टर चालक अपनी सूझ बूझ का परिचय देते हुए होटल के बाहर बैठे लोगो को बड़ी घटना घटित होने से बचा लिया।

# जमीन को कब्जा मुक्त करने को लेकर पीड़ित ने एसडीएम को दी तहरीर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर खीरी के पलिया तहसील क्षेत्र अंतर्गत पीड़ित ने अपनी जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा कब्जा कर लेने के आरोप में एसडीएम को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। रामकुमार पुत्र बाबू राम निवासी पलिया ने एसडीएम पलिया को तहरीर देकर बताया कि उसकी कृषि भूमि ग्राम मकनपुर पलिया में स्थित है। पास के ही विक्की नाम के एक युवक ने पीड़ित के जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है विरोध करने पर विपक्षी आमद फौजदारी हो जाता है। पीड़ित ने बताया कि विपक्षी के पास लगभग 200 एकड़ जमीन कब्जे में है जिसमें अधिकतर सरकारी जमीन भी कब्जे में है। पीड़ित ने बताया कि विपक्षी सत्ता की धमक देकर जमीन को कब्जा कर लेते हैं। फिलहाल एसडीएम ने पूर्ण कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बीजेपी के पूर्व विधायक सुभाष राय और बसपा के डॉ. राजेश सिंह सपा में शामिल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जनपद में बीजेपी और बीएसपी को बड़ा झटका लगा है। जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक सुभाष राय और जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से बसपा के पूर्व प्रत्याशी राजेश सिंह सपा में शामिल हो गए। वहीं राजेश सिंह के पिता शेरबहादुर सिंह जलालपुर से पांच बार विधायक रह चुके हैं।

बता दें कि आखिरकार लंबे समय से दो नेताओं के पाला बदले जाने की चर्चा अंततरू बुधवार को सच साबित हो गई। जहां जलालपुर विधानसभा के दो बड़े दिग्गज नेता सपा में शामिल होकर साइकिल पर सवार हो गए। बीते कई माह से इन दोनों नेताओं पर बराबर चर्चा चल रहा था कि यह दोनों नेता जल्द ही पाला बदलकर समाजवादी पार्टी का दामन थाम सकते हैं।


बुधवार को भाजपा नेता और पूर्व विधायक सुभाष राय व बसपा नेता राजेश सिंह लखनऊ पहुंचकर पार्टी कार्यालय में सपा का दामन थम लिए। बसपा नेता डॉक्टर राजेश सिंह दो बार विधानसभा का चुनाव भाजपा के टिकट पर लड़े थे, लेकिन इनको हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भाजपा को बाय-बाय करते हुए बसपा का दामन थामा और बसपा से चुनाव लड़े वहां भी इनको हार का सामना करना पड़ा। अब यह अपने भविष्य को उज्जवल करने के उद्देश्य से बसपा को भी बाय-बाय कहते समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। वहीं सपा से विधायक रह चुके सुभाष राय बीजेपी का दामन सपा से टिकट न मिलने पर थाम लिए थे। जो बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन इन्हें भी पराजित होना पड़ा। इस बीच कई महीनो से लोगों में यह चर्चा चल रहा था कि यह दोनों लोग जल्द ही समाजवादी पार्टी का दामन थाम सकते हैं।

# मैनपुरी : डिम्पल यादव से मुकाबला करेंगे जयवीर सिंह

**भाजपा ने घोषित किए सात और प्रत्याशियों के नाम, कैसरगंज समेत चार सीटों पर सस्पेंस बरकरार**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने यूपी की बची हुई 12 लोकसभा सीटों में सात पर आज अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पिछले चुनाव में मनोज सिन्हा की हार के बाद इस बार गाजीपुर सीट पर पारस नाथ राय को टिकट दिया गया है। इसी तरह मैनपुरी में प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को टिकट देकर भाजपा इस बार जीतने का प्रयास करेगी।




**मैनपुरी सीट पर बदायूं सांसद संघमित्रा मौर्या को टिकट देने की लगाई जा रही थी अटकलें, जयवीर को टिकट मिलने पर अटकलों पर लगा विराम**

मैनपुरी सीट पर बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्या को टिकट देने की अटकलें लगाई जा रही थी। पार्टी ने अटकलों पर विराम लगाते हुए जयवीर सिंह को मैदान में उतारा है। पिछली बार मैनपुरी से भाजपा के प्रेम सिंह शाक्य चुनाव लड़े थे, जिन्हें सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने हराया था। भाजपा मुख्यालय द्वारा जारी सूची के मुताबिक बलिया में वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को प्रत्याशी घोषित किया गया है। वह वर्तमान में राज्यसभा सांसद भी हैं। इसी तरह इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया गया है। फूलपुर में वर्तमान सांसद केशरी देवी पटेल का टिकट काटकर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। कौशांबी सुरक्षित सीट पर वर्तमान सांसद विनोद सोनकर और मछलीशहर के वर्तमान सांसद बीपी सरोज को दोबारा चुनाव मैदान में उतारने का फैसला लिया गया है। पार्टी ने अभी पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं।

**भाजपा ने मैनपुरी के साथ सौतेला व्यवहार किया : डिंपल**

**मैनपुरी।** मैनपुरी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की प्रत्याशी डिंपल यादव ने बुधवार को चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। किशनी विधान सभा के ग्राम पंचायत इलाबास पहुंच कर सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। भाजपा नेता यह क्यों नहीं बताते कि सरकार में विकास के नाम पर जिले में क्या किया है। भाजपा सरकार में मैनपुरी के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि इस बार भी मैनपुरी नेताजी को ही सम्मान देगी। मैनपुरी के लोगों ने नेताजी के विकास को देखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नफरत फैलाने का काम करती है।

## खबरें एक नजर में

**अवैध वाहनों के खिलाफ चला अभियान, दो वाहन सीज**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के चारबाग डिपो के अधिकारियों ने बुधवार को निगम को आर्थिक रूप से क्षति पहुंचा रहे डग्गामार अवैध वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। विभाग ने इस दौरान दो वाहनों को सीज किया है। पीटीओ मनोज कुमार भारद्वाज, चारबाग डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत दीक्षित, रूपेश कुमार ने डग्गामार वाहनों के खिलाफ संयुक्त अभियान के दौरान नाका, रेलवे स्टेशन के सामने टाटा पिकप यूपी44-टी7613 एवं इको गाड़ी यूपी32-एनआर9391 को सवारी भरते हुए पकड़ा। ये दोनो वाहन कानपुर जाने के लिए सवारी भर रहे थे। इन वाहनों को सीज कर चारबाग बस स्टेशन में खड़ा कर दिया गया। साथ ही इन वाहनों में सवार समस्त यात्रियों को उनके गंतव्य तक परिवहन निगम की बसों से भेज दिया गया। इस दौरान परिवहन निगम के स्टेशन इंचार्ज लायका खातून, मो अजीम, मो रिजवान, विवेक मिश्रा एवं अन्य कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर सहयोग प्रदान किया गया।

**प्रमोद तिवारी, ने ईद पर मुसलमान भाईयों को दी मुबारकवाद**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा एवं आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उत्तर प्रदेश ने ''ईद'' के मुबारक मौके पर प्रदेश वासियों को, विशेष रूप से मुसलमान भाईयों को दिली मुबारकवाद दिया है, और कहा है कि रमजान के मुकद्दस महीने के बाद ईद-उल-फितर ढेर सारी खुशियां, आपसी भाईचारा और कौमी एकता का संदेश लेकर आती है। नेता द्वय ने इस मुबारक मौके पर परवरदिगार से दुआ करते हुए कहा है कि हमारे मुल्क के लोगों में आपसी भाईचारा, प्रेम एवं सौहार्द का वातावरण सदैव बना रहे, तथा चारों तरफखुशियों ही खुशियों हों और साम्प्रदायिक ताकतों का समूल नह हो। नेता द्वय ने एक बार पुन: ईद-उल-फितर के मुबारक मौके पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये उज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की है।

**होटल में बीकॉम छात्र ने की आत्महत्या, फंदे से लटकी थी बॉडी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल में 21 साल के युवक ने रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। होटल के मैनेजर ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को कमरे से एक शराब की बोतल भी मिली है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के कानपुर रोड गौरी बाजार में संतोष कुमार रावत परिवार संग रहते हैं। संतोष का बेटा आर्यन कुमार (21) बीते मंगलवार की सुबह घर से निकला था और करीब 11 बजे बिजनौर इलाके के मुल्लाहीखेड़ा नटकुर में स्थित एसएस पैलेस होटल में अकेले आकर रुका था। देर शाम तक कमरे से बाहर न निकलने पर होटल के स्टाफ ने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर स्टाफ ने मैनेजर को बताया। इसके बाद मैनेजर ने डायल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो आर्यन का शव पंखे के सहारे रस्सी से लटक रहा था। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि अभी तक परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाए हैं। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बेटी संग टेंपो से जा रही महिला की चेन चोरी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुशांत गोल्फ सिटी के महिपाल खेड़ा, अर्जुनगंज में गुड्डी देवी परिवार संग रहती हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे अपनी बेटी के साथ गोसाईगंज मार्केट जाने के लिए अर्जुनगंज से एक विक्रम टैक्सी में बैठीं। इस बीच अहिमामऊ से चार महिलाएं और एक लड़की भी उसी टेंपो में बैठ गईं। कुछ दूर आगे चलने पर वही महिलाएं उन्हें परेशान कर रही थीं और कुछ देर बाद झिलझिला मोड़ पर चारो महिलाएं उतर कर चली गईं। इसके बाद गले में सोने की चेन चेक करने पर गायब थी। जिसके बाद टैक्सी चालक ने झिलझिला मोड़ पर दोबारा जाकर महिलाओं के बारे में पता किया, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। गुड्डी देवी का कहना है कि उन्हें पूरा शक है कि उन्हीं चार महिलाओं ने उनकी चेन चोरी कर भाग गई हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**मायावती आज महाराष्ट्र में करेंगी चुनावी जनसभा**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती देश में 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए हो रहे आम चुनावों के दौरान अपने उम्मीदवारों के समर्थन गुरुवार को महाराष्ट्र के नागपुर में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगी। पार्टी की ओर से बुधवार को जानकारी दी गयी है कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत मायावती की यह चुनावी जनसभा नागपुर के इंदौरा क्षेत्र स्थित बेजोन बाग मैदान में दोपहर को आयोजित की जाएगी। 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' व्यापक हित व कल्याण के लिए इस लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन न करके अकेले दम पर पार्टी के ईमानदार कार्यकर्ता और जनता के सहयोग से लड़ रही है।

**टहलते समय हार्ट अटैक से दरोगा की मौत**

**लखनऊ/एटा, समृद्धि न्यूज।** यूपी के एटा में बुधवार सुबह टहलते समय हार्ट अटैक से दरोगा की मौत की हो गई। दरोगा की मौत से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का बुरा हाल है। सहकर्मी और अधिकारी पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते रहे। कोतवाली प्रभारी सत्यपाल सिंह के मुताबिक 55 वर्षीय एसआई सुरेंद्र शर्मा जिले के सकीट कोतवाली में तैनात थे। वह मूल रूप से बुलंदशहर जिले के अनूपशहर थाना क्षेत्र के रुपवास गांव के रहने वाले थे। सुबह वह थाना परिसर में टहल रहे थे। अचानक तबीयत बिगड़ी। वह टहलते-टहलते गिर गए। आसपास मौजूद लोगों ने देखा तो भागकर पहुंचे।

# यूपी की सभी 80 सीटें जीतने जा रही बीजेपी

**जिसका कोई विजन नहीं, वह जनता को क्या विजन देगी : ब्रजेश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर मीडिया से वार्ता में कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव आज पार्टी का विजन डॉक्यूमेंट पढ़ रहे थे। मुझे समझ नहीं आया जिस पार्टी का कोई विजन ही नहीं है, वह जनता के लिए क्या विजन देगी। उनकी दृष्टि और दृष्टिकोण केवल और केवल परिवार की उन्नति और प्रगति तक ही सीमित है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि इंडियन परिवार लीग में सबसे ज्यादा मैच हार चुकी टीम के मुखिया द्वारा जारी विजन डॉक्यूमेंट में लिखी बातें किसी भी सूरत में सपा की नीतियों से मेल नहीं खाती हैं। सपा मुखिया अपनी करारी हार के डर से मैदान से बाहर हैं। वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। इनके चचा भी मैदान से बाहर हो लिये हैं। ये जनता से किये गए धोखे का विजन लिए घूम रहे हैं, जिसमें माफ़ियाराज, गुंडाराज की वापसी की बात प्रमुख है।श्री पाठक ने कहा कि अखिलेश को जब खुद्द अपने कैंडिडेट पर ही एतबार नहीं है, कुछ घंटों में टिकटें बदल दे रहे हैं, तो वे जनता से किए वादे कैसे निभा पायेंगे। इनका विजन और मिशन प्रदेश को लूटना है, संसाधनों पर डाका डालकर अपने परिवार का ही विकास करना है। इनका पीडीए परिवार डिवलपमेंट अथॉरिटी ही है। उन्होंने बोला कि, उत्तर प्रदेश ने 2012-17 के दौरान इनकी सरकार का शासन देख लिया है। इनसे ऊबकर प्रदेश की जनता ने भाजपा को चुना है, क्योंकि मोदी के नेतृत्व में भारत की तरक्की देखी। यूपी में योगी के नेतृत्व में दूसरी बार सरकार जनता के आशीर्वाद से ही बनी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, इन्होंने सबको सुरक्षा की बात कही है इनकी सरकार में वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया का कल्चर था। माफ़िया इनकी गाड़ी में घूमा करता था। इन्होंने बहू-बेटियों की सुरक्षा की बात कही है। प्रदेश की जनता यह भूली नहीं है कि प्रदेश में क्या माहौल था। बहू-बेटियाँ घरों से निकलने में डरती थी।श्री पाठक ने कहा कि यह कहावत आम हो चली कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा उसमें बैठा बड़ा सा गुंडा। इन्होंने नौकरियों की लूट की, इन्होंने जमीनों की लूट की, इन्होंने दवाइयों की लूट की थी।

अपने शासन में ये जनता का राशन खा गये थे। गुंडों, माफियाओं, भूमाफियों को मंत्री बनाते रहे हैं, सांसद और विधायक बनाते रहे हैं। इनका हित माफ़िया से जुड़ा है। ये जनहित की बात नहीं कर पायेंगे। भाजपा सरकार में मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में अमन, चौन कायम है। गरीब की सुनवाई मोदी के राज में ही संभव है। सपा मुखिया किसान हित की क्या बात करेंगे, जिन्होंने गन्ना मिल मालिकों से गठजोड़ कर सौदेबाजी की, घटतौली कराई, पर्ची स्कैम किया। मोदी और योगी की सरकार में गन्ना मूल्य तो बढ़ा ही, किसानों को रिकॉर्ड समय में भुगतान किया है। इनकी सरकारों का भी बकाया भाजपा सरकार में चुकाया गया है। हर भारतीय उनके परिवार का अभिन्न हिस्सा है। मोदी के नेतृत्व को जनता का आशीर्वाद है। अबकी बार 400 पार होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटें भाजपा जीतने जा रही है।

**मोदी ने दिया किसानों को मान और सम्मान**

श्री पाठक ने कहा कि, हम जो कहते हैं वो करते हैं। हमने 370 को समाप्त किया, हमने ट्रिपल तलाक को खत्म किया, सीएए लागू किया। देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा के मुद्दे पर हमारी नीति स्पष्ट रही । गरीब कल्याण की दर्जनों योजनाएँ लागू की। मोदी ने गरीबों को पक्की छत दी, उन्हें शौचालय की सुविधा, मुफ्त गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, मुफ्त राशन की सुविधा, 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवर के रूप में आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया है। किसानों को मान और सम्मान देने का काम मोदी ने किया है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का पवित्र काम मोदी ने किया है। किसान सम्मान निधि, खाद सब्सिडी, बीज सब्सिडी, फ़सलों पर डेढ़गुना एमएसपी देने का काम मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि, मोदी ने हर व्यक्ति को मान, सम्मान के साथ स्वाभिमान से जीने का अवसर देने का काम किया है।मोदी के प्रति हरभारतीय के मन में सम्मान है।

# ब्रजेश पाठक को गोपाल राय के नेतृत्व में 54 दलों ने भाजपा को दिया समर्थन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बुधवार को राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से रजिस्टर्ड 54 दलों द्वारा गठित विकसित भारत संकल्प महासंघ के संयोजक गोपाल राय द्वारा आज सभी अध्यक्षों के साथ डिप्टी सी.एम् ब्रजेश पाठक को सभी 54 दलों का समर्थन सौंपा। उक्त अवसर पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि आप सभी लोग पुनः मोदी जी को प्रचंड बहुमत से जिताए यह याद रहे कि 100 प्रतिशत मतदाताओं को अपने मताधिकारी का प्रयोग अवश्य करवाए फिर एक बार मोदी सरकार को बनाकर विकसित भारत को बनाने में योगदान अवश्य होना चाहिए।

उक्त अवसर पर राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विकसित भारत संकल्प महासंघ के संयोजक गोपाल राय ने कहा कि हमारी पार्टी आरकेएसपी 2003 में पंजीकृत हुई अब तक कुल 90 लोक सभा व 128 विधान सभा देश के 18 राज्यों में चुनाव लड़ा चुकी है वर्तमान में देश हित में हम सभी लोगों ने मोदी जी का मंत्र सबका साथ सबका विश्वास एवं धारा 370 व तीन तलाक जैसे मुद्दे व उत्तर प्रदेश में योगी जी द्वारा अपराधियों व भूमाफ़ियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने से हम सभी भाजपा को समर्थन दे रहे है।

**विपक्ष पूरी तरह से दिशाहीन उनके पास कोई एजेंडा नहीं**

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दावा किया कि विपक्ष पूरी तरह से दिशाहीन है, भाजपा प्रदेश में सभी 80 सीटें भाजपा जीतेगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि भाजपा पूरे देश और उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रही है, हमारा एक-एक कार्यकर्ता काम कर रहा है। भाजपा की लहर है। उत्तर प्रदेश में 80 सीटें भाजपा जीतेगी। विपक्ष पूरी तरह से दिशाहीन है, उनके पास कोई एजेंडा नहीं है। बता दें कि भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। पिछले आम चुनाव में राज्य में भाजपा का वोट प्रतिशत भले ही बढ़ा हो लेकिन सीटों की संख्या कम हुई है। 2014 में भाजपा ने यूपी की 80 में से 71 सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन 2019 में सीटों की संख्या घटकर 62 रह गई थी।

# ईद-उल-फितर पर्व पर कमिश्नरेट पुलिस ने किए मजबूत प्रबंध

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी की कमिश्नरेट पुलिस ने ईद-उल- फितर पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए मजबूत सुरक्षा प्रबंध किए है। जिले भर की 1014 मस्जिदों व ईदगाहों पर नमाज अदा होगी। कमिश्नरेट पुलिस की माने तो चन्द्रदर्शन के अनुसार बीते तेरह मार्च से इस्लामिक माह रमजान प्रारम्भ है। गुरुवार को ईद-उल- फितर पर्व मनाया जायेगा।इस मौके पर शिया एवं सुन्नी समुदाय के लोगों द्वारा बड़ी संख्या में मस्जिदों में एकत्र होकर नमाज अदा की जायेगी।

इसमें मुख्य रूप से जनपद में पड़ने वाली प्रमुख मस्जिद टीले वाली मस्जिद थाना क्षेत्र चौक और बड़ा इमामबाड़ा आसिफी मस्जिद चौक व ऐशबाग ईदगाह थाना बाजारखाला पर सबसे अधिक संख्या में शिया व सुन्नी समुदाय के लोग नमाज अदा करने पहुँचते हैं।जिसको लेकर तीनों स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाई गई है। ताकि इस दौरान शांति और सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे। गुरुवार को ईद-उल-फितर के मौके पर होने वाली नमाज के मद्देनजर जिले में पड़ने वाली कुल 1014 मस्जिदों व ईदगाहों पर सकुशल नमाज सम्पन्न कराने के लिए लखनऊ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए पुख्ता इन्तेजाम किये हैं। सुरक्षा को लेकर एक पुलिस उपायुक्त और एक अपर पुलिस उपायुक्त और चार सहायक पुलिस आयुक्त तथा 41 निरीक्षक और दो सौ उपनिरीक्षक तथा दस महिला उपनिरीक्षक और आठ सौ मुख्य आरक्षी और आरक्षी तथा 150 महिला आरक्षी और 03 कम्पनी पीएसी तथा 02 टीम ड्रोन कैमरा और छह घुड़सवार पुलिस और 79 क्लस्टर मोबाइल और 13 क्यूआरटी टीम की तैनाती की गई हैं । लखनऊ पुलिस के जिम्मेदारों की माने तो नमाज ड्यूटी के दौरान नागरिक सुरक्षा संगठन और लखनऊ के वालेंटियर्स का भी सहयोग लिया जायेगा ताकि किसी प्रतिकूल परिस्थिति में आपसी सामंजस्य स्थापित किया जा सके। इसके अलावा उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय ने 02 अपर पुलिस अधीक्षक और 04 पुलिस उपाधीक्षक तथा 04 कम्पनी पीएसी और 02 कम्पनी आरआरएफ तथा 04 कम्पनी अर्द्धसैनिक बल जिसमें 01 आरएएफ और 01 बीएसएफ तथा 01 सीआरपीएफ एवं 01 असम सशस्त्र बल उपलब्ध कराया गया हैं।

**पत्नी से छेड़छाड़ का बदला लेने के लिए किया हमला दो आरोपी गिरफ्तार**

**लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र में कॉस्मेटिक दुकानदार पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने दो हमलावरों को गिरफ्तार करने का दावा किया हैं। पुलिस ने दोनों के पास से घटना में प्रयुक्त दो डंडे बरामद कर जेल भेज दिया हैं। डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीती सात अप्रैल को रायबरेली जनपद के रहने वाला गोविंद कुमार 25 वर्ष नगराम थाना क्षेत्र में स्थित छतौनी मार्केट में स्थित सिंह कॉम्पलेक्स में कॉस्मेटिक की दुकान चलाता हैं। दुकान से कुछ दूर पहुंचते ही उस पर दो युवकों ने लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर मरणासन्न की हालत में छोड़कर भाग गए थे। घायल गोविंद की तहरीर पर नगराम पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। बुधवार को नगराम थाना प्रभारी विवेक कुमार, एसएसआई चंद्र भानु वर्मा ने अब्बास नगर पुलिया के पास से दो युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम नन्हकू उर्फ शिवराम और फूल सिंह निवासी छतौनी थाना नगराम बताया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी नन्हकू उर्फ शिवराम ने बताया कि उसकी पत्नी एक हफ्ते पहले गांव में लगने वाले मेला में घूमने गई थी।

# प्रवर्तन एजेन्सियां व उड़नदस्ते मुस्तैद, जब्त हो रही शराब

**13455.90 लाख की शराब, ड्रग, मुफ्त उपहार व नकदी जब्त**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

सीईओ ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 09 अप्रैल त 13455.90 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2244.44 लाख रुपये नकद धनराशि, 3211.01 लाख रुपये कीमत की शराब, 5059.39 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 1806.08 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1134.98 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 09 अप्रैल को 140.01 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 21.38 लाख रुपये नकद धनराशि, 58.07 लाख रुपये कीमत की 21141.06 लीटर शराब, 60.56 लाख रुपये कीमत की 230986.10 ग्राम ड्रग जब्त की गयी। 09 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में आजमगढ़ की अतरौलिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 33.75 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 134900 ग्राम ड्रग तथा बांदा की नरैनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 15.65 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 61625 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

**निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन**

**लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1837 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 09 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3947 शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 21,48,229 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 14,35,162 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 5268 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 5466 कारतूस, 2144.5 किलोग्राम विस्फोटक व 268 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 1806 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 91 केन्द्रों को सीज किया गया। 09 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 03 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 73698 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। साथ ही 246 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 217 कारतूस, 78 किलोग्राम विस्फोटक व 8 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 172 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 03 केन्द्रों को सीज किया गया।

**ताकत** | **चुनाव आयोग की शक्तियों को मान्यता दिलाने के लिए सरकार से अड़े शेषन**

# पूर्व सीईसी टीएन शेषन ने लोगों बताई चुनाव आयोग की ताकत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने चुनाव आयोग की असली ताकत देश के नागरिकों और सियासी पहलवानों को बताई। आयोग के लिए फिट लेकिन सियासत में वे अनफिट रहे। वे रिटायरमेंट के बाद चुनाव लड़े लेकिन हार गए। टीएन शेषन ऐसी शख्सियत रहे जिन्होंने रसूखदारों को भी नहीं बख्शा। जिम्मेदारी ऐसी निभाई की इलेक्शन कमीशन क्या होता है, क्या राइट्स होते हैं ,ये सबको पता चल गया। टीएन शेषन का पूरा नाम तिरुनेल्लई नारायण अय्यर शेषन था। वे बहुचर्चित एडमिनिस्ट्रेटर थे और इमानदार शख्सियत के मालिक। ऐसे चुनाव आयुक्त जिनसे पक्ष हो चाहें विपक्ष का नेता वो कांपता था। 1990 से 1996 तक भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे। 1990 में जिम्मेदारी संभालने के बाद एक इंटरव्यू में कहा था, आई ईट पॉलिटिशियन इन ब्रेकफास्ट मतलब मैं नाश्ते में राजनीतिज्ञों को खाता हूं। शेषन से जुड़े कई किस्से हैं। एक ऐसे अफसर जो समय के पाबंद थे, सफाई पसंद भी। उन्होंने चुनाव में फैले भ्रष्ट रवैए को साफ किया। उनके कार्यकाल को चुनाव आयोग का स्वर्णिम काल कहा जाता है। शीर्ष अदालत भी उनका लोहा मानता है। 2022 में तो कोर्ट ने अपने एक ऑब्जर्वेशन में कहा भी था, अनेक मुख्य निर्वाचन आयुक्त हुए हैं, लेकिन टीएन शेषन एक ही हुए हैं।

बतौर चुनाव आयुक्त शेषन ने अपनी पावर का बखूबी और सही प्रयोग किया। 12 दिसम्बर 1990 से लेकर 11 दिसम्बर 1996 तक के कार्यकाल में किसी को नहीं बख्शा। चाहें वो सरकार में हो या विपक्ष में। उन्होंने शीर्ष नेताओं को नाकों चने चबवा दिए। हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल गुलशेर अहमद, राजस्थान के तत्कालीन राज्यपाल बलिराम भगत, कल्पनाथ राय और यहां तक की प्रधानमंत्री नरसिंहा राव तक का नाम शामिल है। शेषन जिद्दी भी थे और धुन के पक्के भी। चुनावी प्रक्रिया में धांधली बर्दाश्त नहीं थी। लंबे समय से फर्जी वोटरों को रोकने की गुहार सरकार से लगाते रहे लेकिन खर्चे का रोना रो उनकी कही को टाला जाता रहा। जिद पर अड़े शेषन कहां हार मानने वाले थे।

शेषन ने कहा था, अगर मतदाता पहचान पत्र नहीं बनाए, तो देश में कोई चुनाव नहीं होगा। अड़े रहे कि अगर सरकार फोटो वाले मतदान पहचान पत्र लाने में देर करती रहेगी तो वो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के नियम 37 को लगाएंगे जिसमें चुनावों की तारीख आगे बढ़ाने या फिर कैंसिल कराने की बात थी। इसके बाद 1993 में देश में वोटर आईडी की शुरुआत हुई। 2 अगस्त, 1993 को टीएन शेषन ने एक 17 पेज का आदेश जारी कर प्रणब मुखर्जी की फ़जीहत करा दी। प्रणब दा मंत्री थे लेकिन किसी भी सदन के सदस्य नहीं। पश्चिम बंगाल से राज्यसभा के लिए चुने जाने का रास्ता साफ था। लेकिन शेषन के 17 पेज वाले आदेश ने सबके दांत खट्टे कर दिए। उन्होंने कह दिया जब तक सरकार चुनाव आयोग की शक्तियों को मान्यता नहीं देती, तब तक देश में कोई चुनाव नहीं कराया जाएगा। लिखा- चुनाव आयोग ने तय किया है कि उसके नियंत्रण में होने वाला हर चुनाव जिसमें दो साल पर होने वाले राज्यसभा चुनाव, लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव जिनके कराने की घोषणा की जा चुकी है, अगले आदेश तक स्थगित रहेंगे।

**नशीले इंजेक्शन के ओवरडोज से युवती की हुई थी मौत, आरोपी गिरफ्तार**

**लखनऊ।** चिनहट इलाके में नशीले इंजेक्शन की ओवरडोज से न्यू हैदराबाद निवासी युवती की मौत हो गई। साथी युवक उसे लोहिया अस्पताल में छोड़ भाग गया था। मृतका की ने इलाके में रहने वाले विवेक मौर्या पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। डीसीपी ने बताया कि मुस्कान (18) मूलतरू बहराइच की हजूरपुर की रहने वाली थी। वह परिवार के साथ यहां न्यू हैदराबाद में किराए पर रहती थी। मां शांति ने बताया मोहल्ला में रहने वाला विवेक मौर्या उनकी बेटी को अपने साथ ले गया था। नशे के इंजेक्शन की ओवरडोज देने के कारण बेटी की मौत हो गई थी। तब आरोपी उसकी बेटी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया था।

# राजधानी की विभिन्न शिया मस्जिदों में अदा की गई ईद उल फित्र की नमाज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की विभिन्न शिया मस्जिदों में आज बुधवार को ईद उल फित्र की नमाज अदा की गई। मौलाना सैफअब्बास के ऐलान के बाद बड़ी तादाद में शिया मुसलमानों ने ईद उल फित्र की नमाज पढ़ी। ईद उल फित्र के चांद की तस्दीक को लेकर बुधवार की रात अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। शिया मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने देर रात चांद की तस्दीक करते हुए बुधवार को ईद मनाने का ऐलान कर दिया था।

वही वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने बृहस्पतिवार को ईद मनाने की बात कही थी। मौलाना सैफ अब्बास के ऐलान के बाद आज लखनऊ के विभिन्न शिया मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई मौलाना सैफ अब्बास ने तहसीन गंज की जामा मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ाई। इस दौरान मौलाना ने अपने खुतबे में कहा कि हम लोग अयातुल्लाह आगा सीस्तानी के निर्देश को मानते हुए आज ईद मना रहे हैं। मौलाना ने कहा कि हम सभी लोगों के लिए जरूरी है कि हम अल्लाह के महीने से निकलकर आए हैं मगर हमें साल भर गुनाहों से बचना चाहिए और सभी लोग फित्रा अदा कर दें, फित्रा अदा करने में किसी भी तरीके की लापरवाही ना करें। तहसीनगंज जामा मस्जिद, दरगाह हजरत अब्बास समेत कई मस्जिदों में लोगों ने ईद की नमाज पढ़ी। अमौलाना कल्बे जव्वाद ने कल ही मौलाना सैफ अब्बास के ऐलान का विरोध करते हुए बुधवार रोजा रखने और बृहस्पतिवार को ईद मनाने का ऐलान किया था।

# ह्यूमपाइप खरीद में किया गया करोड़ों का भ्रष्टाचार

**रूपईडीह/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

एक तरफ योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। वहीं दूसरी तरफ सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति को नहीं समझते ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के द्वारा मिल कर ह्यूम पाइप खरीद में जमकर भ्रष्टाचार किया गया। जल निकासी के लिए शासन के द्वारा प्रतिवर्ष लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन ग्राम पंचायतों में अभिलेखों में ह्यूम पाइप की खरीद दारी कर धनराशि का भुगतान कर लिया जाता है। मामला विकासखंड रूपईडीह के 106 ग्राम पंचायतों से जुड़ा हुआ हैं। जहां पर

सभी ग्राम पंचायतों को मिलाकर लगभग करोड़ों रूपये ह्यूम पाइप की खरीद दारी अभिलेखों में की गई लेकिन धरातल से कोसों दूर है। इनमें से 70 प्रतिशत से अधिक ग्राम पंचायतों में अभिलेखों में खरीदारी दिखा कर धनराशि आहरण कर

**प्रकरण रूपईडीह के 106 ग्राम पंचायतों का**

लिया गया हैं। ग्राम प्रधान व सचिव सहित उच्च अधिकारियों के मिली भगत से करोड़ों रुपए के ह्यूम पाइप की खरीदारी कर जगह जगह लगाने का दावा भी किया जा रहा है। लेकिन धरातल पर कुछ और ही वास्तविकता दिखाई दे रहा है।

कई ग्राम पंचायत में ह्यूम पाइप



पड़े हुए हैं उन पर जगह जगह लगाने का भी मजदूरी का फर्जी भुगतान कर लिया गया है। ग्रामीण भी आवाज उठाते हैं, ब्लॉक के ग्राम पंचायत तेंदुवा चौखड़िया, देवारिया कला चौहट्टा बराहेमा, लाल नगर, पचरन, बभनीसराय, लोनवा दरगाह, रूपईडीह, पिपरा चौबे, बलूवा ककरा, तेलियानी पाठक, तिरेंमनोरमा, बलहीजोत, रज्जनपुर भवानीपुर खुर्द खरगूपुर डिंगुर सहित दर्जनों से अधिक गांवों में ह्यूम पाइप में भारी अनियमितता की गई है। टीम गठित कर अगर जांच कराई जाए तो भ्रष्टाचार का परतदर परत राज खुलकर बाहर आ जाएंगे। सरकार के द्वारा लगातार ग्राम पंचायतों में लोगों की सुख सुविधाओं के लिए अलग-अलग मद से बजट जारी कर गांव के विकास के लिए लगातार तत्पर है। लेकिन ग्राम पंचायत में प्रधान व पंचायत सचिवों की मिली भगत से भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगा पा रहा है वल्कि जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा शासन के नियमों को दरकिनार कर भ्रष्टाचार कर धनराशि आहरण किया गया है। जिसका जीता जागता हुआ उदाहरण रुपईडीह ब्लॉक में देखने को मिल रहा है जहां पर लगभग करोड़ों रुपए की ह्यूम पाइप कागजों में तो खरीद तथा लगाने पर श्रमिक भुगतान भी कर लिया गया लेकिन धरातल पर नहीं दिखाई पड़ रहा।

> जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे से इस संबंध में पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि जानकारी किया जाएगा की ह्यूम पाइप कार्य योजना में है कि नहीं है किस तरीके से खरीदा गया है जानकारी की जाएगी तथा उसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

> इस सम्बन्ध में खंड विकासधिकारी से भी फोन पर वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी नहीं है। थोड़ा टाइम दीजिए।

## गोंडा में सूचना विभाग ने पत्रकारों के विरोध में ऑफिस में लगाया ताला



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जब पत्रकार सूचना विभाग में पहुंचे तो वहां के चपरासी बाबूलाल ने कमरे में ताला लगाकर कहा सूचना अधिकारी ने ताला लगाने को कहा है आप लोगों को बैठना हो तो कहीं अन्यत्र बैठे बड़े ही खेत का विषय है गोंडा जिले में पत्रकारों के लिए सूचना विभाग के अलावा कोई और जगह उपलब्ध नहीं कराया गया विदित हो की सूचना संकुल बनने के लिए सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है किंतु लोकसभा चुनाव पड़ जाने के कारण अभी उसे और काम नहीं शुरू हो पाया है ऐसे में सूचना विभाग का पत्रकारों के प्रति दोस्त पूर्ण रवैया कहां तक जायज है इस बारे में कुछ भी कहना मुनासिब नहीं होगा वहां बैठने वाल पत्रकारों में संदेशवाहक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ ए आर उस्मानी, लोकभारती समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ प्रदीप कुमार तिवारी, कैरियर मार्गदर्शक न्यूज़ के ब्यूरो चीफ सुनील कुमार तिवारी एवं समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ नरेंद्र लाल गुप्ता इत्यादि लोग मौजूद थे।

# प्रधान ने सार्वजनिक स्थल से उखड़वाया हैंडपंप

## ग्रामवासी नहीं पा रहे हैं पीने के लिए पानी, जिम्मेदार अधिकारी मौन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

**रुपईडीह/**रुपईडीह के ग्राम पंचायत कुरासी में सरकारी हैंडपम्प को सार्वजनिक स्थल से 3 साल पहले प्रधान द्वारा उखड़वा कर रख दिया गया है। जिससे आम जनमानस को पानी पीने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने कई बार खंड विकासधिकारी से लेकर जनपद के उच्च अधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर जांच हुआ कार्रवाई की मांग की लेकिन ग्राम पंचायत सचिव व खंड विकास अधिकारी के मिली भगत के चलते हैंड पंप का मरम्मत ना हो सका इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि 106 ग्राम पंचायत में लगभग हैंड पंप रिबोर के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किया गया पर कई



ऐसे ग्राम पंचायत है जहां पर हैंडपंप का मरम्मत नहीं कराया जा सका जिसके नाम पर लाखों रुपए ग्राम पंचायत से निकाल लिए गए लेकिन यहां तो कुछ ऐसे ग्राम पंचायत है जहां पर आज तक ना तो खड़ंजा ना सोख्ता ना हैंडपंप ना रास्ता कुछ भी नहीं है लेकिन इसको देखने वाला कोई नहीं है जब इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से करो तो देख लेने की बात कहते हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं करते हैं हर एक ग्राम पंचायत में जांच करने के नाम पर खूब वसूली होती है लेकिन नाम न छापने के शर्त पर कुछ ग्राम प्रधानों ने बताया कि केवल जांच के नाम पर वसूली होती है।

इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ऐसी जानकारी नहीं है अगर ऐसा है तो जांच कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## घर से निकले चार नाबालिग बच्चे लापता, हड़कंप

**कटरा बाजार/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कटरा बाजार नगर पंचायत के मोहल्ला चरेरा निवासी नवल तिवारी ने बताया कि उनका लड़का आदित्य 14 वर्ष सोमवार से गायब है। वहीं नगर पंचायत कटरा के ही मुहल्ला पाठक पुरवा निवासी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बलदेव राज पासवान ने कहा कि उनके भी दो लड़के दिव्यांश व लवकुश भी सोमवार से ही लापता हैं। उन्होंने थानाध्यक्ष को बच्चों के गायब होने की सूचना दी है। ग्राम शाहजोत के मजरा अचल पुरवा निवासिनी राधा देवी पत्नी दिनेश कुमार गुप्ता ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि उनका पुत्र अवधेश कुमार उम्र 16 वर्ष सोमवार को दिन में 12 बजे कहीं लापता हो गया है। वह आधार संशोधन कराने की बात कहकर घर से निकला था। लापता बच्चों का कहीं पता नहीं चल सका है। जिससे परिजन काफी हैरान व परेशान हैं और खोजबीन कर रहे हैं। इस संबंध में जानकारी करने के लिए प्रभारी निरीक्षक से संपर्क करने पर उन्होंने बताया बच्चे बिना बताए अयोध्या दर्शन के लिए चले गए थे कंट्रोल रूम से जानकारी करने पर उनको वहां से बुलवाकर परिवार वालों को सौंप दिया गया है।

# धूमधाम से मनाया डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैम्युअल हैनिमैन का 270वां जन्मोत्सव

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

19 वें विश्व होम्योपैथी दिवस एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डा0क्रिश्चियन फेडरिक सैम्युअल हैनिमैन का 270 वां जन्मोत्सव मंडल स्तर पर स्थानीय टाऊन हाल मे भव्य स्तर पर धूमधाम के साथ मनया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा0अनिल कुमार मिश्र सदस्य राम जन्मभूमि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।उन्होंने अपने उदबोधन मे इस पद्धति के चमत्कारी गुणों पर व्यापक प्रकाश डालते हुये कहा कि होम्योपैथी के विकास के लिए इसके मूल सिद्धांतों के आधार पर चलते हुए शोध कार्यों




को बढावा देना होगा। पहली बार ऐतिहासिक व वृहद स्तर पर ऐसे कार्यक्रम की जनपद मे परंपरा व नीव डालने का सफल साहस करने वाली देबीपाटन मंडल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0अलका कपिल ने समारोह मे पधारे अतिथियों का स्वागत किया।उन्होंने कहा कि पूरे मंडल मे 60 राजकीय होम्योपैथी चिकित्सालय प्रतिवर्ष लाखों मरीजों को अपने जादुई पद्धति से लाभान्वित कर रहे है। समारोह के उद्घाटन सत्र मे डा0चंद्र गोपाल पाण्डेय ने डा0हैनीमैन के जीवन वृत्तांत पर चर्चा की।तत्पश्चात होम्योपैथी, आयुर्वेद व यूनानी पद्धति के दो दर्जन चिकित्साकर्मियों को राम जन्म भूमि कैम्प मे बेहतर सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वैज्ञानिक सत्र मे डा0एस पी दीक्षित,डा0अनुपम सिंह डा0मनोज वर्मा ने कई गंभीर वीमारियों पर अपने सफल अनुभवों को साझा किया।डा0रुचि पाण्डेय ने योग और होम्योपैथी पर रोचक तथ्यों को प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।सेवानिवृत्त कर्मी पवन तिवारी, यशपाल सिंह व भागीरथ को रामचरित मानस, अंगवस्त्र आदि प्रदान कर उनके अच्छे सेवाओं की सराहना की गयी।सर्वाधिक मरीज देखने के लिए बहराइच, गोण्डा व श्रावस्ती व ग्रामीण क्षेत्र मे कौडिया, भिनगा व बलरामपुर के कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था डा0जितेंद्र कुमार, फार्मेसिस्ट भरतलाल शुक्ल,राकेश सिंधी, विजय बहादुर अमन व राजकिशोर गुप्ता द्वारा संभाली गयी।

## खबरें एक नजर में

### डॉक्टर ने मरीज के तीमारदार से कहा अभी नहीं खाली है स्ट्रेचर



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले में स्वास्थ्य विभाग की पोल खोलते हुए तस्वीरें आए दिन सामने आती हैं।मेडिकल कॉलेज में अपनी मां का इलाज कराने आए युवक को डॉक्टरों ने ये कहकर स्ट्रेचर नहीं दिया कि अभी स्ट्रेचर नहीं हैं इलाज कराना है तो मां को गोद में ले जाओ।इसके बाद बेटा मां को गोद में ही उठाकर एक्स-रे कराने ले गया।जिसका एक वीडियो सोशल मिडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने जांच कराकर कार्यवाही करने की बात कही है।नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भदुआ तरहर गांव के रहने राम प्रताप अपनी 60 साल की बूढ़ी मां गायत्री देवी घर में नल पर जाते समय गिर गई थीं और उनकी कमर में चोट लग गई थी। राम प्रताप मां का इलाज कराने गोंडा मेडिकल कॉलेज लेकर आए।जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों और कर्मचारियों ने एक्स-रे कराने के लिए कहा।वही जब रामप्रताप ने डॉक्टरों से स्ट्रेचर पर ले जाने की बात कही तो डॉक्टरों और कर्मचारियों ने स्ट्रेचर देने से मना कर दिया।रामप्रताप का कहना है कि डॉक्टरों ने कहा कि अपनी गोद में ही उठाकर के लेकर जाइए यहां पर स्ट्रेचर नहीं है।डॉक्टरों के मना करने के बाद राम प्रताप ने मां को अपनी गोद में उठाया।तीन सौ मीटर दूर ले जाकर एक्स-रे कराया, तब जाकर डॉक्टरों ने गायत्री देवी का इलाज किया है।

**प्रिंसिपल ने दिये जांच के आदेश :-** गोंडा मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.धनंजय श्रीकांत कोटा स्थाने ने बताया कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर मिला है,जो मेरे संज्ञान में आया है।प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक गोंडा मेडिकल कॉलेज को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।पर्याप्त मात्रा में गोंडा मेडिकल कॉलेज में स्ट्रेचर उपलब्ध हैं। जांच कराई जा रही है।

### बीएड डिग्री धारकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** सोमवार की देर शाम को सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की 69000 शिक्षक भर्ती के सापेक्ष चयनित बीएड योग्यताधारी शिक्षकों को सुरक्षित कर दिया है सर्वोच्च न्यायालय ने गुड्डू सिंह की क्लेरिफिकेशन याचिका पर सुनवाई करते हुए पहले से चयनित और नौकरी कर रहे ध्वस्त शिक्षकों को वैध करार दिया है सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में चयनित बीएड शिक्षकों की जीत के उपरांत गांधी पार्क गोंडा में बीएड शिक्षकों ने एकत्र होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की इस अवसर पर यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह द्वारा बी एड लीगल टीम देवीपाटन मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार तिवारी एवं यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन के संरक्षक हेमंत कुमार तिवारी राजन सिंह अरुण मिश्रा ने शिक्षकों को मिठाई खिलाकर बी एड डिग्री धारकों को बधाई दी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर विपिन मिश्रा नीलकमल मिश्रा, गौरव पाठक, अभिषेक पाण्डेय, अरविन्द सिंह, शैलेन्द्र सिंह एवं अन्य बी एड शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## फूस के रिहायसी मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग

### गृहस्थी का सारा समान जलकर हुआ खाक



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पुरैना के मजरा बेचई पुरवा निवासी रामदीन पुत्र शीतल प्रसाद के छप्पर में बीती रात आग लग गई।पुलिस को दिए तहरीर में पीड़ित ने बताया है कि बीती रात उसके छप्पर के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई ,जिससे घर में रखा हुआ पच्चीस हजार नकदी सहित,कपड़े,बर्तन,बिस्तर,सिलाई मशीन,पानी चलाने वाला पाइप सहित सारा समान जल गया।

# क्षेत्र और ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ सांसद ने की बैठक

> बैठक में बोले बृजभूषण सिंह पार्टी और कार्यकर्ता हमारे साथ, जरूर मिलेगी सफलता

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह बुधवार को जरवल में क्षेत्र और ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओ और पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भरम नहीं है पार्टी और आप सभी लोग मेरे साथ हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे कैसरगंज से तीन बार रह चुके सांसद बृजभूषण शरण सिंह के जरवलरोड बाजार पहुंचने पर ब्लॉक प्रमुख जरवल विपेंद्र प्रताप के आवास पर स्वागत किया गया।

फूल-माला और स्वागत सत्कार से अभिभूत सांसद ने कहा कि कैसरगंज की जनता से जन्म जन्मांतर का हमारा नाता है। सांसद के द्वारा उपस्थित जनसमूह को भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद योगी मोदी जिन्दाबाद के गगनचुंबी उद्घोष के साथ एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प दिलाया गया। सांसद ने उपस्थित महिलाओं युवाओं एवं अन्य सभी लोगों से मिलकर हाल-चाल पूछा और ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र सिंह के द्वारा फूलों की बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया गया।



### विभिन्न स्थानों पर हुआ भव्य स्वागत

लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह का बुधवार को विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।इसके पश्चात लोगों से रूबरू होते हुए मोनू मिश्र के चाचा के निधन पर शोक संतृप्त स्वजनों से मुलाकात की। जरवल रोड से कैसरगंज जाते समय, बरवलिया, जरवल, अचेहरा होते हुए कैसरगंज तक कई जगहों पर संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया और लोगों के सुख-दुख में शामिल होते हुए आम जनमानस से रूबरू हुए, ग्राम पंचायत बरौलिया में राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रधान संघ अध्यक्ष जगन्नाथ सिंह 'पप्पू', प्रधान अट्ठैसा असलम कुरैशी, प्रधानप्रतिनिधि परसा मुख्तार, प्रधान मीरगंज असलम खां, रोहित सिंह, व सीम मंसूरी के साथ हजारों की संख्या में ग्राम वासियों ने उन्हें फूल मालाओं से भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। सांसद कैसरगंज ने वहां पर उपस्थित लोगों का कुशलछेम पूछते हुए हाल-चाल जाना।

### बृजभूषण सिंह लगातार छह बार से है सांसद

लोकसभा चुनाव मे विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों को मजबूती से चुनाव लड़ा रही है।वही लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से अभी तक किसी पार्टी द्वारा अपना प्रत्याशी घोषित न किए जाने से आम जनमानस में संशय बरकरार है, आपको बताते चलें बृजभूषण शरण सिंह छह बार के सांसद है, पांच बार भारतीय जनता पार्टी से व एक बार समाजवादी पार्टी से सांसद रह चुके हैं, इस बार वह सातवीं बार और लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से चौथी बार मैदान में है,जबकि अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से कोई भी औपचारिक रूप से अपना प्रत्याशी अधिकृत नहीं किया है, जबकि प्रशासन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपनी सभी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करते हुए अपने चाक चौबंद व्यवस्था से भरपूर नजर आ रहा है और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर नजर बनाए है।

# अखिलेश के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं देश में है न्यायपालिका : दया शंकर

> राज्य मंत्री बोले राममंदिर बनने से देश के करोड़ों लोगों का सपना हुआ पूरा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री दया शंकर मिश्रा बुधवार को जिले के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर सैकड़ों वर्षों का सपना था मंदिर बनने से करोड़ों लोगों का वो सपना पूरा हुआ है। पयागपुर विकास खंड के खुटेहना में कार्यक्रम में शामिल होने आए राज्य मंत्री ने बीते दिनों सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उनके घर पहुंच कर मौत की जांच की मांग वाले बयान पर प्रतिक्रिया दी। राज्यमंत्री ने



कहा कि उनके सर्टिफिकेट की किसी को जरूरत नहीं है। कानून अपना काम कर रहा है, देश में न्यायपालिका है और सभी अपना काम कर रहे हैं। मंत्री दयाशंकर ने कहा कि इस बार हम चार सौ से अधिक सीटें जीतने जा रहे हैं। काशी भी इतिहास रचने जा रहा है , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार काशी से देश में सबसे अधिक मतों के अंतर से जितने जा रहे है। यह सब बात मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कही। इस दौरान जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, अखंड प्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### खुटेहना में सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन आयोजित



**पयागपुर।** अशोक नगर खुटेहना स्थित बनवारी देवी इंटर कालेज में सोशल मीडिया वालंटियर का सम्मेलन आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु रहे। प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र की संयोजकता में आयोजित शोशल मीडिया वालेंटियर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि दयाशंकर मिश्र ने कहा कि सभी लोग जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करें।बीतें 10 वर्षों में दी गयी जनसुविधाओं को जन जन तक पहुंचाए। कार्यक्रम को विधायक अनुपमा जायसवाल,सुभाष त्रिपाठी,लोकसभा प्रत्याशी आनंद गौंड, एमएलसी,प्रज्ञा त्रिपाठी,बलहा विधायक सरोज सोनकर,नानपारा रामनिवास वर्मा सहित जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने सम्बोधित किया।इस अवसर पर सोशल मीडिया,आई टी विभाग प्रमुख सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

> जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करें : दयाशंकर

# शिशु में खतरे के शुरुआती लक्षणों से रूबरू हुए स्वास्थ्य कार्यकर्ता

> होम बेस्ड न्यू बोर्न केयर थर्ड राउंड में 250 आशा कार्यकर्ता प्रशिक्षित
> आधुनिक देखभाल से नवजात को मिलेगा सेहत का आशीष

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जीवन के शुरुआती एक हज़ार दिन शिशुओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान शिशु में खतरे के शुरुआती लक्षणों की पहचान , उचित देखभाल और सही पोषण की जानकारी शिशुओं को स्वस्थ रखने में मददगार बनती है। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं को होम बेस्ड न्यू बोर्न केयर थर्ड राउंड के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। अचल प्रक्षिक्षण केंद्र में चल रहे पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ताओं को शिशु में खतरे के शुरुआती लक्षण और घर पर देखभाल के तरीके सिखाये गए। प्रशिक्षण का संचालन कर रहे डीसीपीएम मो0 राशिद ने बताया बीमार शिशुओं के लक्षणों की पहचान के लिए आशा कार्यकर्ताओं को तापमान नापने के लिए डिजिटल थर्मामीटर , वजन मशीन, साँसों की गिनती के लिए डिजिटल घड़ी, शिशुओं को लपेटने का तरीका सिखाने के लिए कंबल, टार्च , माँ को ऊपरी आहार देने के तरीकों को सिखाने के लिए कटोरी चम्मच दिया गया है। इसका उपयोग आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण के दौरान नवजात शिशु की देखभाल के लिए करती हैं। प्रशिक्षक चंदरेश्वर पाठक ने बताया कि संक्रमण न हो इसके लिए शिशु को छूने से पहले हाथों को साबुन पानी से अच्छी तरह साफ करना चाहिए । इसके लिए उन्होने आशाओं को सुमन-क के तरीके से हाथ धुलने के सभी आठ चरणों के बारे में जानकारी दी और इन तरीकों को माँ व परिवार के सदस्यों को सिखाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कम वजन (2500 ग्राम से कम) के जन्मे शिशुओं में संक्रमण होने की ज्यादा संभावना होती है। ऐसे शिशुओं की गर्माहट बनाए रखने के लिए केएमसी और अधिक बार माँ का दूध पिलाना चाहिए । स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी व प्रशिक्षक जुगुल किशोर चौबे ने नवजात शिशु को कंबल में लपेटने का तरीका व एक मिनट में साँसों की गिनती करने का तरीका सिखाया।

उन्होने बताया शिशुओं में तेज सांस गंभीर संक्रमण का एक लक्षण है। इसके लिए एक मिनट में शिशु द्वारा ली गयी सांसों की गिनती ली जाती है । उम्र के अनुसार सांस तेज होने पर शिशुओं को तत्काल अस्पताल ले जाने की जरूरत होती है। उन्होने बताया जन्म से छह माह की आयु के शिशुओं को सिर्फ माँ का दूध देना चाहिए ऊपर से पानी भी नहीं और छह माह की आयु पूरी होने पर शिशु को कटोरी - चम्मच से स्तनपान के साथ-साथ ऊपरी आहार खिलाना चाहिए । जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि जनपद की 250 आशाओं को 09 अलग-अलग बैचों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। एक बैच में 30 आशाओं को प्रशिक्षित किया जाता है । अभी तक आठ बैच का प्रशिक्षण हो चुका है।



### शिशुओं में तेज सांस

शून्य से 59 दिन - 60 या इससे अधिक सांस प्रति मिनट, 2 माह से 12 माह - 50 या इससे अधिक सांस प्रति मिनट,12 माह से 5 वर्ष - 40 या इससे अधिक सांस प्रति मिनट

### खतरे के चिन्ह

बच्चा पी नहीं सकता या स्तनपान नहीं कर सकता,सब कुछ उल्टी कर देता है, दौरे पड़ना,सुस्त या बेहोश।

# सांप ने काटा तो डिब्बे में बंदकर इलाज के लिए पहुंचा अस्पताल

> अस्पताल में सांप देखकर लोग रह गए दंग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के थैलिया गांव निवासी एक व्यक्ति मंगलवार रात को पूजा करने के लिए आसन पर बैठा। तभी करैत सांप ने काट लिया। सांप को डिब्बे में बंद कर इलाज के लिए अस्पताल आए। यहां पर डॉक्टर ने इलाज शुरू किया। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत थैलिया राम सरन यादव (45) पुत्र दुमल प्रसाद मंगलवार रात नौ बजे पूजा के लिए एक कमरे में गए।पूजा आसन पर बैठने के दौरान उनके हाथ में सांप ने काट लिया। इसके बाद सांप आसन के नीचे ही बैठ गया। राम सरन पूजा के लिए प्रसाद बनाने जा रहे थे। तभी उनके



हाथ से खून निकलने और चुभन की जानकारी हुई।

इस पर राम सरन ने अपने मित्र को बुलवाकर देखा कि आसन के नीचे ही सांप बैठा है। जिस पर सांप को पकड़कर उसे डिब्बे में बंद कर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाए। यहां पर डॉक्टरों की टीम ने सांप को देखकर इलाज शुरू किया। इलाज के बाद ग्रामीण के सेहत में सुधार है। इस मामले में डॉक्टर मनोज चौधरी का कहना है कि सांप के सामने होने से जहर की पहचान करने और इलाज करने में आसानी हो जाती है।

### तीन साल पहले पत्नी की हुई थी मौत

जिला अस्पताल में भर्ती राम सरन यादव ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व उसकी पत्नी को भी सांप ने काट लिया था। लेकिन सांप लेकर वह अस्पताल नहीं पहुंचे। जिसके चलते उस हिसाब से इलाज नहीं हो पाया और पत्नी की मौत हो गई। जिसके चलते इस बार वह सांप को पकड़कर लाए हैं।

# एसएसबी की जांच में तस्कर 50 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार

> जांच के दौरान पकड़ा गया तस्कर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस ने संयुक्त जांच के दौरान एक तस्कर को 50 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा है। उसके विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

रूपईडीहा में स्थित एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर जवान मंगलवार रात में गश्त कर रहे थे। एसएसबी जवानों के साथ रूपईडीहा थाने की पुलिस भी लगी हुई थी।प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि टीम ने सीमा स्तम्भ संख्या 651/11 से एक



युवक को भारत से नेपाल की ओर आते हुए दिखाई दिया।

दल को देखते ही युवक ने भागने की कोशिश की, लेकिन भागने में असफल रहा। उसके पास से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम- शाहिद पुत्र मुन्ना ग्राम मुनीरगंज केवलपुर थाना रूपईडिहा बताया इस पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर बरामद स्मैक को सीज कर दिया गया है। टीम में निरीक्षक अनूप रावत, सहायक निरीक्षक बिप्लब कुमार घोष, आरक्षी- शक्तिधर सिंह, सुनील कुमार, थोरात प्रशांत कुमार, पुलिस के उप निरीक्षक विजय कुमार, मुख्य आरक्षी मुलायम यादव, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जतीन कुमार शामिल रहे।

# नगर पंचायत के हर वार्ड में मिल रहा है लोगों को शुद्ध पेयजल

- मिल रहा सबको पानी लेकिन उनको झूठ की रोटी ही है खानी
- नगर में आने-जाने वालों के लिए भी है पानी की समुचित व्यवस्था



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जब मिलने लगा जनता और राहगीरों को पानी तो आखिर विरोधियों को क्यों हो रही है हैरानी। महराजगंज नगर पंचायत और अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू के द्वारा नगर पंचायत महराजगंज की जनता को पानी की समस्या के लिए किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए युद्ध स्तर पर लगातार कार्य किया जा रहे हैं हनुमानगढ़ी में लगा नलकूप पानी की व्यवस्था को और भी मजबूत करता हुआ दिखाई पड़ता नजर आ रहा है ।एक तरफ जहां नगर पंचायत के कर्मचारी और नगर की टीम लगातार पानी की समस्या को समाप्त करती हुई नजर आ रही है तो वहीं विरोधी नगर का विकास देखकर लगातार कुछ ना कुछ मनगढ़ंत बनाकर केवल अपने मन को तसल्ली देते हुए नजर आ रहे हैं।

एक तरफ जहां पैगंबर नगर में लोगों को शुद्ध पेयजल पीने को मिल रहा है तो वहीं दूसरी तरफ विरोधी केवल रोजेदारों को पानी नहीं मिला इसी का ढिंढोरा पीटते हुए दिखाई पड़ रहे हैं लेकिन इस वार्ड में शुद्ध पेयजल की फोटो और वीडियो यह बताने के लिए काफी है की मिल रहा है सबको पानी क्या यह बात आपने अभी तक नहीं जानी।

वहीं चिलचिलाती हुई गर्मी को देखते हुए महराजगंज नगर के मुख्य तिराहे पुलिस चौकी तिराहे पर महराजगंज नगर में आने-जाने वालों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है वही आने जाने वाले राहगीर भी पुलिस चौकी तिराहे पर रुककर शुद्ध पेयजल पीकर नगर की इस व्यवस्था को धन्यवाद भी देते हुए नजर आते हैं।

### कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं बाद में अमृत पिलाने से क्या फायद...

कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं बाद में अमृत पिलाने से क्या फायदा यह लाइन इस समय महराजगंज नगर का विरोध करने वालों पर एकदम सटीक बैठ रही है कभी भी कहीं पर किसी प्याऊ की व्यवस्था न करने के वाले आसमान की तरफ विपक्षी थूक रहे हैं और वह थूक उनके मुंह पर आकर गिर रहा है

### खुद को तसल्ली देते नजर आ रहे विरोधी

रामधारी सिंह दिनकर कि ये लाइन इस समय बिल्कुल सटीक बैठ रही है ईर्ष्या तू न गई मेरे मन से...
पानी न होने का किया जा रहा है जागरण आखिर इसका कोई तो होगा कारण एक तरफ महराजगंज नगर और आने जाने वालों के लिए जहां नगर पंचायत ने पानी की समुचित व्यवस्था करा रखी है और लोगों को पानी भी मिल रहा है तो वहीं विरोधी ईर्ष्या कर के केवल खुद को तसल्ली देते हुए ही नजर आते हैं।



## इनरव्हील क्लब ने यातायात पुलिस को भेंट किए ट्रैफिक बैरिअर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महिलाओं की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था इनरव्हील क्लब रायबरेली ने आज सुबह ग्यारह बजे डिग्री कॉलेज चौराहे पर स्थित पहलवान वीर बाबा मंदिर के पास एकल मार्ग की यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए दो ट्रैफिक बैरिअर व सुपर मार्केट के लिए दो ट्रैफिक बैरिअर बनवा कर दिए,कुल चार ट्रैफिक बैरिअर क्लब की अध्यक्ष अलका द्विवेदी व सचिव वैशाली चंद्रा ने इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित जिले के अपर पुलिस अधीक्षक श्री नवीन सिंह जी व उनकी टीम को भेंट किए,क्लब की पूर्व अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल,अल्पना पीयूष, शुभ्रा सिंह व शिल्पी सिंह इस मौके पर उपस्थित रहीं। इनरव्हील क्लब रायबरेली ने समाजसेवी कार्यों के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई और साथ ही पुलिस विभाग का भी आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### 86 मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण 12 अप्रैल को

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्य में लगाये गये मतदान कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी सैद्धान्तिक एवं ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण नियुक्त मास्टर ट्रेनर को पूर्व में प्रदान किया जा चुका है। मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 15 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ हो रहा है, जिसके दृष्टिगत निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार 86 मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित कार्मिकों का प्रशिक्षण 12 अप्रैल 2024 को विकास भवन स्थिति महात्मा गांधी सभागार में दो पालियों में प्रथम पाली 10:30 बजे से एवं द्वितीय पाली 03 बजे से ईवीएम एवं वीवीपैट का बेहतर तरीके से सम्पन्न कराया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने समस्त नामित मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित किया है कि प्रथम पाली में 47 एवं द्वितीय पाली में 39 मास्टर ट्रेनर ससमय आयोजित प्रशिक्षण में पूर्ण तैयारी के साथ समय से स्वयं उपस्थित होकर निर्वाचन सम्बन्धी प्रक्रिया से भिज्ञ होना सुनिश्चित करें।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, रेफर



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार की देर शाम थाना क्षेत्र के कन्नावां गांव के रहने वाला प्रेम कुमार उम्र 32 पुत्र गंगा प्रसाद बाइक से बछरावां की ओर आ रहा थे। तभी पहुंरावा पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन में पीछे से उन्हे टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर घायल हो गए। एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि अज्ञातवाहन की तलाश की जा रही है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### भूमि पर कब्जे के लिए गिराई चहारदीवारी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र में भूमि पर कब्जा करने की नियत से रात के अंधेरे में चहारदीवारी गिरा दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। बहादुरखेड़ा गांव निवासी रामसेवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि आबादी से लगी हुई उसकी भूमि है जिसपर चहारदीवारी बनी हुई थी। बीतीरात असलम ने अपने साथियों के साथ मिलकर कब्जा करने की नियत से चहारदीवारी गिरा दी। सुबह जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। इस सम्बंध में चौकी प्रभारी कुरसठ रामेश्वर सिंह ने बताया कि मामला की जानकारी है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने खाया जहर

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। थोड़ी देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया। गौसपुर नटर्रा गांव निवासी राकेश पुत्र मटरु ने बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। थोड़ी देर बाद उसे उल्टी होने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई जिसपर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया गया।

### खननकर्ताओं ने नहर पटरी को किया नेस्तानाबूद

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के लिए मिट्टी आपूर्ति कर्ताओं ने अपनी मनमर्जी से नहर पटरी की मिट्टी को भी खोद डाला। किसानों की शिकायत पर पहुंचे नहर विभाग के जिलेदार ने जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का काम जोरो पर है। जिसके लिए मिट्टी आपूर्ति कर रहे ठेकेदार मनमानी पर उतारू है। अचलगंज थाना क्षेत्र में एक ओर जहां शारदा नहर की मुख्य ब्रांच को कई जगह पर पाटकर डंपर निकाल रहे वही दूसरी ओर मुगलपुर माइनर की पटरी भी खोद डाली। मानक की विपरीत दस से पन्द्रह फिट गहरा खनन करने के साथ ही हरे-भरे पेड़ो के आसपास भी बदस्तूर खनन जारी है। ताजपुर नौबस्ता निवासी संजय शुक्ल ने खनन अधिकारी को प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि खननकर्ताओं ने कोरारी स्थित गाटा संख्या-3572 जो कि मेरी आम की बाग है जिसके बगल में ही स्थित मोरे बाजपेई के खेत मे बिना परमिट 15 फिट गहरा खनन कर दिया जिससे बाग की मेड़ पर खड़े आम के पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए हैं। शिकायत करने पर धमकी देते हैं। क्षेत्रीय लेखपाल सर्वेश के अनुसार कोरारी ग्रामसभा में खनन का कोई परमिट नही है।

### ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली गुल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गर्मी के मौसम में बिजली फाल्टों का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्लागंज राजमार्ग पर लगा 630 केवीए ट्रांसफार्मर ओवरलोड के चलते फुंक गया। इसके कारण राजमार्ग समेत दो मोहल्लों में 24 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। इसके अलावा बालूघाट मोड़ पर भी कूड़े में आग लगने से 400 केवीए ट्रांसफार्मर की आपूर्ति घंटों बंद रखी गई। राजधानी मार्ग पर रखा 630 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। क्षेत्र में पूरी रात बिजली गुल रही। जिससे पूरी रात अंधेरे में काटनी पड़ी। 24 घंटे तक बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बुधवार शाम करीब छह बजे नया ट्रांसफार्मर लाया गया। जिसके बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। इसी तरह बालूघाट के पास रखे ट्रांसफार्मर के आस-पास आग लगने से लीड जल गई। जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आग की जानकारी विभाग को दी गई। आपूर्ति बंद होने के बाद किसी तरह आग बुझाई गई। ट्रांसफार्मर की लीड जलने के दो घंटे तक बिजली गुल रही।

## प्रथम मतदान अधिकारी के नियुक्ति आदेश आज किए जाएंगे वितरित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिन विभाग के कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा पीठासीन/प्रथम मतदान अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, के नियुक्ति आदेश 11 अप्रैल 2024 को प्रातः 10:30 बजे से विकास भवन स्थित जिला विकास कार्यालय से वितरित किए जायेगें।

उन्होंने सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष से कहा है कि अपने कार्यालय के जिम्मेदार कर्मचारी को 11 अप्रैल 2024 को प्रातः 10:30 बजे जिला विकास कार्यालय भेजकर नियुक्ति आदेश प्राप्त कर सम्बन्धित कार्मिक को उसी दिन सायं प्राप्त कराते हुए प्राप्ति रसीद जिला विकास अधिकारी, रायबरेली कार्यालय को 12 अप्रैल 2024 की सायं 03:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराते हुए 15 से 18 अप्रैल 2024 तक की अवधि में आयोजित प्रशिक्षण में निर्धारित तिथियों पर सम्बन्धित कार्मिक की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करावें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाये, जिससे समय से नियुक्ति आदेश सम्बन्धित कार्मिक को प्राप्त हो सके और वह प्रशिक्षण में समय से उपस्थित हो सके।

## मनोज पाण्डे ने कांग्रेस पर जनता को धोखा देने का लगाया आरोप



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के ऊँचाहार से विधायक मनोज कुमार पांडे ने कांग्रेस पर अमेठी व रायबरेली की जनता से धोखा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने रायबरेली की जनता को परिवार के नाम केवल वोट देने की मशीन बनाया गया। रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने के सवाल पर मनोज पांडे ने कहा कि यह तो कांग्रेस पार्टी तय करेगी की वह रायबरेली से किसको उतार रही है।

**पार्टी के उम्मीदवार के लिए कयास लगाना पड़ रहा :-** उन्होंने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि अब उस पार्टी के उम्मीदवार के लिए कयास लगाने पड़ रहे हैं। जिस पार्टी ने पिछले 5-6 दशक से इस पार्टी के प्रत्याशी को रायबरेली की जनता ने जिताने के कार्य किया है। आज अगर कांग्रेस की यह दिन आ गए हैं कि उसे अपने प्रत्याशी उतारने में डर लग रहा है तो यह रायबरेली व अमेठी में अपने आप में इम्तिहान व परिणाम है। कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली की जनता के साथ धोखा किया है। उनके साथ छलावा किया है। अगर जनता का काम किया होता तो आज कयास शब्द का प्रयोग ना किया जाता।

### रायबरेली की जनता परिवर्तन के लिए तैयार

मनोज पांडे ने कहा कि मेरा मानना है रायबरेली के जनता को भावनात्मक रूप से कभी परिवार के नाम पर तो कभी धर्म के नाम पर वोट बनाने की मशीन बना दिया गया। रायबरेली की जनता अब परिवर्तन के लिए तैयार बैठी है। कांग्रेस पार्टी से गौरव वल्लभ व आचार्य प्रमोद कृष्णम के कांग्रेस पार्टी छोड़ने के सवाल पर मनोज पांडे ने कहा कि प्रभु श्री राम सबके हैं। भारत सनातन परंपरा का देश रहा है। यह दुर्भाग्यशाली समय है कि जब कुछ राजनीतिक दल भगवान राम का नाम लेने पर नाराज हो जा रहे हैं। वह तुच्छ मानसिकता के लोग हैं जो भगवान श्री राम व दुर्गा माता की मर्यादा के ऊपर उंगली उठाते हैं। अपरोक्ष रूप से स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों का जिक्र करते हुए मनोज पांडे ने कहा कि हिंदू देवी देवताओं के अपमान पर मैंने प्रदेश के एक व्यक्ति के बयान पर चुप्पी नहीं साधी। सनातन के जरिए ही हम सभी के साथ खड़े हैं। कोविड का जिक्र करते हुए मनोज पांडे ने कहा कि जहां पूरी दुनिया ने घुटने टेक दिए थे वहीं देश के प्रधानमंत्री ने 80 करोड़ परिवार को अपना परिवार माना। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने कोविड से लड़ाई लड़ी और वैक्सीन को पूरे देश के साथ-साथ पूरी दुनिया ने माना।

## बाग में दुपट्टे से लटकता मिला किशोरी का शव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे निकासू मजरे बेलाभेला में संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी का खुदकुशी का मामला प्रकाश में आया है। राखी पुत्री अशोक कुमार परिवार के साथ रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने गई थी। बुधवार की सुबह उसका शव घर से पांच सौ मीटर दूर श्यामू की आम की बाग में दुपट्टा से लटकता मिला।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि खुदकुशी करने का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का खुलासा होगा। बताया जाता है कि मृतका की जुलाई में शादी होनी थी, लेकिन हाथ पीले होने के पहले ही उसने संदिग्ध परिस्थितियों में खुदकुशी कर ली। घटना के बाद परिवारीजन में कोहराम मचा हुआ है।

## ग्रामसभा की जमीन से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने के संबंध में महिला ने की शिकायत

- वर्ष 2020 से महिला लगातार कर रही है शिकायत लेकिन नहीं हो सका निस्तारण

**महराजगंज रायबरेली**

मुन्नी पुत्री राम आसरे निवासिनी ग्राम बबुरिहा मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला महराजगंज रायबरेली ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन की शिकायत । दूसरी ग्राम सभा की जमीन से अवैध कब्जा हटवाए जाने के संबंध में ऑनलाइन शिकायत की है जिसकी सन्दर्भ संख्या 4001582007646 है। मुन्नी पुत्री राम आसरे ने ऑनलाइन शिकायत में बताया गंगा प्रसाद पुत्र सुंदर निवासी घेरा मंजरे अरेरहटा विकासखंड महराजगंज तहसील महराजगंज किंतु ग्राम सभा बावन बुजुर्ग बल्ला विकासखंड अमावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली की लगभग 5 बीघे भूमि पर अवैध रूप से खेती करता चला आ रहा है इस संबंध में प्रार्थिनी ने सन 2020 से लगातार प्रार्थना पत्र देती चली आ रही है तहसील प्रशासन की तरफ से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई जो भी कार्रवाई हुई है वह फर्जी साबित हुई कब्जे के संबंध में अब तक तीन बार कार्रवाई हुई एक बार फसल सुपुर्दगी ग्राम पंचायत सदस्य नागेंद्र सिंह निवासी सुजातगंज बावन बुजुर्ग बल्ला दूसरी बार मौजूदा प्रधान की सुपुर्दगी में फसल को दिया गया किंतु उपरोक्त गंगा प्रसाद चोरी से फसल को काट ले गया सरकारी खजाने में एक पैसा भी जमा नहीं किया गया ।इस गेहूं की फसल में तो हद हो गई जब लेखपाल द्वारा फसल को नष्ट करने का झूठा खेल खेला गया फसल आज भी उपरोक्त खेतों में लहरा रही है और उपरोक्त गंगा प्रसाद बकायदे फसल को काट रहा है।

## पति से गुस्साई पत्नी ने खाया जहर



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बीते मंगलवार की देर शाम कस्बे के किला मोहल्ला रहने वाली रूपरानी ( उम्र 24) पत्नी सुनील मंगलवार शाम घर पर पति से किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लियाद्य कुछ देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। सभी खेत गएद्य जानकारी होने पर पति अपनी पत्नी को लेकर सीएचसी पहुंचा। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली




**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को बीघापुर क्षेत्र के गांव ओसियां में प्राथमिक व जूनियर स्कूल के छात्रों ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली। इस दौरान स्कूली बच्चों व शिक्षकों ने गांव में घूम-घूमकर नारे लगाते हुए अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की।

जूनियर स्कूल के प्रधान शिक्षक व उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ की बीघापुर ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह व प्राइमरी के प्रधान शिक्षक सुमन द्विवेदी ने स्कूल के बच्चों के साथ स्लोगन लिखी तख्तियां व बैनर लेकर स्कूल चलो अभियान की जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से गांव के घर-घर जाकर बच्चों की साक्षरता दर बढ़ाना है, स्कूल हमें जाना है समेत विभिन्न प्रकार के स्लोगन सुनाते हुए बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। प्रधान शिक्षक विश्वनाथ सिंह ने कहा कि नवीन शिक्षासत्र शुरू हो गया है। अभिभावक हर हाल में बच्चों को स्कूल भेजे। इसमें कोई भी कोताही न बरतें। इस अवसर पर शिक्षक राजेन्द्र बाबू, शिखा सिंह, शैलकुमारी, सरिता, पूनम, दीपक, दीपिका, अर्चना आदि मौजूद रहे।

## नवीन पुल से फोरलेन तक लगा जाम, लोग हुये परेशान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**


कानपुर जाने के लिये शुक्लागंज नवीन गंगापुल एक मात्र रास्ता है। जिस कारण आयेदिन भीषण जाम लगा रहा है। बुधवार सुबह कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं घरों से निकले। जिससे नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ गया और जाम लगना शुरू हो गया। जाम हटवाने में गंगाघाट पुलिस को भी खासी परेशानी उठानी पड़ी। सुबह पीक ऑवर के समय कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग अपने-अपने वाहनों से निकले। इधर बालूघाट से नवीन पुल का मार्ग संकरा होने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन सब्जी मंडी तक भीषण जाम लग गया। जाम में दोपहिया, टेंपो, ई-रिक्शा, लोडर, साइकिल, चौपहिया के अलावा अन्य वाहनों की कतार लग गई। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। नवीन पुल, बालूघाट मोड़ से लेकर फोरलेन तक दोहरी, तीहरी लाइनों में वाहनों की कतारें लग गई। भीषण जाम देख गंगाघाट पुलिस पहुंची। जहां पुलिस ने बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हुये। जाम में तमाम स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग फंसे रहे। जिससे लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं जाम छुड़ाने में पुलिस के पसीने छूट गये।

## मां ब्रम्हचारिणी के दर्शन के लिये मंदिरों में उमड़ी भीड़

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

नवरात्रि के दूसरे दिवस बुधवार को जनपद के प्रसिद्ध पौराणिक देवी मंदिरो समेत नगर एवं ग्रामीणांचलो के देवी मंदिरों में पूजन-अर्चन हेतु श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। खासकर महिलाओं ने मां भगवती का श्रंगार कर विधिवत पूजन किया।

नगर स्थित कल्याणी माता मंदिर, बाईपास स्थित पूर्णा देवी धाम, स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर, नवाबगंज स्थित दुर्गा-कुशहरी, बीघापुर स्थित संदोही माता मंदिर, समेत सभी देवी मंदिरो में नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रम्हचारिणी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। सुबह से ही दर्शानार्थियों की शुक्लागंज राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में भीड़ उमड़ी। लोग माता के दर्शन को भोरपहर से ही लाइन में लगे रहे। मां ब्रम्हचारिणी स्वरूप के दर्शन के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। भक्त मां के जयकारे लगते रहे। मां ब्रम्हचारिणी स्वरूप के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। जिसके बाद भक्तों ने मां ब्रम्हचारिणी की विधि-विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है। उपवास रखकर व दुर्गा सप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया।



कंचन नगर स्थित कंचना माई, पोनी रोड स्थित मां झंडेश्वरी देवी, महेश मार्ग स्थित मां सिद्धिदात्री, गांधीनगर स्थित काली मंदिरों समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में पूजा पाठ किया गया। वहीं राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में श्रद्धालु सुबह ही लंबी लाइनों में लग करके मां के दर्शन किए। जहां फूल, मिठाई से सजी डलियों में प्रसाद लेकर भक्तों ने मां को भोग लगाया। इसके साथ ही मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों श्रद्धालु ने मां की प्रार्थना किए। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्र के दुर्गा मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही।

## घायल पालिका कर्मी की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने पालिका में काटा हंगामा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

शुक्लागंज फोरलेन स्थित गोपीनाथपुरम् में रोड लाइट की मरम्मत करने के लिये मंगलवार दोपहर पालिका का संविदा कर्मी हाइड्रोलिक मशीन के बकेट में बैठकर मरम्मत कर रहा था तभी बकेट टूट गई और वह नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों ने अपनी मांगों को लेकर पालिका का घेराव कर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ऋषिनगर निवासी सरवन कुमार (48) नगर पालिका गंगाघाट में संविदा कर्मी के पद पर तैनात सफाई कमी हैं। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे वह अपने साथी गोरेलाल, प्रवीण, अमर, जीतेन्द्र, शिवा और हाइड्रोलिक ट्राली के चालक संजय के साथ गोपीनाथपुरम स्थित फोरलेन पर खराब रोड लाइट ठीक करने पहुंचे। जहां सरवन हाइड्रोलिक ट्राली के बकेट में बैठकर खंभे के ऊपरी हिस्से में पहुंचा और रोड लाइट की मरम्मत करने लगा तभी अचानक हाइड्रोलिक ट्राली के बकेट टूट गया। जिसे वह जमीन पर आ गिरा।

बीस फिट ऊपर से नीचे गिरने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख साथी कर्मी दौड़े और उसे घायल अवस्था में नगर के एक निजी अस्पताल ले गये। बुधवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजन और साथी कर्मी नगर पालिका गंगाघाट पहुंचे और हंगामा काटा। जिसपर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा से बातचीत हुई। इस दौरान पालिका में भारी भीड़ रही। हंगामे की सूचना पर पहुंची गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने बीच-बचाव किया और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस बीच सभासद योगेश मिश्रा और अभिलाषा मिश्रा ने 11-11 हजार रुपये पीड़ित परिवार को दिया। वहीं ईओ बोले इतने पैसे से क्या होगा। जिसपर अभिलाषा भड़क गई और काफी देर तक तीखी नोंक-झोंक हुई। जिसपर गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। जहां ईओ ने परिवार के सदस्य की नौकरी देने का बात कही। जिसपर गुस्साएं लोग शांत हुये। जिसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजा है।

## चांद दिखते ही मुस्लिम क्षेत्र हुये गुलजार, हुई खरीददारी

- एक-दूसरे को ईद की शुभकामनाएं देते नजर आये लोग

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार रात जैसे ही ईद के चांद का दीदार हुआ। वैसे ही मुस्लिम क्षेत्र गुलजार हो गये और लोग एक-दूसरे को ईद की शुभकामनाएं देते नजर आये। इसके साथ ही देर रात तक मुख्य मार्गो से लेकर बाजारों में खरीददारी करने के लिये लोगों की भीड़ देखने को मिली।

रमजान-उल-मुबारक के चांद की बुधवार शाम को तस्दीक होते ही मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में रौनक छा गई। इबादत के महीने की शुरुआत होते ही मस्जिदों में तरावीह की नमाज की तैयारियां शुरू कर दी गई। मुसलमानों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दीं। बच्चों में भी नए कपड़े पहनकर खुशी मनाई। मस्जिदें गुलजार हो गई। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की बाजारों में रौनक छा गई और खरीददारी शुरू हो गई। तरावीह की नमाज बाद लोगों ने सहरी की तैयारियों के लिए खाने-पीने के पकवानों की खरीदारी की। मुस्लिम बाहुल्य बाजारों के होटल रातभर खुले रहे। वही दूसरी ओर महिलाओं व बच्चियों ने श्रृंगार व चुड़ियों आदि की खरीददारी की। जिससे बाजारों, मुख्य मार्गो और दुकानों में भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं शाम के समय बारिश होने के कारण बाजारों में सन्नाटा देखने को मिला।

## युवक तमंचा सहित गिरफ्तार



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शातिर युवक को पकड़ लिया। जामा तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध तमंचा व दो कारतूस बरामद हुआ जिसके खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर जेल भेज दिया। कुम्हारनखेड़ा गांव निवासी संदीप विश्वकर्मा पुत्र रामनरायन विश्वकर्मा रुपऊ नहर पुल पर खड़ा किसी का इंतजार कर रहा था तभी मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़ लिया और तलाशी ली तो उसके पास से 12 बोर का अवैध तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## छः माह से मनरेगा रोजगार सेवकों को मानदेय न मिलने से आक्रोश

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जनपद की ग्राम पंचायतों में मनरेगा के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों को विकास खण्डों द्वारा पिछ्ले 4 से 6 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं मिला। वर्ष 2015 में इपीएफ कटौती हेतु शासनादेश जारी होने के बावजूद धनराशि संबंधित के कर्मचारी भविष्य निधि खाते में नहीं जमा की जा रही है। मनरेगा कर्मचारियों का भविष्य असुरक्षित होने के कारण आक्रोश है।

उप्र ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में जनपद में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों को विकास खण्डों द्वारा 6 से 8 माह का मानदेय भुगतान नहीं किया गया है जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न है। वह पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके साथ ही सरकार द्वारा 2015 से कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए इपीएफ के धनराशि कटौती कर सम्बन्धित के खातों में जमा करने के निर्देश के बाद भी जनपद में अधिकारियों द्वारा कोई रुचि नहीं ली गई जिसकी वजह से कर्मचारियों के इपीएफ की धनराशि लगभग 2 से 3 वर्ष से उनके खातों में जमा नहीं किया जा रहा जिससे कई कर्मचारियों की आकस्मिक दुर्घटना अथवा बीमारी की वजह से मृत्यु होने पर मृतक कर्मचारियों के परिजन इधर-उधर भटक रहे हैं। जिला मीडिया प्रभारी रामजी यादव द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में ग्राम रोजगार सेवकों को फ्लाइंग स्क्वाड टीम के साथ फोटोग्राफर के रूप में भी नियुक्त किया जा रहा है। कर्मचारियों को बिना मानदेय भुगतान के बंधुवा मजदूरी कराने का कृत्य किया जा रहा है। कर्मचारी चुप नही बैठेगा।

## मणिपुर पर प्रधानमंत्री का बड़ा दावा

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बड़ा बयान दिया है। प्रधानमंत्री का दावा है कि केंद्र सरकार के समय रहते दखल देने और राज्य सरकार की कोशिशों के कारण मणिपुर के हालात में सुधार आया है। द असम ट्रिब्यून नाम के अखबार को दिए एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि –हमारा मानना है कि हालात से संवेदनशीलता के साथ निपटना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मैंने इस बारे में संसद में पहले भी कहा है। हमने अपने सबसे अच्छे संसाधनों, प्रशासन को इस संघर्ष को सुलझाने में लगाया हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में तब रुके, जब संघर्ष अपने चरम पर था। इस संघर्ष से जुड़े पक्षों के साथ शाह ने 15 से ज्यादा बैठक की। राज्य सरकार को जो भी मदद चाहिए होती है, केंद्र सरकार मुहैया करवाती है। गौरतलब है कि मणिपुर में हिंसा और अशांति का एक लंबा दौर चला है। मणिपुर हाई कोर्ट ने 27 मार्च 2023 को अपने एक आदेश में राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की बात पर शीघ्रता से विचार करने को कहा था। इसके बाद मई 2023 की शुरुआत में मैतेई और कुकी लोगों के बीच हिंसक झड़पों की शुरुआत हुई, जो बढ़ते–बढ़ते पूरे राज्य में फैल गई। इस हिंसा में घोषित तौर पर अब तक करीब 200 लोगों की जान जा चुकी है। हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर बाहर रहना पड़ रहा है। लगभग साल भर की अशांति के बाद फरवरी 2024 में मणिपुर हाई कोर्ट ने पिछले आदेश से उस अंश को हटा दिया है जिसमें मैतेई समुदाय के लिए अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की सिफारिश का जिक्र था। लेकिन इसके बाद भी मणिपुर में हालात अब तक सामान्य नहीं हुए हैं। आलम ऐसा है कि हजारों मतदाता अब भी राहत शिविरों में हैं और चुनाव आयोग को वहीं से उनके मतदान का इंतजाम करना पड़ रहा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो बार मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत भी मणिपुर से ही हुई, ताकि इस राज्य की ओर शेष भारत का ध्यान खींचा जा सके और यहां हालात सामान्य करने का दबाव राज्य और केंद्र सरकार पर बनाया जा सके। यह हैरत की बात है कि राहुल गांधी ने हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा किया, उनके अलावा कई और विपक्ष के नेता मणिपुर चले गए, कई पत्रकारों ने मणिपुर जाकर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी आज तक मणिपुर नहीं गए। बल्कि नवंबर–दिसंबर में जब पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, तो मणिपुर के पड़ोसी राज्य मिजोरम में प्रचार के लिए श्री मोदी नहीं गए, क्योंकि फिर उन पर मणिपुर जाने का दबाव भी बढ़ जाता। देश में कई बार प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किए गए कि वे सारे देश में घूम सकते हैं, विदेश जाने के लिए वक्त निकाल सकते हैं तो एक बार भी मणिपुर क्यों नहीं गए। प्रधानमंत्री से यह सवाल भी किया गया कि पूर्वोत्तर के इस राज्य में भाजपा की सरकार है, तो वहां के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह से अब तक त्यागपत्र क्यों नहीं लिया गया। लेकिन इनमें से किसी सवाल का जवाब श्री मोदी ने नहीं दिया।

# 2024 के लोकसभा चुनाव में महिला मतदाता निभाएंगी अहम भूमिका

कल्याणी शंकर

या महिला मतदाता आगामी 2024 आम चुनाव का फैसला कर सकती हैं? उनके मतदाताओं की बढ़ती संख्या और अनुकूल कानून, जैसे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, उन्हें एक महत्वपूर्ण वर्ग बनाते हैं। राजनीतिक दल इस महत्वपूर्ण वर्ग की महिला मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा करने के लिए, वे विभिन्न लाभ की पेशकश कर रहे हैं। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, महिला मतदाताओं का उच्च मतदान 2024 के चुनावों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

रिपोर्ट का अनुमान है कि 2047 तक महिलाओं का मतदान प्रतिशत 55 फीसदी तक पहुंच सकता है, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत घटकर 45 फीसदी हो सकता है। गौरतलब है कि भारत के संविधान के निर्माता बी.आर. अम्बेडकर ने एक बार कहा था कि - श्राजनीतिक शक्ति सभी सामाजिक प्रगति की कुंजी है यह कथन आज भी लागू है, क्योंकि महिलाएं तब तक न्याय पाने की उम्मीद नहीं कर सकतीं जब तक कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी न हो। भारत में महिलाएं लैंगिक पूर्वाग्रह को दूर करने के लिए और अधिक उपायों की मांग कर रही हैं। पिछले सितंबर में संसद ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित किया था। यह विधेयक संसद और राज्य विधानसभाओं में उनके लिए 33फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करता है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने विधेयक के पारित होने का श्रेय लिया। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा, श्यह हमारा विधेयक है। 2008 में सोनिया गांधी ने इसे उच्च सदन में पारित किया लेकिन लोकसभा में ऐसा करने में विफल रहीं। पिछले सितंबर में पीएम मोदी ने बड़े गर्व के साथ इस विधेयक को पेश किया और पहली बार संसद में इस विधेयक के आने के 27 साल बाद यह लगभग सर्वसम्मति से पास हो गया।

जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया में देरी के कारण यह विधेयक चार साल बाद ही लागू हो पायेगा। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से, भारत में केवल एक महिला प्रधानमंत्री और 15 महिला मुख्यमंत्री हुई हैं। हालांकि, 1950 के दशक के बाद से चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या सात गुना बढ़ गई है, और लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 5 फीसदी से बढ़कर 15 फीसदी हो गया है। विश्व स्तर पर स्थिति समान है। अंतर-संसदीय संघ के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 26 फीसदी कानून निर्माता महिलाएं हैं। दूसरी ओर, रवांडा में 60 फीसदी से अधिक सीटों पर महिलाओं का कब्जा है। 2008 में, रवांडा महिला-बहुमत संसद वाला पहला देश बन गया। भारत में केवल 14 फीसदी संसदीय



**2047 तक महिलाओं का मतदान प्रतिशत 55 फीसदी तक पहुंच सकता है, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत घटकर 45 फीसदी हो सकता है। गौरतलब है कि भारत के संविधान के निर्माता बी.आर. अम्बेडकर ने एक बार कहा था कि - श्राजनीतिक शक्ति सभी सामाजिक प्रगति की कुंजी है यह कथन आज भी लागू है, क्योंकि महिलाएं तब तक न्याय पाने की उम्मीद नहीं कर सकतीं जब तक कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी न हो।**

सीटें महिलाओं के पास हैं। लोकसभा और राज्यसभा में क्रमशः 78 और 24 महिला सदस्य हैं। संसद के निचले सदन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के मामले में भारत 193 देशों में 149वें स्थान पर है। इसके अलावा, भारत के प्रत्येक राज्य में 16 फीसदी से कम विधायक महिलाएं हैं। भारत में एक महत्वपूर्ण उपाय 1993 में किया गया तथा पंचायत की एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित कर दी गई थीं, जिसे अब अधिकांश राज्यों में 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है।

लगभग दस लाख महिलाएं जमीनी स्तर पर सरपंच के रूप में कार्य करती हैं। ये सरपंच अपने स्थूल अनुभव के बल पर उन्नति की सीढ़ियां चढ़ सकेंगी। आगामी आम चुनाव में 96.88 करोड़ मतदाता होंगे, जिनमें 47 करोड़ से अधिक महिलाएं हैं। 2.63 करोड़ नये मतदाताओं में से 1.41 करोड़ महिलाएं हैं। केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में अधिक महिलाओं ने मतदान के लिए पंजीकरण कराया है। महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई है। जबकि राजनीतिक दलों ने विधेयक का समर्थन किया, उन्होंने हाल के विधानसभा चुनावों में महिलाओं को अपने टिकटों का केवल एक छोटा सा प्रतिशत आवंटित किया, आमतौर पर 10-15 प्रतिशत। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए, भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनावों में 421 उम्मीदवारों में से महिलाओं को केवल 67 टिकट दिये। हालांकि, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल जैसे कुछ मुख्यमंत्रियों ने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लाभों को पहचाना है। लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए, पार्टियों को महिला सशक्तीकरण के लिए अधिक महिला नेताओं और उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की जरूरत है। हालांकि, कुछ लोगों का तर्क है कि यदि महिलाएं ज्ञात राजनीतिक परिवारों से आती हैं तो वे जीतती हैं। कई नेता उम्मीदवारों को चुनने के लिए अपने परिवार से आगे नहीं देखते हैं। यह समझना जरूरी है कि सभी महिलाएं महिला उम्मीदवारों को वोट नहीं देंगी।

राजनीतिक दलों को मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रोत्साहनों पर निर्भर रहने के बजाय महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कई पार्टियां महिला मतदाताओं को प्रोत्साहन तो देती हैं लेकिन अपनी उम्मीदवार सूची में महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व नहीं देतीं। महिला आरक्षण कानून के अनुसार पार्टियों को अपने टिकटों का कम से कम एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, पार्टियों को राजनीतिक राजवंशों को दिये जाने वाले तरजीही व्यवहार को हतोत्साहित करना चाहिए। भारतीय राजनीतिक दल विभिन्न योजनाओं और लाभों के साथ महिला मतदाताओं को लक्षित कर रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा और 2,000 रुपये नकद प्रोत्साहन राशि दिया है। हिमाचल प्रदेश में 18-60 वर्ष की महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक दिया जाना है।

दिल्ली की श्मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना भी 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक प्रदान करेगी। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने पारिश्रमिक बढ़ोतरी की घोषणा की है। आप और कांग्रेस 1,000 रुपये मासिक भुगतान करने और गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना भत्ता देने की घोषणा की है। महिलाओं के प्रति राजनीतिक जवाबदेही निर्णय लेने में लिंग संतुलन हासिल करने, राजनीतिक दलों में महिलाओं की अधिक महत्वपूर्ण उपस्थिति और प्रभाव को बढ़ावा देने और पार्टी नीतियों और प्लेटफार्मों में लैंगिक समानता के मुद्दों को आगे बढ़ाने से शुरू होती है। इन सबके लिए शिक्षा भी जरूरी है। हमें ऐसे शासन सुधारों की आवश्यकता है जो लैंगिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील हों। इससे निर्वाचित अधिकारी अधिक प्रतिक्रियाशील हो सकेंगे।

विचार

# यह इंडियन नेशनल कांग्रेस है या इंडियन इस्लामिक कांग्रेस?

मृत्युंजय दीक्षित

लोकसभा चुनाव की अन्य तैयारियों में कांग्रेस भले ही पिछड़ गई हो किंतु 48 पृष्ठों, 10 न्याय, 25 गारंटी के बड़े वादों के साथ उसने अपना चुनावी घोषणापत्र लगभग समय से जारी कर दिया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा जारी इस घोषणापत्र ने कांग्रेस को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है। विपक्ष के रूप में कांग्रेस का दस वर्ष का कार्यकाल सनातन विरोधी रहा और घोषणापत्र ने पार्टी के सनातन विरोधी होने पर अंतिम मुहर लगा दी ।

वर्तमान कांग्रेस के नेता मोहब्बत की दुकान खोलते हैं वस्तुतः भगवान राम व सनातन हिंदू समाज के प्रति नफरत से भरे हुए हैं। अदालत में भगवान राम को काल्पनिक कहने वाली पार्टी ने स्वाभाविक रूप से अयोध्या में दिव्य भव्य एवं नव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया और लगातार या तो स्वयं सनातन विरोधी बयानबाजी की या सनातन विरोधियों को मंच और समर्थन दिया। मोहब्बत के नाम पर सनातन के विरुद्ध नफरत का कारोबार करने वाली कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है। कांग्रेस ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से लगभग 55 साल तक अकेले शासन किया और वह भी लगभग एक ही परिवार के नेतृत्व में पहले नेहरू फिर इंदिरा। इंदिरा गांधी जी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति के बल पर राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री बने। 2004 से 2014 की कांग्रेस सरकार भी परोक्ष



रूप से गांधी परिवार के हाथ में ही थी किंतु यह लोग न तो देश का विकास कर पाए और न ही किसी के साथ न्याय कर पाने में सफल हुए । कांग्रेस का गरीबी हटाओ का नारा एक बहुत बड़ा धोखा साबित हुआ और उसकी आड़ में बड़े- बड़े घोटाले होते गए। बीच में आए वी.पी. सिंह, देवगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल सरीखे नेता भी कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हुए और उसी परिपाटी पर चले।

आज जब देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक सशक्त नेतृत्व मिला है जिनके कार्यकाल में भारत सशक्त हो रहा है और पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है कांग्रेस निराशा, हताशा व कुंठा से ग्रस्त न्याय पत्र लेकर आई है। कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी पर तानाशाही का आरोप लगा रही है और बयान दे रही है कि अगर मोदी तीसरी बार 400 सीटों के साथ देश के प्रधानमंत्री बन गए तो भारत में लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा, संविधान समाप्त हो जाएगा, आरक्षण समाप्त हो जाएगा जबकि वास्तविकता यह है कि कांग्रेस ने जो घोषणापत्र जारी किया है वह स्वयं ही कठघरे में है और स्पष्ट करता है कि कांग्रेस की नीयत अच्छी नहीं है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में जो वादे किए हैं वह भारत व सनातन हिंदू समाज में विभेद बढ़ाने के लिए किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र पर टिप्पणी करते हुए इसे मुस्लिम लीग की विचारधारा से प्रेरित बताया और जो हिस्सा मुस्लिम लीग से बचा है उसमें वामपंथी हावी हैं।

कांग्रेस का घोषणापत्र केवल मुसलमानों का तुष्टिकरण करने वाला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनके द्वारा किए गए सभी कार्यों के प्रति नफरत और हीन भावना से भरा हुआ है। कांग्रेस के घोषणापत्र में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का कोई रोडमैप नहीं है।कांग्रेस के घोषणापत्र से यह बात भी साफ हो गई ही है अब उसने संविधान निर्माता बाबासाहेब आम्बेडकर , इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के विचारों का भी परित्याग कर दिया है। एक समय में, जात पर न पात पर, मोहर लगेगी हाथ पर का नारा देने वाली कांग्रेस सत्ता में आने पर जातिगत जनगणना कराने का वादा कर रही है।

कांग्रेस के जातिगत जनगणना और आरक्षण सीमा बढ़ाने के इस मुद्दे की हवा पार्टी के ही नेता आनंद शर्मा ने ही निकाल दी है। कांग्रेस नेता आनंद शर्मा का कहना है कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने जातिगत जनगणना के विचार को खारिज कर दिया था।

**आज जब देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक सशक्त नेतृत्व मिला है जिनके कार्यकाल में भारत सशक्त हो रहा है और पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है कांग्रेस निराशा, हताशा व कुंठा से ग्रस्त न्याय पत्र लेकर आई है। कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी पर तानाशाही का आरोप लगा रही है और बयान दे रही है कि अगर मोदी तीसरी बार 400 सीटों के साथ देश के प्रधानमंत्री बन गए तो भारत में लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा, संविधान समाप्त हो जाएगा, आरक्षण समाप्त हो जाएगा जबकि वास्तविकता यह है कि कांग्रेस ने जो घोषणापत्र जारी किया है वह स्वयं ही कठघरे में है और स्पष्ट करता है कि कांग्रेस की नीयत अच्छी नहीं है।**

अंग्रेजों के समय में भी जातिगत जनगणना का विरोध किया गया था और उसे राष्ट्रीय हितों के विपरीत माना गया था। आज कांग्रेस वामपंथी विचारधारा से ग्रस्त होकर जातिगत जनगणना की बात कह रही है। मुस्लिम तुष्टिकरण की चरम सीमा को पार कर रही कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में मुस्लिम तुष्टिकरण की चरम सीमा पार कर गई है। यह घोषणापत्र हिंदू समाज को चेतावनी जारी कर रहा है। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बार लाल किले से दिए गए अपने भाषण में कहा था, ÷भारत के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है और उसी दिन से कांग्रेस का पतन प्रारम्भ हो गया था। अब कांग्रेस ने एक बार फिर केवल मुस्लिम हितों का ध्यान रखते हुए घोषणापत्र जारी किया है। कांग्रेस का कहना है कि वह भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों को बनाए रखने और उनकी रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। । इसके साथ कांग्रेस ने मुस्लिम समाज से कुछ ऐसे वादे भी किए हैं जिनसे यह साफ हो गया है कि अब कांग्रेस पर मुस्लिम लीग की पूरी छाया है।

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल करने, तीन तलाक बिल रद्द करने, संविधान के अनुच्छेद 15,16, 25, 28, 29 और 30 का जिस प्रकार आदर करने का वादा किया है वह डरावना है। मुस्लिम तुष्टिकरण को व्यापक करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में मुसलमान जजों की संख्या में वृद्धि करने सहित सार्वजनिक स्थलों पर हिजाब- बुर्का पहनने और गोमांस खाने की छूट देने का भी वादा किया है। कांग्रेस ने मुसलमान छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना को बढ़ाने का भी वादा किया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस जमात -ए- इस्लामी, लश्कर ए तैयबा, अल कायदा की राह पर चलने वाली है। सरकारी और निजी नौकरियों में मुसलमानों के लिए सच्चर कमेटी की रिपोर्ट को लागू करने की बात भी कांग्रेस ने दोहराया है।

## आदिशक्ति की आराधना और भारतीय समाज

योगेश कुमार गोयल

भारतीय समाज में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरुआत 09 अप्रैल से हो चुकी है, जिसका समापन रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के प्रथम स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं।

नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता



है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्ज्वल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं।



## राशिफल

**मेष**:– कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**बृषभ**:– विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुन**:– किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें।

**कर्क** :– किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें ।

**सिंह**:– अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**कन्या**:– कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें।

**तुला**:– कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई–नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिक**:– बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें।

**धनु**:– दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है।

**मकर**:– रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

**कुंभ**:– रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**मीन**:– आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

# सपा की 'पीठ' पर बैठ कर कांग्रेस पार करना चाहती है चुनावी वैतणनी

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान तेज नहीं पकड़ पा रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने समस्या यह है कि वह अपनी चुनावी लाईन ही नहीं तय कर पा रही है। वहीं कांग्रेस आलाकमान ने यूपी को तो मानो भूला ही दिया है। संभवता कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार यह मान बैठा है कि यूपी में उसका सियासी सफरनामा सपा के कंधे पर बैठकर पूरा हो जायेगा।

इंडी गठबंधन के तहत यूपी में कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 20219 के लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 2.33 प्रतिशत और सीट मात्र रायबरेली की एक थी। जहां से सोनिया गांधी सांसद थीं, अब वह राज्यसभा की सदस्य हैं। रायबरेली से कांग्रेस सोनिया गांधी की जगह नया प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। इंडी गठबंधन के कमजोर प्रचार अभियान और बीजेपी के युद्ध स्तर पर चुनाव प्रचार करने से



फिलहाल ऐसा लग रहा है कि बीजेपी ने प्रचार के माध्यम से काफी बढ़त बना ली है। 04 जून को मतगणना वाले दिन पता चलेगा बीजेपी की मेहनत कितनी रंग लाई, लेकिन कई सीटों पर मुकाबला कांटे का दिखाई दे रहा है। बीजेपी भी हर कदम फूंक-फूंक कर रख रही है। वहीं सपा-कांग्रेस भी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। हालांकि अमेठी, रायबरेली, बदायूं, घोषी, आजमगढ़, रामपुर समेत करीब दो दर्जन सीटों पर मुकाबला रोमाचंक होने वाला है। जीत-हार का आंकलन कर पाना किसी भी राजनीतिक पंडित के लिए आसान नहीं होगा। कुल मिलाकर कांग्रेस की सुस्ती से समाजवादी पार्टी का प्रचार अभियान भी तेजी नहीं पकड़ पा रहा है जबकि पहले चरण के मतदान में अब मात्र दस दिनों का ही समय बचा है। कांग्रेस के रवैये के चलते सपा के कई दिग्गज नेता कांग्रेस आलाकमान से नाराज भी चल रहे हैं,इन नेताओं का कहना है कि कांग्रेस, सपा की पीठ पर सवार होकर पार करना चाहती है चुनावी वैतणनी। यूपी की 80 की 80 सीट जीतने का लक्ष्य बीजेपी ने रखा है। हालांकि ऐसा होना असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है। खासकर इंडी

**बीजेपी भी हर कदम फूंक-फूंक कर रख रही है। वहीं सपा-कांग्रेस भी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। हालांकि अमेठी, रायबरेली, बदायूं, घोषी, आजमगढ़, रामपुर समेत करीब दो दर्जन सीटों पर मुकाबला रोमाचंक होने वाला है। जीत-हार का आंकलन कर पाना किसी भी राजनीतिक पंडित के लिए आसान नहीं होगा। कुल मिलाकर कांग्रेस की सुस्ती से समाजवादी पार्टी का प्रचार अभियान भी तेजी नहीं पकड़ पा रहा है जबकि पहले चरण के मतदान में अब मात्र दस दिनों का ही समय बचा है। कांग्रेस के रवैये के चलते सपा के कई दिग्गज नेता कांग्रेस आलाकमान से नाराज भी चल रहे हैं,इन नेताओं का कहना है कि कांग्रेस, सपा की पीठ पर सवार होकर पार करना चाहती है।**

गठबंधन के बाद यूपी में क्लीन स्वीप कर पाना इतना आसान नहीं होगा। इस बार बीजेपी को अपनी जीती हुई सीट बचाने में भी मुश्किल होगी। वहीं 2019 में हारी सीटें जीतना एक बड़ी चुनौती रहने वाली है। हालांकि बीजेपी भी अपने काम और मोदी-योगी के नाम पर पूरी दमखम से जुटी हुई है। वहीं इस चुनाव में यूपी की कई अन्य सीटों पर क्रिकेट मैच के फाइनल की तरह करो या मरो जैसी स्थिति रहने वाली है। इस बार जो चुनावी रण में लड़ेंगा वही जीतेगा। लहर के भरोसे चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। बात अगर यूपी की सबसे कांटे की टक्कर वाली सीट की करें तो पहला और दूसरा नाम अमेठी एवं रायबेरली सीट का आता है। अमेठी लोकसभा सीट पर उसी स्थिति में मुकाबला कांटे का होने की संभावना है, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़े।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# एसपी ने सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं का किया भौतिक सत्यापन**



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार सहित भारी पुलिस बल के साथ उप्र. एवं मप्र. की सीमा पर स्थापित अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर-बिजौरी बैरियर का औचक निरीक्षण करते हुए सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

बैरियर चेक पोस्ट पर लगी ड्यूटी को चैक, ब्रीफ कर सीमा क्षेत्र में सतर्कता एवं सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मध्य प्रदेश सीमा से जनपद महोबा में प्रवेश करने वाले संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की सघन चेकिंग करायी गयी, चेकिंग के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस की चाक-चौबन्द सुरक्षा का विश्वास दिलाया गया। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल निर्विवाद एवं भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना अजनर क्षेत्र अंतर्गत क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदान केंद्रों इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल चमरुआ, प्रावि. चमरुआ, कम्पोजिट विद्यालय खमा, कंपोजिट विद्यालय धवर्रा का भ्रमण कर मतदान केंद्रों में समुचित मूलभूत सुविधाओं उचित प्रकाश, पेयजल, शौचालय आदि की उपलब्धता एवं सुरक्षा व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया गया व पायी गयी कमियों को समय से दुरुस्त किये/कराये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। स्कूलों मे शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों से संवाद कर शिक्षा के महत्व को बताते हुए बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दीं। इस दौरान थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार को सीमा क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए पूर्व के चुनावों में घटित घटनाओं की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने, चुनाव को प्रभावित करने वाले संभावित अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने, हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर सक्रिय एचएस के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पुलिस के मददगार व्यक्तियों की सूची बनाकर उनसे लगाकर संपर्क में रहकर लाभप्रद सूचनायें संग्रहित करने, क्षेत्र में माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

## पेयजल समस्या के निराकरण के लिए खोला गया कंट्रोल रूम

**कंट्रोल रूम में 24 घंटे रहेगी कर्मियों की तैनाती**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल समस्या के निराकरण के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में अधीनस्थ अधिकारियों को दिये गये निर्देशों का अनुपालन अधिकारियों द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। नगरीय क्षेत्रों के नोडल अधिकारी बनाये गये अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद महोबा अवधेष कुमार ने बताया कि जनपद की पांचों निकाय में आम जनमानस की पेयजल समस्या के समाधान हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना नगर पालिका परिषद महोबा में कर दी गयी है, जिसका फोन 05281-299400 है, जिसमें 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती कर दी गयी है एवं कंट्रोल रूम को प्राप्त होने वाली समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि कंट्रोल रूम को प्राप्त होने वाली पेयजल समस्या संबंधी शिकायतों का निस्तारण संबंधित निकाय को निर्देशित कर त्वरित कराया जायेगा।

# छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचने को किया जागरूक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिले में बढते हुये साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जिले में आपरेशन ज्ञान कवच चलाया जा रहा है। जिसके तहत शहर के रामकथा मार्ग स्थित एकता पैलेस में साइबर जागरुकता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कोचिंग में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को एकत्रित कर उनसे साइबर अपराध के संबंध में संवाद कर साइबर अपराध एवं उनकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मौजूद छात्र-छात्राओं द्वारा साइबर अपराध के संबंध में पूछे गये विभिन्न प्रश्नों के उत्तर, जानकारी प्रदान की गई व सभी को संतुष्ट किया गया।

शहर कोतवाली पुलिस टीम ने बताया कि वह सोशल साइट का प्रयोग करते समय व अन्य सोशल कार्य करते समय किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने, किसी से भी अपने एटीएम की डिटेल शेयर/साझा न करने, किसी भी अनाधिकृत सोशल मीडिया साइट से किसी प्रकार की खरीदारी न करने। स्क्रीन शेयरिंक एप मोबाइल में डाउनलोड न करें। व्हाट्स-एप, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम व अन्य सोशल मीडिया साइट पर टू-स्टेप-वैरिफेकेशन ऑन करके रखें। किसी भी अनजान वीडियो काल को रिसीव न करें। किसी भी साइबर अपराध के संबंध में साइबर हेल्प लाइन नं 1930 या बेवसाइट पर शिकायत करें या नजदीकी थाने में बनी साइबर सेल पर अपनी समस्या बताते हुए शिकायत दर्ज करायें। इस दौरान प्रशिक्षु एसआई संदीप विमल, अभिनव सिंह, दीक्षा, निकिता शुक्ला, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए अभिषेक कुमार, मकां. विभा सिंह, प्रिया सिंह सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

**शहर के एकता पैलेस में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

## खबरें एक नजर में

### सुलह समझौते से दंपति साथ रहने को हुए राजी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में मध्यस्थ अधिवक्ता राजनारायण निगम के प्रयास से उर्मिला पुत्री रामकिशन राजपूत निवासी हाल मुकाम पहाड़ीगढ़ी और दिलीप पुत्र शिवप्रसाद निवासी चिल्ली, थाना राठ के मध्य पारिवारिक विवाद पर सुलह समझौता से निस्तारण कराया गया। दंपति ने साथ रहने की सहमति व्यक्त की गई। जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, अपर जिला जज/सचिव गीतांजलि गर्ग ने दोनों पक्ष को बधाई दी और मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया।

### स्काउट गाइड प्रशिक्षुओं ने निकाली रैली



**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को ग्राम मकरांव में बीडीओ दुर्योधन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर कर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। स्व सुन्दर लाल शिवहरे डिग्री कॉलेज मकरांव में स्काउट गाइड शिविर में ध्वज शिष्टचार प्रार्थना स्काउट झंडा गीत के साथ लीडर ट्रेनर स्काउट अकबर अली के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें स्काउट गाइड ने टेस्ट पिचिंग गांठ बंधन का प्रदर्शन किया। उपस्थित जनसमूह को बीडीओ ने मतदाता शपथ ग्रहण कराई। तथा ग्राम मकरांव में मतदाताओं से सीधे सम्पर्क कर मतदान दिवस 20 मई को शत प्रतिशत मतदान की अपील की। इस अवसर पर स्काउट गाइड के प्रशिक्षुओं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं शिक्षक एवं महिला सहायता समूह, आंगनबाड़ी, आशा इत्यादि के साथ लगभग 500 लोग रैली में शामिल रहे। विशेष रुप से प्राचार्य डा महेश चंद्र गुप्ता, डॉ राकेश कुमार, विवेक, रंजन, संतोष कुमार, मीना गुप्ता, रामरक्षपा, राम प्रकाश, विष्णु दास, मनीष, उमर, मनीष गुप्ता, योगेश कुमार, पंकज शुक्ला, शिवनारायण एवं ग्राम सचिव उपेंद्रनाथ पांडे उपस्थित रहे।

### छह में से तीन केंद्र संचालित एक के पास जगह का अभाव

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के नवीन गल्ला मंडी में खोले गए आधा दर्जन गेहूं खरीद केंद्रों में से तीन करीब 40 दिन गुजरने के बाद भी संचालित नहीं हो सके हैं। शेष तीन में से एक केंद्र पर अब गेहूं को रखने की जगह नहीं है। वहीं प्रदेश से बाहर गेहूं भेजने पर मंडी समिति ने गेट पास बंद कर देने से व्यापारियों ने भी खरीद करने से हाथ खड़े कर दिए हैं। इससे किसान परेशान हो रहा है। प्रशासन ने इस वर्ष कस्बे की नवीन गल्ला मंडी में आधा दर्जन गेहूं खरीद केंद्र खोलने की अनुमति दी थी। अभी तक विपणन शाखा, क्रय विक्रय सहकारी समिति, पीसीएफ किसान सेवा केंद्र के ही केंद्र संचालित हो सके हैं। मंडी समिति, एफसीआई व नेफेड के केंद्र अभी तक संचालित नहीं है। मंडी समिति ने इस माह केंद्र खोल दिया है। लेकिन उसके पास बारदाना नहीं है। इस तरह से महज तीन केंद्र ही संचालित हो रहे हैं। पीसीएफ किसान सेवा केंद्र के प्रभारी शिव सिंह ने बताया कि उनके पास टीन होने से गेहूं रखने की जगह नहीं है। इससे खरीद प्रभावित हो रही है। गल्ला व्यापारी गेहूं खरीद करके किसानों को राहत दे रहे थे। लेकिन प्रदेश से बाहर गेहूं भेजने पर मंडी समिति ने गेट पास बनाना बंद कर दिया है। इससे व्यापारियों ने खरीद से पल्ला झाड़ लिया है। गल्ला व्यापारी उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि उन्होंने पश्चिम बंगाल गेहूं भेजने के लिए गेट पास का आवेदन किया था। लेकिन मंडी ने निरस्त कर दिया। इस वजह से लोड ट्रक खाली कराना पड़ा। जिससे गेहूं खरीद बंद कर दी है। भाकियू राजनैतिक टिकैत गुट के नेता संतोष सिंह ने कहा कि यह किसानों के साथ नाइंसाफी है। भाजपा सरकार किसान विरोधी है। उनकी कथनी करनी में बहुत अंतर है। इस सरकार में किसानों के साथ कदम कदम पर धोखा हो रहा है। आमदनी दुगनी करने की बात छलावा है।

### युवक गिरकर हुआ बेहोश, पीएचसी पहुंचने से पहले हुई मौत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के हिंदुस्तान यूनीलीवर के पीछे काबर हार में एक खेत में अज्ञात युवक अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। जिसे पुलिस ने आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा है। खेतों में काम कर रहे कस्बे के किसान रामफल प्रजापति, बच्चा कुशवाहा, चुनूबाद आदि ने बताया कि एक युवक उम्र करीब 27 वर्ष काबर हार में हिंदुस्तान यूनिलीवर के पीछे प्रहलाद पाल के खेत में दोपहर करीब एक बजे नंगे बदन घूम रहा था। अचानक उसे चक्कर आया और वह बेहोश होकर खेत पर ही गिर पड़ा। जिस पर किसानों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेहोश युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। पंचनामा भरने पीएचसी आये कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताया कि मृतक युवक के दाहिने हाथ में अंग्रेजी से भारत लिखा हुआ है। जबकि दोनों बाजुओं पर फूल बने हुए हैं। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. पुष्पेंद्र व डा. शशांक का अनुमान है कि घटना किसी नशीली दवा का ओवरडोज लेने से हुई है। सही कारण पोस्टमार्टम होने के बाद ही चलेगा। कस्बा इंचार्ज ने कहा कि युवक की शिनाख्त के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया जा रहा है। बताया कि मृतक के शरीर में सिर्फ जांघिया है।

# मजिस्ट्रेटों ने डीएम को दी बूथों की स्थिति की जानकारी

**कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के क्रम में सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा मतदान केंद्रों के भ्रमण के दौरान पाई गई कमियों की समीक्षा बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। बैठक के दौरान सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटो ने अपने-अपने बूथों की स्थिति के बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटो को निर्देशित करते हुए कहा कि आप लोग यह सुनिश्चित कर ले कि किसी भी मतदान केंद्र पर मलवा एवं ईट पत्थर नहीं होना चाहिए और सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण अच्छे ढंग से कर ले। मतदान के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, टेंट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर पानी का वाटर लेवल नीचे है उन मतदान केंद्रों में टैंकरों के द्वारा पानी की व्यवस्था की जाए और कहा कि जिन मतदान केंद्रों में विद्युत तार नीचे होने से समस्या आ रही है उन विद्युत तारों को तत्काल ऊपर किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्म 12 डी 85 साल से ऊपर के मतदाताओं के घर-घर जाकर फॉर्म भरे जाएं। उन्होंने अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी से कहा कि जिन मतदान केंद्रों में रोड की समस्या है उन रोडो की तत्काल मरम्मत करवाई जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मो. मोईनुल इस्लाम, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सविता राजपूत सहित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर पड़ा मिला अधेड़ का शव

**सिर में चोट के निशान, पुत्र ने जताई हत्या की आशंका**

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव में एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर के बाहर पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक अधेड़ व्यक्ति के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मृतक के पुत्र ने पिता की हत्या की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव निवासी परशुराम 55 पुत्र आशाराम का शव बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर के बाहर दरवाजे पर पड़ा हुआ मिला। मृतक के पुत्र तीरथ कुशवाहा ने बताया कि मंगलवार की रात्रि वह अपने पूरे परिवार के साथ खेत में गेहूं की कटाई करने गया था। आशंका जताई कि घर आने पर किसी ने उसके पिता की हत्या कर दी। वहीं घटना को लेकर कोतवाली पुलिस का कहना था कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद कार्रवाई की जायेगी।

# शहर के छोटी चंद्रिका मंदिर में चल रहा कन्या भोज

**नवरात्र में हर ओर सुनाई दे रहे देवी भक्ति गीत**



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

नवरात्र के लेकर माहौल भक्तिमय बना हुआ है। शहर के छोटी चंद्रिका मंदिर में पहले दिन से ही कन्या भोज का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र में हर ओर देवी जी के भक्ति गीत सुनाई दे रहे है। भक्तों ने मां के चरणों में आस्था अर्पित करते हुए परिवार की सुख समृद्धि व विश्व कल्याण की कामना की।

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शहर के मां बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर, मां छोटी चंद्रिका देवी मंदिर, शारदा माता मंदिर, विंध्यवासिनी मंदिर, चरखारी के मां मदारन देवी मंदिर, मां महेश्वरी देवी, पनवाड़ी की बड़ी माता मंदिर सहित जिले के अन्य देवी मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मां दुर्गा की आराधना की नौ दिवसीय आराधना के दूसरे दिन घरों और मंदिरों में देवी के द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी स्वरूप का श्रृंगार कर पूजा और आराधना की गई। मंगल कामना के लिए दुर्गा सप्तशती के सस्वर पाठ आरंभ हुए तो कहीं सुख-समृद्धि और शांति के लिए अनुष्ठान चलते रहे। घरों से लेकर देवी मंदिरों तक नवरात्र की आराधना के लिए भक्तों का उत्साह देखने को मिला। मंदिरों में घंटे-घड़ियाल के साथ दिन भर मंत्रोच्चार गूंजते रहे। नवरात्रि के दूसरे दिन मां भगवती के ब्रह्मचारिणी स्वरूप का भव्य श्रृंगार पूजन किया गया। भक्तों ने मां के चरणों में आस्था अर्पित करते हुए परिवार की सुख समृद्धि व विश्व कल्याण की कामना की। जिले में इन दिनों माहौल भक्ति मय बना हुआ है और धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही घरों व मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन चल रहा है।

# नेशनल हाईवे पर लगा जाम, 12 घन्टे बाद आगमन हुआ सुचारू



**पनवाडी/महोवा, समृद्धि न्यूज।**

कस्वे से निकले नेशनल हाईवे रोड पर अर्ध रात्रि से वाहनो के लगे जाम को वारह घन्टे वीत जाने के वाद तमाम प्रयासो के वाद खुल सका रात्रि से फसे जाम मे वाहन चालको ने राहत की सांस ली।

वताते चले कि कस्वे से निकले नेशनल हाईवे झाँसी मिर्जापुर रोड जीर्ण शीर्ण एव क्षति ग्रस्त होने पर एक साइड से सी सी सडक का निर्माण पी डव्लू डी द्धारा कराया जा रहा है इसी के सवव सडक वन वै वनी हुयी है इसी हाईवे से पाठक पुरा से स्योडी नगारा वराना नगारा आदि ग्रामो के लिए रास्ता जाता है और उपरोक्त गाँवो मे वालू खनन किया जा रहा है इन वालू खदानो पर करीव पाँच सैकडा ट्रक एव डफ्फर वालू लोडिग कर निकलते है। सड़क का निर्माण कार्य के चलते सड़क वन वै वना दी गयी रात्रि मे किसी वाहन चालक के मनमानी पूर्ण वाहन निकालने से जाम लग गया जिसके परिणाम स्वरूप दोनो साइड करीव चार किलो मी लम्वा जाम लगा रहा अर्ध रात्रि से लगे जाम आज वारह वजे दिन मे काफी जतन के वाद खुल सका वाहन चालको ने ली राहत की सांस ली है।

## शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे पेट्रोल पंप डीलर, गैस एजेंसी धारक सहित कोटेदार




**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में जनपद के सभी पेट्रोल पंप डीलर, गैस एजेंसी धारक और कुछ कोटेदारों की बैठक हुई। जिसमें मतदाता जागरूकता बढ़ाने और जनपद में 20 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पेट्रोल पंप डीलर व गैस एजेंसी धारक अपने प्रतिष्ठानों में आने वाले ग्राहकों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करें। तकि जनपद मतदान प्रतिशत में प्रदेश व देश में स्थान पा सकें। इस मौके पर सभी पेट्रोल पंप डीलर, गैस एजेंसी धारक, कोटेदार सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संघ की हड़ताल के बाद मिली पीठासीन अधिकारी के स्थानांतरण की सूचना

**मिठाई खिला व गले मिल जीत की जताई खुशी**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन एवं प्रोग्रेसिव एण्ड पेक्टिसिम डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की संयुक्त बैनर तले जो हडताल प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी कु0 अराधना रानी के विरुद्ध शुरू की गयी थी। उसका परिणाम बुधवार को उनके स्थानान्तरण के साथ आने से अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर एवं गले लगकर खुशी का इजहार किया।

परिवार न्यायालय की पीठा सीन अधिकारी के विरुद्ध डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन एवं प्रोग्रेसिव एण्ड पेक्टिसिम डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की संयुक्त हड़ताल 33 दिनों तक चली थी। बुधवार को परिवार न्यायालय की पिठाशीन अधिकारी कु0 अराधना रानी के स्थानान्तरण की सूचना मिलते ही कचेहरी परिसर के अधिवक्तागणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

अधिवक्ताओं ने आपस में एक दूसरे को गले मिलकर व लड्डू खिलाकर बधाइयां देते हुये नजर आये दोनों बार संघों के अध्यक्ष व महामंत्री के बस्ते में अधिवक्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा।अधिवक्ता संघ जिन्दाबाद के नारे से कचेहरी परिसर गूंज उठा। अधिवक्ता संघ के महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला ने कहा कि यह सत्य की जीत है तानाशाही के विरूद्ध सभी अधिवक्ता किसी के दबाव में नही आयेगें। और न ही किसी का दबाव बर्दाश्त करेंगे। कहा कि जल्द ही बैठक कर आन्दोलन में साथ देने वाले जनपद से बाहर के अधिवक्ताओं को इस खुशी के मौके पर सम्मान दिया जायेगा तथा परिवार न्यायालय के विरुद्ध जारी बहिष्कार पर उचित निर्णय लिया जायेगा।

# मां के जयकारों से गूंज उठा हमीरपुर



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की दर्शन पूजन की गई। भोर से ही जिले भर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ पहुंचने लगी। मुख्यालय स्थित मां चौरा देवी, गौरा देवी एवं दुर्गा देवी मंदिर परिसर में बुधवार को श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। भक्तों ने ज्ञान, वैराग्य और ध्यान की देवी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दूर दराज से आए भक्तों ने दर्शन पूजन कर मंदिर परिसर में मनौती को पूरा होने पर पीतल के घंटा सहित अनेक प्रकार के उपहार चढ़ाए। मां भगवती के मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए भक्तों का रेला लगा रहा। नवरात्र को देखते हुए मंदिर परिसर में माला-फूल, धूप-बत्ती की दुकानें भी सज गई है। भोर से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। देवी के जयकारे से देवी दरबार देर रात गूंजते रहे। मंदिरों के अलावा घरों में कलश स्थापित कर महिलाएं पूज अर्चना कर रही है। भक्त जगह-जगह दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालिसा, आरती पाठ करने में व्यस्त रहे। नौ दिन चलने वाले नवरात्र से पूरा बातावरण भक्तिमय हो गया है। मंदिर परिसर में पूजा सामग्री और माला फूल की दुकानें श्रद्धालुओं को अपने ओर आकर्षित कर रही है। श्रद्धालु नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित कर हाजिरी लगा रहे हैं।वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मंदिर परिसरों में महिला पुलिस सहित सादा वर्दी पुलिस को भी तैनात किया है।

## गल्लामंडी में मजदूर ने युवक पर लगाया मारपीट का आरोप

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के गल्ला मंडी में मजदूरी का कार्य करने वाले एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित मजदूर ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी राजू पुत्र लालू रैकवार ने बताया कि वह गल्ला मंडी में मजदूरी का कार्य कर अपना भरण पोषण करता है। बताया कि वह गल्ला मंडी में मजदूरी कर रहा था। उसी दौरान वहीं पर मौजूद कस्बे के खुशीपुरा मोहल्ला निवासी लालू और उसके भाई अमन के अलावा उसके पिता ने बेवजह उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।

# युवती का अपहरण करने वाले युवक को जेल

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

अपहरण कर हैदराबाद ले जाकर धर्म परिवर्तन के बाद जबरन निकाह किए जाने का एक मामला सामने आया है। युवती के पिता की तहरीर पर जबरन धर्म परिवर्तन कर निकाह किए जाने की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। धर्म परिवर्तन अधिनियम सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जरिया थाने के सरीला कस्बा निवासी युवती के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 19 साल की बेटी का गैर समुदाय के एक युवक ने कुछ दिन पहले अपहरण कर लिया था। आरोप लगाया कि युवक ने उसकी पुत्री का धर्मांतरण कराकर जबरन शादी करना चाहता है। मामले में सरीला चैकी पुलिस लीपा-पोती में जुटी रही और मुकदमे में भी आरोपी को बचाने की कोशिश में लग गई। बताया कि कई दिन बीतने के बाद तक पिता दर-बदर भटकता रहा। जब इसकी जानकारी हिंदू संगठन के लोगों को हुई तो मामला पुलिस महकमे के उच्चाधिकारियों तक पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने 31 मार्च को पीड़िता के पिता की तहरीर पर कस्बे के मुबारक अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके बाद लगातार हिंदू संगठन के लोग लड़की की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते रहे। कुछ समय बाद पीड़िता आरोपी के चुंगल से छूटकर हमीरपुर वापस आ पहुंची तो पुलिस ने उसे बरामद कर लिया। पीड़िता के पिता को बताया कि आरोपी युवक मुबारक अली उसे हैदराबाद ले गया, जहां जबरन बेटी का धर्म परिवर्तन कराया फिर उससे निकाह किया। तीन दिन तक उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाये। किसी तरह से बेटी उसके चुंगल से छुटकर वापस आ गई है। पुलिस ने पीड़िता के 164 के बयान के बाद धर्म परिवर्तन अधिनियम व रेप सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जरिया थाना प्रभारी प्रिन्स दीक्षित ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## राठ विधानसभा क्षेत्र के जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण संपन्न

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को नवीन गल्ला मंडी के सभागार में राठ विधानसभा क्षेत्र के जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को चुनाव का प्रशिक्षण देकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कराकर ईवीएम ले जाने तथा चुनाव संपन्न कराकर वापस लाकर जमा कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

बुधवार को एडीएम राजस्व एवं वित्त विजयशंकर तिवारी, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार ने राठ विधानसभा क्षेत्र के जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण नवीन गल्ला मंडी कार्यालय के सभागार में संपन्न कराकर लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया क़ो बिंदुवार समझाकर सभी को स्ट्रांग रूम का अवलोकन कराकर मतदान संपन्न कराने के लिए ईवीएम ले जाने तथा मतदान कराकर वापस लाकर जमा कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम राठ, एसडीएम सरीला, एसडीएम मौदहा, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी कुलकमल सिंह यादव, नवीन गल्ला मंडी के लिपिक राकेश कुमार वर्मा सहित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि मौजूद रहे।

# नलकूप निर्माण व पाइप लाइन बिछाने में मानक के अनुरूप नहीं हो रहा कार्य

**सभासद सहित मोहल्ले के लोगों ने निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की**

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद ने पानी की किल्लत से जूझ रहे क्षेत्रों में नलकूप लगाने व पाइप लाइन विस्तार के लिए लाखों रुपये जल संस्थान को दिए है। हालांकि इसका निर्माण कार्य शुरू होते ही अभी से ही आरोप लगने लगा कि सम्बंधित अधिकारी मानक के अनुरूप काम ही नहीं कर रहे है। मामला फत्तेपुर की उस बस्ती का है जहां पानी के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है और नलकूप स्थापित किया जा रहा है।

फत्तेपुर मोहल्ले के सभासद इमरान व इसी मोहल्ले के निवासी दीपक सैनी सहित अन्य कई लोगों ने इस बात पर गहरा रोश जताते हुए कहा है कि जो कार्य जल संस्थान पेयजल योजना के तहत नलकूप और पाइप लाइन डालने का कार्य चल रहा है। वह बेहद घटिया स्तर का है और मानक के विपरीत है। यहां तक कि जो पाइप लाइन तीन फीट पर पड़नी चाहिए। वह डेढ़ फीट की गहराई से ही डाली जा रही है। जो सरिया 12 एमएम की पड़नी चाहिए वह 8 एमएम की है। यही हाल बीम की सरियों व पिलर की सरियों के जाल का है। पिलर की निर्धारित मानक की गहराई में भी कटौती कर कार्य कराया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह भवन बहुत दिन तक टिक जाए, इसका निर्माण कार्य देख के नहीं लगता है। शिकायतकर्ताओं ने शासन व जिलाधिकारी से मांग की है कि इसकी विधिवत किसी अन्य विभाग के अभियंताओं से जांच कराई जाए जो उप जिला अधिकारी की देख रेखा में हो। जिससे सरकार की लाखों रुपये की धनराशि का सदुपयोग हो सकें और लोगों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े। इस संबंध में जल संस्थान के अवर अभियंता विश्लेंद्र नाथ ने बताया कि उन्होंने मानक के अनुसार काम कराया है और देखा है। काम जो ठेकेदार कर रहा है वह संतोषजनक है।

# मुस्कान इंस्टीट्यूट ऑफ स्टडी पर लगा ठगी का आरोप

- बीएससी नर्सिंग कोर्स कराने के नाम पर वसूली मनमानी फीस
- संस्थापक, डायरेक्टर सहित डॉ. रेहान सिद्दीकी पर लगाया आरोप



जिलाधिकारी से शिकायत करने जातीं बीएससी नर्सिंग की छात्रायें।

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बीएससी नर्सिंग कोर्स कराने के नाम पर मोटी फीस वसूलने के बाद भी नर्सिंग कोर्स कराने के नाम फर्जीबाड़े को अंजाम देकर छात्राओं के भविष्य को बर्बाद करने के मामले में बुधवार को तीन छात्राओं ने अलग-अलग प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को संबोधित देते हुये मुस्कान इंस्टीट्यूट ऑफ स्टडी के डायरेक्टर डॉ. अंकुर शुक्ला, संचालक डॉ. रेहान सिद्दीकी व संस्थापक देवेंद्र शुक्ला पर ठगी करने का आरोप लगाते हुये उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

जिलाधिकारी को संबोधित दिये गये शिकायती पत्र में दलित छात्रा राखी पुत्री स्व. राहुल देव निवासी मोहल्ला नया राजेंद्र नगर उरई ने बताया कि मैंने वर्ष 2022 में इंटर पास कर बीएससी नर्सिंग में मुस्कान इंस्टीट्यूट ऑफ स्टडी में लिया था जहां 65 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर फीस बतायी गयी साथ ही प्रैक्टीकल व परीक्षा फीस अलग से देने की बात हुयी थी। उक्त संस्था के डायरेक्टर डा. अंकुर शुक्ला ने यह भी कहा था कि यदि एकमुश्त फीस जमा नहीं कर सकती तो उसके किस्तों में जमा कर सकती है। मैंने सत्र 2022-23 में बीएससी नर्सिंग कोर्स में प्रवेश लिया और 17 अगस्त 22 को फीस के रूप में 5 हजार रुपये जमा किया था इसके बाद 50 रुपये प्रतिदिन कराया देकर इंस्टीट्यूट में पढ़ने जाने लगी। इसके बाद मैंने 1 सितंबर 22 को दस हजार, 16 नवंबर 22 को 5 हजार, 1 फरवरी 23 को 5 हजार, 20 मार्च 23 को 5 हजार, 3 जून 23 को 3 हजार रुपये, 14 अगस्त 23 को सात हजार रुपये, 15 सितंबर 23 को 5 हजार जमा किये थे। जब मेरे प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 6 महीने में हो जानी थी जो अभी तक नहीं हुयी और 10 हजार रुपये की मांग करने लगे। 17 सितंबर 23 को मैंने 9475 रुपये जमा किये फिर भी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नहीं करायी गयी। जब मैंने अंकुर शुक्ला व डा. रेहान सिद्दीकी से अनुरोध किया तो वह कई छात्राओं को लेकर उत्तराखंड के एक होटल में ले गये जहां बगैर प्रवेश पत्र के फर्जी परीक्षा 18 से 24 सितंबर के बीच डिवाइन कालेज ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरा मेडिकल साइंस से करा दी गयी और कहा कि कोई भी छात्रा घर जाकर अपने अभिभावकों कुछ नहीं बताना बरना तुम लोगों के साथ बहुत बुरा होगा।

छात्रा राखी ने इस तरह से बीएससी नर्सिंग कोर्स कराने के नाम पर खुलेआम ठगी का आरोप लगाते हुये आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने व फीस वापस दिलाने की गुहार लगायी है। इसीक्रम में छात्रा शिवानी कुशवाहा पुत्री सुशीलचंद्र कुशवाहा निवासी ग्राम भेंड व निशि पुत्री सत्यप्रकाश निवासी ग्राम भेंड़ ने भी इसी प्रकार के आरोप लगाते हुये बीएससी नर्सिंग का कोर्स कराने के नाम पर मोटी फीस वसूलकर ठगी करने का सनसनी खेज आरोप लगाये हैं। उक्त सभी छात्राओं ने जिलाधिकारी से मुस्कान इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग स्टडी के डायरेक्टर, संचालक व संस्थापक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## ट्रक चालक ने बाइक में टक्कर मार महिला को रौंदा

**कालपी (जालौन)।** पति तथा पुत्र के साथ बाईक पर सवार होकर रिश्तेदारी में जा रही महिला बाईक से उछलकर सड़क पर गिर गई जिसे पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया है।

सूत्रों की मानें तो जनपद कानपुर देहात के ग्राम रूरा निवासिनी रानी देवी अपने पति सोनीशंकर तथा पुत्र कुलदीप के साथ बाईक पर सवार होकर कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नगँवा जा रहे थे लेकिन जनपद सीमा में प्रवेश से पहले दौलतपुर गांव के सामने महिला बाईक से गिर गई थी और पति तथा पुत्र कुछ समझ पाते कि इससे पहले पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गयी थी जिसमें महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई थी आनन फानन पिता पुत्र उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी लाये थे लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मामले की सूचना भोगनीपुर थाना पुलिस को दी गई है।

# गेहूं खरीद केंद्रों पर घपले की शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

किसानों को गेहूं बेचने में कोई परेशानी न हो और उन्हें अनावश्यक परेशान न किया जाए। अगर किसी केन्द्र की शिकायत मिली एवं जांच के दौरान मामला सही पाया गया तो उसे बख्शा नहीं जायेगा।

यह निर्देश एसडीएम ने गेहूं क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारियों को दिए। सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों का संचालन ठीक ढंग से हो और किसानों को गेहूं बेचने में कोई दिक्कत न हो इसके लिए, एसडीएम लगातार क्र य केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। कृषि उत्पादन मंडी समिति में संचालित 19 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद चल रही है। दलालों के माध्यम से गेहूं की खरीद न हो और छोटे छोटे किसानों की खरीदारी के साथ ही उनका भुगतान भी समय से कराया जाए। सरकार की मंशा के अनुसार किसानों को उनकी उपज का हर हाल में सही मूल्य मिले।



सरकारी गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम।

इसे जांचने के लिए एसडीएम अतुल कुमार ने नवीन गल्ला मंडी में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने गेहूं बेचने आए किसानों से बातचीत की और उनसे क्रय केंद्र पर मिली सुविधाओं की भी जानकारी ली। किसानों ने कोई दिक्कत न होने की बात कही। मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार ने बताया कि गेहूं की खरीद सुचारू चल रही है। मंगलवार तक क्रय केंद्रों पर लगभग 10 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। इस मौके पर राघवेंद्र सिंह, निखिल श्रीवास्तव आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# एमएसपी पर ही गेहूं की खरीद को लेकर गल्ला व्यापारी खफा

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

एमएसपी पर ही गेहूं की खरीद करने के शासन के निर्देश से गल्ला व्यापारी खफा है। बुधवार को इसके विरोध में वह व्यापारिक गतिविधियों से बिरत रहे।

विदित हो कि शासन ने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि जिन जिन्सो पर एमएसपी लागू है और सरकारी क्रय केन्द्र संचालित है तो उक्त जिन्से एमएसपी से कम कीमत पर न खरीदी जाये इसको लेकर गत दिनो जनपद के दौरे पर आये खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभबाबू ने इसे सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं और तभी से गल्ला मण्डी में व्यापारियों द्वारा गेहूँ की खरीद नही की जा रही है और इसी के चलते बुधवार को गल्ला व्यापारी हड़ताल पर रहे। गल्ला व्यापार मण्डल के अध्यक्ष गौतम सिंह यादव के अनुसार शासन के इस फरमान से किसान भी परेशान है तथा व्यापारियों के कामकाज पर भी असर पड़ा है क्योंकि अभी लाही, मटर और मसूर की भी खरीद शुरू होने वाली है तो ऐसे में उनका तो व्यापार ही बन्द हो जाएगा हालाकि अभी यह एक दिन की साँकेतिक हडताल है और जरूरत पड़ी तो आगे भी गल्ला व्यापारियों के हितो के लिए संघर्ष किया जाएगा।



गल्ला व्यापारी हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते।

## संवेदनशील पोलिंग बूथों पर सुरक्षा कर्मियों ने पहुंच मतदाताओं को दिया सुरक्षा का भरोसा

**कुठौंद (जालौन)।** गोहन थाना क्षेत्र के अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक दिव्य प्रकाश तिवारी एवं अर्ध सैनिक बलों के साथ अति संवेदनशील स्थानों पर लगातार रूट मार्च करके आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिया जा रहा है थाना प्रभारी निरीक्षक दिव्य प्रकाश तिवारी के द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत अर्द्ध सैनिक बल व थाना गोहन पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन के तहत रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग कर क्रिटिकल एवं वर्नेबल मतदान केंद्रों पर जाकर आमजन में सुरक्षा का एहसास कराया गया थाना प्रभारी निरीक्षक दिव्य प्रकाश तिवारी के द्वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त अति संवेदनशील पोलिंग बूथो पर अर्ध सैनिक बलों के साथ लगातार रूट मार्च किया जा रहा है।

# पत्नी के न आने से परेशान पति फांसी पर झूला

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

पत्नी के न आने से परेशान पति ने साड़ी से फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी पप्पू (30) पुत्र हरीशंकर खेतों में मजदूरी का करता था। लगभग चार माह पूर्व उसकी पत्नी अपने मायके गई थी। चार माह से वह पत्नी को वापस बुलाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन किसी कारणवश पत्नी ससुराल नहीं आ रही थी। पत्नी के वापस न आने से दुखी पप्पू काफी परेशान रहता था। बुधवार की दोपहर करीब एक बजे वह घर में था। अचानक से वह कमरे में चला गया। कमरे में छत के हुक में उसने साड़ी का फंदा बनाकर लटका लिया और खुद भी फंदा गले में डालकर लटक गया। काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने अंदर जाकर देखा तो उसका शव फंदे तक लटक रहा था।



मृतक पप्पू की फाइल फोटो।

तत्काल इसकी सूचना ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसआई निसार अहमद मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बता दें मृतक के दो पुत्र कार्तिक (7), कुणाल (5) हैं।

## नवरात्रि के प्रथम दिन निकला अखाड़ा समिति का जुलूस

**सोनभद्र दुद्धी।** कस्बे में 9अप्रैल चैत्र नवरात्रि के मौके पर प्रथम दिन बड़े हर्षोल्लास के साथ जय बजरंग अखाड़ा समिति यो जुलूस निकाला गया ।जिसमे लोगों ने एक से बढ़कर एक लठ मार खेल का प्रदर्शन किया गया। बता दे की हर वर्ष की तरह इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा चैत्र नवरात्रि के पहले दिन जुलूस निकालने की परंपरा है । इसी के क्र म में मंगलवार को करीब 8बजे मां भगवती के पूजन अर्चन के बाद नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से अखाड़ा जुलूस निकाला गया।

## खबरें एक नजर में

### ब्लॉक परिसर में किसान यूनियन की बैठक सम्पन्न



**श्रीदत्तगंज,बलरामपुर।** भारतीय किसान क्रांति यूनियन की एक बैठक विकास खण्ड श्रीदत्तगंज परिसर में आयोजन किया गया जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर तीन सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ विकास खण्ड श्रीदत्तगंज को सौंपा गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह, जिला महासचिव वंश राज वर्मा, तहसील अध्यक्ष बड़े लाल पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष बलराम मिश्रा, बलरामपुर ब्लाक प्रभारी हरिद्वार यादव समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में मरीजों को बांटी दवा

**जालौन (उरई)।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के तत्वावधान में आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत ग्राम हरदोई राजा में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिकवर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 492 रोगियों को निशुल्क दवा वितरित की गई। आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा राजपूत ने दीप प्रज्जवलन कर व भगवान धन्वंतरि, मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान डॉ. पूजा राजपूत ने कहा कि आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का सर्वाधिक लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को हुआ है। उन्हें गांव में ही स्वास्थ्य परीक्षण और निशुल्क दवा दी जा रही है। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा राजपूत, प्रशिक्षु चिकित्सक डॉ. आयुष एवं स्टाफनर्स प्रियंका देवी, राहुल पाठक, रतन सिंह, प्रशिक्षु फर्मासिस्ट किशन सोनी आदि ने वातव्याधि, चर्म रोग, ज्वर, ग्रहणी, अतिसार, उदर रोग, कटिशूल, प्रतिश्याम आदि रोगों के 492 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की।

### 12 से शुरू होगी साकेत महाविद्यालय की प्रवेश प्रक्रियाः प्राचार्य

**अयोध्या।** का.सु.साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या में सत्र 2024-25 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर (बी.ए., बी.एस-सी,बी.कॉम.व बी.सी.ए.) व परास्नातक प्रथम सेमेस्टर (एम.ए.,एम.एस-सी,एम.कॉम) में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रि या 12 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय के वेबसाइट तथा प्रवेश वेबसाइट पर अपने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।इंटरमीडिएट या स्नातक अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित हो जाने के पश्चात प्रवेश आवेदन फार्म अपडेट करने का अवसर मिलेगा। प्रवेश संबंधी सूचना और महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी के लिए अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। सत्र 2024- 25 के लिए प्रो.अनुराग मिश्रा को प्रवेश संयोजक,प्रो.अंजनी कुमार सिंह को अतिरिक्त प्रवेश संयोजक,प्रो.आशुतोष त्रिपाठी प्रभारी,विज्ञान संकाय,प्रो.अशोक कुमार राय प्रभारी,विधि संकाय, प्रो.प्रतिभा राय प्रभारी शिक्षा संकाय,प्रो.योगेंद्र प्रसाद त्रिपाठी प्रभारी,कला संकाय,प्रो.अशोक कुमार मिश्रा,प्रभारी वाणिज्य संकाय व प्रो.ओ.पी.यादव और प्रो.आशुतोष सिंह को प्रवेश पर्यवेक्षक नामित किया गया है।

## मोहनजोत महायज्ञ प्रारम्भ , कन्याएं ने निकाली कलश यात्रा

**उतरौला,बलरामपुर।** 271 कन्याओं ने उठाया कलश हजारों की संख्या मे उमड़ा जनसैलाब, डीजे संग नाचते गाते हुए श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचा राप्ती नदी के तट पर। विकास खण्ड उतरौला क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत मोहनजोत केवटली मे पिछले 13 वर्षो से लगातार श्री श्री 1008 समय समाज सेवा ट्रस्ट के तत्त्वाधान में लगातार 13वर्षो से श्री सत चंडी महायज्ञ का आयोजन श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा है, कोषाध्यक्ष/सर्वराकर मनी राम यादव ने बताया कि पूरे क्षेत्र के विशेष सहयोग से दर्जनों गांवों के श्रद्धालु कड़कड़ाती धूप में शोभा यात्रा मे सम्मिलित हुए, कलश यात्रा प्रारंभ होनेके पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिध अनूप गुप्ता ने भगवा ध्वज दिखा कर यात्रा को रवाना किया अध्यक्ष राम शंकर दास,शुक्ला ढोलक वादक आदि उपस्थित रहे।

## नगर के पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की सुविधाओं का लिया जायजा

**जालौन (उरई)।** नगर में बने पोलिंग बूथों का एसडीएम ने निरीक्षण किया और बूथ पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाएं को भी देखा। पोलिंग बूथ पर अंकित होने वाली सूचनाओं को शीघ्र अंकित कराने एवं सुधार करने के निर्देश दिए हैं। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने व मतदाताओं की मिलने वाली सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। बुधवार को एसडीएम अतुल कुमार ने जालौन बालिका इंटर कालेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुरलीमनोहर व नगर पालिका स्कूल में बने पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया।

# व्यवस्थाएं ऐसी हों जिससे श्रद्धालुओं को प्राप्त हो दर्शनः एडीजी जोन




**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

आगामी चैत्र रामनवमी मेले को लेकर मंगलवार को अयोध्या पहुंचे ए.ड़ी.जी जोन लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेंगर मण्डलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ आयुक्त सभागार में बैठक की।बैठक में एडीजी जोन ने कहाकि रामनवमी मेले के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बहुत अधिक बढ़ोत्तरी की सम्भावना है, इसके लिए सभी सम्बंधित विभाग एवं पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय के साथ एक ऐसी व्यवस्था बनायें जिससे कि मेले के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को श्री रामलला के सुगम दर्शन प्राप्त हो सकें।उन्होंने कहाकि अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के आसपास के स्टेशनों व हाल्टों के आसपास भी भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाय।मण्डलायुक्त श्री दयाल ने मेले के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन प्राप्त हो सके,इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान गर्मी से बचाव हेतु सभी पर्याप्त व्यवस्थाएं रहें,मेला क्षेत्र में जगह जगह पर पीने के पानी के प्वाइंट हो तथा मेला क्षेत्र में स्थित शौचालयों की सफाई हेतु पर्याप्त मैनपावर रहे जो निरन्तर साफ सफाई करते रहे।उन्होंने कहा कि पीने के पानी व शौचालयों के संकेतक मेला क्षेत्र में लगाए जाये।

जिससे कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हों।मण्डलायुक्त ने कहा कि मेला क्षेत्र में बनाये गये होल्डिंग एरिया में धूप से बचाव हेतु पर्याप्त कैनोपी हो तथा %मे आई हेल्प यू हेतु बनाये गये बूथ निरंतर संचालित रहे।उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को मेले के दौरान अपने जूता चप्पल व अन्य सामान को अपने वाहनों में ही रखने के लिए प्रेरित किया जाय,जिससे कि मेले के दौरान दर्शन करने में श्रद्धालुओं को कम समय लगे।

# रामलला के गर्भगृह में रखी गई सोने के अक्षरों वाली रामायण

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्णाक्षरों से लिखने की बात केवल मुहावरा नहीं रही,इसे असलियत बनाकर दिखाया है एक पूर्व आईएएस अधिकारी और उनकी धर्मपत्नी ने इनके अथक प्रयास से ताम्रपत्र पर उकेरे सोने के अक्षरों वाली रामायण को श्री रामलला के साथ गर्भ गृह में रखा गया है। इस तरह जन्मदिन पर रामलला को मिलने वाले उपहारों में एक और अनुपम नगीना जुड़ गया है। मध्यप्रदेश कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी सुब्रमण्यम लक्ष्मीनारायणन और उनकी पत्नी सरस्वती काफी दिनों से स्वर्णाक्षरों वाली रामायण की तैयारी और उसको रामलला के पास नवमी से पहले पहुंचाने के प्रयास में लगे थे।इस संबंध में कई बार




श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय और अन्य संबंधित लोगों से मुलाकात कर चुके थे।उनका आग्रह था कि नवरात्र के प्रथम दिन रामायण गर्भगृह में पहुंच जाय। आखिरकार उनका निवेदन स्वीकार हुआ और 25-25 पन्नों की अलग अलग पैकिंग में भारी भरकम ताम्रपत्र पर सोने से लिखा यह डेढ़ कुंटल वजनी धातु ग्रंथ राममंदिर पहुंचाया गया और वहीं नवरात्र की पूर्व रात्रि में बाइंडिग की गई और पूर्व निर्धारित समय पर गर्भगृह में स्थापित किया गया।




## पेड़ी प्रबंधन अपनाकर गन्ने की पैदावार बढ़ायेंः महाप्रबंधक गन्ना

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।** बजाज चीनी उतरौला परिक्षेत्र के ग्राम सहियापुर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक गन्ना संजीव कुमार शर्मा ने किसानों को बताया कि पेंड़ी प्रबंधन करना बहुत ही आवश्यक है। पेंड़ी प्रबंधन अपना कर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। पेड़ी प्रबंधन में पौधा गन्ना कटते ही तत्काल सिंचाई, खाद व गुड़ाई अवश्य करें। जिससे फसल अच्छी होगी साथ ही फसल सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेधक कीटों की रोकथाम के लिए 150 एम एल कोराजन को एक एकड़ खेत के लिए 400 लीटर पानी में घोल बनाकर गन्ने की जड़ों के पास मोटे फव्वारे से ड्रेंचिंग करें। जिससे प्रति हैक्टेयर गन्ने का उत्पादन बढ़ जायेगा। बसंतकालीन गन्ना बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतिशील गन्ना प्रजातियों का अधिक पैदावार देने वाली गन्ना प्राजाति को0-0118,15023 कोलख-14201 का दो आंख के टुकड़े करके गन्ना बीज उपचार एवं भूमि उपचार कर ट्रेंच विधि से बुवाई अवश्य करें।

# मतदान कार्मिकों का प्रथम रेडमाइजेशन संपन्न



**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 एवं गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु सरकारी/ अर्द्धसरकारी विभागों के कुल 15049 कार्मिक का प्रथम रेंडमाइजेशन एनआईसी सभागार में चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर पर संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 1723 मतदान बूथों पर चार मतदान कार्मिकों एवं 30 प्रतिशत अतिरिक्त रिजर्व कार्मिक के सापेक्ष प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों की ड्यूटी आदेश निर्गत किया जाएगा।

### द्वितीय रेंडमाइजेशन ऑब्जर्वर की उपस्थिति में किया जाएगा

डीएम ने कड़े निर्देश दिए की समस्त विभागाध्यक्ष चुनाव में लगे अपने-अपने विभाग के कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी का आदेश तमीला कराते हुए इसकी सूचना नोडल अधिकारी कार्मिक को प्रदान करेंगे। सभी मतदान कार्मिक होने वाले प्रशिक्षण में प्रतिभाग करेंगे,यह भी सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अमित कुमार, ऐश्वर्य दीप व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# सरकारी जमीनों से व्यापारिक गतिविधियां चलाने वालों के मंसूबे ध्वस्त

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को हाईवे अथारिटी एवं वन विभाग की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जिसमें हाईवे किनारे सरकारी जमीन में व्यापारिक गतिविधियां चलाने वालों को हटाया गया है। विदित हो कि बिगत कुछ वर्षो से हाईवे स्थित सरकारी जमीनो पर बडी संख्या में लोगों ने व्यापारिक गतिविधियां शुरू कर दी थी जिसके चलते लोग संबंधित विभाग के जिम्मेदारों पर सवाल उठाने लगे थे और गत दिनो एसटीएफ टीम द्वारा हाईवे स्थित कबाड़ की दुकान में छापामार कर बड़ी मात्रा में डीजल और पेट्रोल बरामद किया था इस मामले में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। इसी घटना के बाद हाईवे किनारे स्थित सरकारी जमीन के कब्जों का मामला भी प्रशासन के संज्ञान में आ गया था जिस पर जाँच शुरू हुई तो सम्बन्धित विभागों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किये थे और इसी के चलते मंगलवार को हाईवे अथारिटी ने हाईवे के मध्य से साढ़े बाईस मीटर की सीमा में व्यापारिक गतिविधियां चला रहे लोगो को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे और वुधवार को वन विभाग के रेंजर संजय यादव तथा एनएचएआई के अभियंता एन गणेशन की संयुक्त टीम ने कबाड़ी की दुकान से अभियान की शुरूआत की थी जिसमे वहा से लेकर नगर सीमा स्थित हाईवे एवं वन विभाग की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा दिया गया है।

### एसडीएम तथा सीओ भी रहे मौजूद



सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

कालपी। सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण कर व्यापारिक गतिविधियां संचालित होने के मामले को उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल ने भी गम्भीरता से लिया था तथा उन्होंने भी राजस्व टीम को जांच कर रिपोर्ट मांगी थी जिसमे अतिक्रमण की पुष्टि हुई थी जिसके चलते बुधवार को हाईवे अथारिटी तथा वन विभाग द्वारा चलाये गये अभियान को सीओ डा. देवेन्द्र के साथ देखा तथा टीम को बगैर भेदभाव के अभियान चलाने के निर्देश दिए थे।

## नवरात्रि के दूसरे दिन भक्तों ने की मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**जालौन (उरई)।** चैत्र मास की नवरात्र के दूसरे दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों पर देवी के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गई। लोगों ने देवी मां से सुख समृद्धि की कामना की। मां शक्ति के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा नवरात्र के दूसरे दिन देवी मंदिरों पर की गई। जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों ने देवी मंदिरों पर पहुंचकर देवी मां को रोली चंदन, नारियल आदि चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान पूरा नगर जय माता दी के नारों से गुंजायमान रहा। पंडित देवेंद्र दीक्षित बताते हैं कि मां के ब्रह्मचारिणी नाम के पीछे देवी श्रीमद् भागवत पुराण में एक रोचक कथा है। जब मां शक्ति ने राजा हिमालय के घर पुत्री के रूप में जन्म लिया और भगवान शिव को वर स्वरूप पाने के लिए तपस्या की। देवी की तपस्वी स्वरूप के कारण ही इनका नाम बह्मचारिणी और तपश्चारिणी हुआ।

# बीडीओ ने नवप्रवेशी बच्चों को दिया स्टेशनरी

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

घोरावल ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालय डोमहर एवं कंपोजिट विद्यालय खजुरौल में प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी घोरावल अशोक कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार त्रिपाठी जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा संयुक्त रूप से नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही प्रत्येक नवप्रवेशी बच्चों को एक-एक शिक्षा किट दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक कक्षा (1 से 8 तक के ) से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्तर के पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया गया। प्रधानाध्यापक रविन्द्र नाथ दुबे व रामलाल ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय डोमहर में कक्षा 1 से 3 में 40 व कंपोजिट विद्यालय खजुरौल में कक्षा 1 से 3 में कुल 40 बच्चे निपुण हुए हैं। उन सभी बच्चों को निपुण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



खण्ड शिक्षा अधिकारी ने फीता काटकर टैब लैब और स्मार्ट क्लास का औपचारिक उद्घाटन भी किया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम का आयोजन एआरपी अविनाश चंद्र शुक्ला द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान हेतु शपथ दिलाते हुए लोगों को जागरूक किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी लोग निर्भीक होकर बिना प्रलोभन में आए जाति धर्म से ऊपर उठकर मतदान अवश्य करें। शत प्रतिशत मतदान करने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। संसद के सबसे बड़े सदन के आम चुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ ही आम जनों की भागीदारी एवं कर्तव्य बोध का संकल्प भी कराया गया।

# फरार अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

**एसपी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे है अभियान**



**छिबरामऊ,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनन्द के निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सकरावा जनपद कन्नौज पुलिस द्वारा मुकदमें से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त व अभियुक्ता को गिरफ्तार कर किया गया। हरगोविन्द पुत्र स्व. अजेन्ट सिंह यादव निवासी ग्राम लोह टिकुरिया थाना सकरावा जनपद कन्नौज की लिखित तहरीर के आधार पर थाना सकरावा पर मु0अ0सं0-49/2024 धारा 302 भादवि बनाम अभि0 01. सफी मोहम्मद उर्फ सूखा पुत्र भूरे खां निवासी टिकसुरी मडिया जिला मैनपुरी 02. वाइस्तवा रवीना पत्नी हरगोविन्द निवासी ग्राम लोह टिकुरिया थाना सकरावा जनपद कन्नौज द्वारा वादी की माँ सीमा देवी की गला दबाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये कृत कार्यवाही के अन्तर्गत थाना सकरावा जनपद कन्नौज से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सफी मोहम्मद उर्फ सूखा पुत्र भूरे खां निवासी टिकसुरी मडैया बीरमपुर थाना एलाऊ जिला मैनपुरी व अभियुक्ता रवीना पत्नी हरगोविन्द निवासी ग्राम लोहटिकुरिया थाना सकरावा जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

पूछताछ पर अभियुक्त सफी मोहम्मद उर्फ सूखा ने बताया कि रवीना से एक वर्ष से प्रेम प्रसंग है मै रवीना के घर आया था मुझे व रवीना को रवीना की सास सीमा देवी ने आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया और वाद विवाद हो गया तो मैं और रवीना ने मिलकर सीमा देवी की गला दबा कर हत्या कर दी थी।

# नवरात्रि पर मंदिरों में गूंजे जय माता दी के जयकारे

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**वरिष्ठ समाजसेवी ने पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी सहित श्रद्धालुओं के साथ पूजा-वंदना कर सुखसमृद्धि की कामना की**

चैत्र नवरात्रि पावन पर्व के द्वितीय दिवस पर नगर के सती माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में मॉ बृहमचारिणी की पूजा अर्चना करनें के लिये सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लग गई। वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी सहित श्रद्धालुओं के साथ विधि विधान से पूजा बंदना कर सुखसमृद्धि की कामना की। बुधवार को नगर के चौराहा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर, पॉवर हाउस स्थित गंगेश्वरनाथ मंदिर, अफ्सरी स्थित प्राचीन काली देवी मंदिर, तिराहा स्थित संतोषी माता मंदिर, रामगंज स्थित माता मनसा देवी मंदिर, काली देवी मंदिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर में महंत पंडित दीनबंधु पाठक द्वारा चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के साथ वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता एवं पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी को विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर पूजा बंदना करने से जीवन में खुशहाली आती है। पंडित दीनबन्धु पाठक ने कहा कि मॉ बृहमचारिणी ध्यान, ज्ञान और वेराग्य की देवी हैं। वहीं सायं काल आरती में सैकड़ों महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।



आरती करते समाजसेवी अशोक गुप्ता।

इसके उपरान्त समाजसेवी ने श्रद्धालुओं को फ्ल व मिष्ठान वितरित किए। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर नीरज मिश्रा, सुमित सक्सेना, मनोज गुप्ता, नवल गुप्ता, गंगा सिंह कुशवाहा, रानू गुप्ता, दीपक चक, कुलदीप बाथम, फूल सिंह सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक दूसरे को गले लगाकर दी ईद की मुबारकबाद



**छिबरामऊ,कन्नौज।** आवास विकास कॉलोनी एक्सप्रेस सुप्रभात अकादमी में नन्हे मुन्ने बच्चों ने ईद की पार्टी मनाई सुप्रभात अकैडमी में नन्हे मुन्ने बच्चों ने ईद के अवसर पर ईद की पार्टी में एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद गले लगा कर दी कार्यक्रम को सपोर्ट करते हुए प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने बच्चों में त्योहारों के प्रति उत्साह के लिए स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन होना आवश्यक है प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने कहा कि त्योहारों से ही गंगा जमुना सहित का नजारा देखने को मिलता है इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ छात्राएं मौजूद रहे।

# मां ब्रह्मचारिणी की पूजा को उमड़े भक्त

**छिबरामऊ,कन्नौज।** चैत्र नवरात्र रात्रि के द्वितीय दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना के लिए देवी मंदिरो मे भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगो ने माता रानी की आराधना कर मनौतियां मांगी। वही घरो मे भी देवी मां का दरबार सजाया गया और लोगो ने पूजा अर्चना भी की। नगर के सौरिख रोड स्थित सिद्ध पीठ कालिका देवी मंदिर पर सुबह 4 बजे से ही भक्तो की आवक शुरू हो गई थी। कतार मे लगकर महिलाओ व पुरूषो ने माता रानी के दर्शन किए माता रानीणके जयकारे व घंटो और घड़ियालो की धुन से वातावरण को भक्तिमय बना रहा।

# ब्लाक प्रमुख ने की खेत में लगी आग की भरपाई की मांग



**छिबरामऊ,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सदर पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव के पीड़ित किसान के खेत में पहुंचकर प्रदेश सरकार से मुआवजा की मांग की सौरिख के खड़नी के ब्राहिम पुर और हजरत पुर गांव में गेहूं की फसल में लगी आग से बर्बाद हुई फसलों की जानकारी जैसे ही सपा नेता नवाब सिंह यादव को हुई वो तुरन्त किसान के जले हुए खेत की फसल को देखकर द्रवित हो गए और सरकार से मांग की कि पीड़ित किसान की जली में हुई फसल का मुआयना कराया जाय और पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिया जाए नही तो किसान के सपने चकनाचूर हो जायेंगे क्योंकि किसान की फसल से ही उसके पूरे परिवार का साल भर जीवन यापन चलता है और बच्चो की पढ़ाई का इंतजाम हो जाता था इस मौके पर सुमन दोहरे मनोज कठेरिया जीतू यादव विपिन यादव संटू प्रघान कपिल चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोजित किए जायेंगे जागरुकता कार्यक्रम

**डीआईओएस व बीएसए को जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत मतदान प्रतिशत बढाये जाने के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि मतदान प्रतिशत बढाये जाने के उद्देश्य से स्कूलों में जागरुकता/स्वीप कार्यक्रम किये जायें। बच्चो को प्रोत्साहित किया जाये कि वह अपने मम्मी-पापा व परिवार के सदस्यो को 13 मई 2024 को मतदान के लिये याद दिलायें और मतदान करने के लिये भेंजे। कहा कि पैरेन्ट्स मीटिंग करें, जिसमें सभी पैरेन्ट्स की उपस्थित अनिवार्य रुप से की जाये और 13 मई को मतदान के लिये प्रेरित करें। कहा कि मतदाता जागरुकता हेतु स्लोगन, गीत, नाटक आदि के कार्यक्रम किये जायें, किन्तु ऐसे गीत व भाषा का प्रयोग न किया जाये जो किसी पार्टी से जुड़ा हो। मतदान जागरुकता हेतु बाइक/स्कूटी रैली नगरीय क्षेत्र में निकाली जाये। आंगनवाडी वकर्स और स्वयं सहायता समूह भी इसमे बढचढ कर भागीदारी होकर अपने जनपद में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें। सबको फील्ड लेविल में कार्य करना होगा।

उन्होने कहा कि मतदान केन्द्र दूर होने के कारण लोग वोटिंग करने कम आते हैं। लोगो को जानकारी दी जाये कि अपने वाहन से वोट डालने आये, वाहन से आने मे रोक नही लगायी जायेगी। मतदान केन्द्र से 100 मीटर की दूरी पर ही वाहन को रोका जायेगा। उन्होने कहा कि बैको में मतदान जागरुकता संबंधी पोस्टर, बैनर लगाये जायें, सिलेण्डर में स्टीकर चिपकाये जायें। जो नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं वह बूथ वाइज जाकर लोगो को मतदान करने हेतु मोटीवेट करें। मुख्य विकास अधिकारी श्री राम कृपाल चौधरी ने कहा कि निर्वाचन कार्ड, आधार, पैन, बैंक पासबुक, किसान बही, मनरेगा जॉब कार्ड आदि के माध्यम से वोट डाल सकते हैं। कहा कि बच्चो को समझाये कि उनके घर के लोग वोट डालने के लिये जरुर भेंजे। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु सभी प्रयास किये जायें।

# तीसरा स्वरूप में माँ चंद्रघण्टा भक्तजनों के मनोरथ को पूर्ण करने वाली हैं

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

माँ चन्द्रघण्टा भक्तों की भय पीड़ा व दु:खों को मिटाने वाली हैं। भक्त जनों के मनोरथ को पूर्ण करने वाली हैं। देवी के इस रूप की उत्पत्ति नवरात्रि के तीसरे दिन होती है। यह बात आचार्य प. घनश्याम पाण्डेय ने कही। कहा कि यह रूप सभी प्रकार की अनूठी वस्तुओं को देने वाला तथा कई प्रकार की विचित्र दिव्य ध्वनियों को प्रसारित व नियंत्रित करने वाला होता है। इनकी कृपा से व्यक्ति की घ्रांण शक्ति और दिव्य होती है। वह कई तरह की खुशबुओं का एक साथ आनन्द लेने में सक्ष्म हो जाता है। माँ दैत्यों का वध करके देव, दनुज, मनुजों के हितों की रक्षा करने वाली है। जिनके घण्टा में आह्लादकारी चंद्रमा स्थिति हो उन्हें चन्द्रघण्टा कहा जाता है। अर्थात् जिनके माथे पर अर्द्ध चंद्र शोभित हो रहा है। जिनकी कांति सुवर्ण रंग की है ऐसी नव दुर्गा के इस तृतीय प्रतिमा को चन्द्रघण्टा के नाम से ख्याति प्राप्त हुई हैं। यह दैत्यों का संहार भयानक घण्टे की नाद से करती हैं। यह माता दस भुजा धारी हैं। जिनके दाहिने हाथ में ऊपर से पद्म, वाण, धनुष, माला आदि शोभित हो रहे हैं। जिनके बायं हाथ में त्रिशूल, गदा, तलवार, कमण्डल तथा युद्ध की मुद्रा शोभित हो रही है। माता सिंह में सवार होकर जगत के कल्याण हेतु दुष्ट दैत्यों को मारती हैं। माँ का यह रूप शत्रुओं को मारने हेतु सदैव तत्पर रहता है।

# पुलिस ने कच्ची शराब बरामद कर पांच को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**छापेमारी कर पिन्नी गिहार व सुमित गिहार के पास से 20-20 लीटर कच्ची शराब बरामद**

सामान्य निर्वाचन लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा कच्ची शराब का कारोबार करने वाले लोगों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। जहां से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद करते हुए पांच लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है।

मंगलवार की शाम उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली के उपरीक्षक सुनील चौधरी ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जलालाबाद अंडरपास से गुगरापुर की ओर जाने वाले मार्ग पर छापेमारी कर लाडपुर निवासी शिवचरण एवं बरगामा निवासी गुड्डु शर्मा के पास से 20-20 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। जबकि कोतवाली के उप निरीक्षक रोबिन सिंह ने हमराह सिपाहियों के साथ गस्त के दौरान टीवी हॉस्पिटल के निकट छापेमारी कर पिन्नी गिहार एवं सुमित गिहार के पास से 20-20 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। उधर कोतवाली के उपरीक्षक राहुल पाल ने मुखबिर की सूचना पर हाईवे से ग्राम भूढा की ओर जाने वाले मार्ग पर छापेमारी कर ज्ञान सिंह यादव निवासी ग्राम सूलनपुर के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अपने हिस्से की संपति कों बर्बाद करनें के बाद शराब की लत में फंसे युवक ने आर्थिक तंगी से आहत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे इलाज के लिये परिजनों द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां हालत चिंताजनक होनें के कारण चिकित्सकों द्वारा रिफर कर दिया गया। युवक ने रास्ते में ही दम तोड दिया। क्षेत्र के ग्राम लाडपुर निवासी 33 वर्षीय अजीत पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल ने बीते दिन आर्थिक तंगी से आहत होकर शराब के नशे में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड गई। परिजनों द्वारा अजीत को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होनें के कारण चिकित्सकों द्वारा रिफर कर दिया गया। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिये ले जाया जा रहा था तभी अजीत ने रास्ते में ही दम तोड दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुचे बनियानी चौकी प्रभारी रावेन्द्र सिंह नें शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।



# निरूद्ध सिद्वदोष बंदी अखिलेश को जेल से किया रिहा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल की प्रेरणा से बी.एम. सेवा समिति/ अमन हास्पिटल के स्वामी डॉ. ग्यास सिद्दकी द्वारा कारागार में निरूद्ध सिद्वदोष बंदी अखिलेश उर्फ छक्की पुत्र राजवीर निवासी झऊआ थाना-ठठिया का अर्थदण्ड रुपए 8500 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश में जमा किया। न्यायालय के आदेश पर उक्त बंदी को बुधवार को कारागार से रिहा किया गया। इसके अलावा अमन हास्पिटल के स्वामी डॉ ग्यास सिद्दकी ने कारागार के एक गोदाम से दूसरे गोदाम तक सामान ले जाने हेतु तथा बंदियों का कच्चा राशन अन्य भण्डार से पाकशाला तक ले जाने के लिये एक रिक्शा कारागार को दान स्वरूप सप्रेम भेंट किया। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी द्वारा हास्पिटल के संचालक डॉ ग्यास सिद्दकी व डॉ सरित दुबें को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल आशा देवी पाण्डेय, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेलवार्डर कुलदीप कुमार पाण्डेय सहित सभी प्रशासनिक कर्मचारी रहें।

# निर्वाचन में नामांकन एक महत्वपूर्ण कार्य है इसे बारीकी से समझ लें: जिला निर्वाचन अधिकारी



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट स्थिति गांधी सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत नामांकन की समस्त व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होनें प्रशिक्षण के दौरान कहा कि निर्वाचन में नामांकन एक महत्वपूर्ण कार्य है। इसे बारीकियों से समझ लिया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए, जिसको जो जिम्मेदारी दी गयी है, वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन सूझबूझ के साथ करेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि फॉर्म-3 की सूचना डेली आयोग को भेजी जाएंगी। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने की तिथि एवं दिनांक 25 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि तथा उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल निर्धारित है। इसी कड़ी में दिनांक 13 मई को मतदान दिवस तथा 04 जून को वोटो की गिनती होगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बढ़ते तापमान के कारण लू-प्रकोप से बचाव हेतु बरतें सावधानी

**धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहेः मुख्य चिकित्साधिकारी**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बढ़ते तापमान के कारण लू-प्रकोप (हीट वेव) से बचाव हेतु कुछ सावधानियां बरतनी आवश्यक हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में विगत दिवसों में बढ़ते तापमान के कारण लू-प्रकोप (हीट वेव) से बचाव हेतु जन-मानस को सावधानी बरतना जरुरी है। उन्होंने बताया कि बढ़ते तापमान के कारण लू-प्रकोप (हीट वेव) से बचाव हेतु , खासकर दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक के मध्य, हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपडे पहनें।,धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपडे, टोपी या छाता का उपयोग करें, पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें, सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें। खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थों को इस्तेमाल करें। रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें। कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त निकटतम चिकित्सालय से सम्पर्क करें। अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे, रात में खिडकियों को खुली रखे। घर के निचली तलों पर रहने का प्रयास करें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें पर्याप्त पानी पीने को दें। लू लगे व्यक्ति को छायादार ठंडे स्थान पर पंखा/कूलर आदि के सामने लिटायें। उन्होंने बताया कि बच्चों एवं पालतू जानवरों को बिना निगरानी के पार्क की गयी कार में अकेला न छोडे, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते है जो बच्चों के लिये घातक हो सकती है। भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें।शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थो का सेवन करने से बचें क्यो कि ये शरीर को निर्जलित करतें हैं। दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें, रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिडकी व दरवाजे खुली रखें।

# बाइक सवार को बचाने में पलटी कार सात घायल

**घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती**

**छिबरामऊ,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पश्चिमी बाई पास के निकट घटी घटना।

बाइक सवार को बचाने के प्रयास में पलटी तेज रफ्तार कार। बाला जी मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहे थे सभी कार सवार। घायलों में एक ही परिवार के सात लोगो के घायल होने की है सूचना। घायलों में एक बच्ची,दो महिलायें सहित कुल सात लोग हैं घायल। कन्नौज जिले के छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी बाई पास के निकट नार्मल रोड के सामने की घटना।

वाहन चालक की सूझबुझ से टला बड़ा हादसा। बाइक से भिडंत के बाद कार को नियंत्रित करने के दौरान मिट्टी के ढेर पर चढ़कर पलट गई गाड़ी। घायलों में हरदोई जिले के कुइयां प्रताप नगर चौराहा निवासी 8 वर्ष अनमोल, 16 वर्ष राज पुत्र संदीप, 18 वर्ष शुभी पुत्री संदीप,29 वर्ष सुभाष पुत्र छत्रपाल, 35 वर्ष अनमोल पुत्र रामप्रकाश, 39 वर्ष संजू देवी पत्नी संदीप, सहित 41 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र रामसागर, शामिल हैं।

घायलों को उपचार के लिये स्थानीय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पलटी कार को क्रेन की मदद से उठाया गया है। जिसके बाद यातायात की बाधित व्यवस्था सामान्य हुई हैं।

# भयमुक्त निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए सभी का योगदान जरूरी : जिला निर्वाचन अधिकारी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा निर्वाचन में नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक की तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला नें कलेक्ट्रेट के गांधी में सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक की नियुक्ति की गयी है। नियुक्ति किये गये प्रेक्षकों का जनपद में 24 अप्रैल को आगमन होगा। उन्होंने बताया कि सन्दीप कुमार को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है, जिनका मो0 न0-9978405578 है। सामान्य प्रेक्षक को सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु नोडल अधिकारी मो. नाजिम, उपायुक्त, राज्यकर विभाग, का मो0 7235001067 और लाईजन आफिसर वरुण कुमार लाल, जिला आबकारी अधिकारी का मो0 9454465675 को नियुक्त किया गया है। उन्होने पी0डब्लू0डी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रेक्षक के ठहरने हेतु सर्किट हाउस में कक्ष की व्यवस्था की जाये। साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा खाने-पीने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। सुरक्षा हेतु पुलिस कर्मी तैनात किये जायें। टीवी, कम्प्यूटर आपरेटर और स्टेशनरी बैग की व्यवस्था की जाये। नेट की कनेक्टीविटी अच्छी होनी चाहिये। उन्होने कहा कि प्रेक्षक को मतदाता सूची एवं मतदान स्थलो की सूची और क्रिटिकल/वल्नरेबिल मतदान स्थलो की सूची उपलब्ध करायी जाये। साथ ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का मानचित्र उपलब्ध कराया जाये जिसमें विधानसभाओ की सीमाएं स्पष्ट हों। कहा कि वेबकास्टिंग हेतु चयनित मतदेय स्थलों की सूची और नियुक्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी सूची उपलब्ध करायी जाये। उन्होने संबंधित को निर्देश दिये कि वीडियो रिकार्डिग हेतु वीडियोग्राफर लगाया जाये। कहा कि प्रेक्षक के साथ ऐसे अधिकारी/कर्मचारी की नियुक्त की जाये जिसे क्षेत्र के विषय में पूरी जानकारी हो, जिससे किसी भी मतदान स्थल/क्षेत्र में आने-जाने में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होने परिवहन विभाग को निर्देश दिये कि प्रेक्षक को क्षेत्र में भ्रमण हेतु वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि पुलिस प्रेक्षक के आगमन के पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण रुप से सुनिश्चित कर ली जायें। कहा कि जनपद में स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी व भयमुक्त निर्वाचन सम्पन्न हो यह सबके योगदान से ही सम्भव है। सभी लोग निर्वाचन के सौंपे गये कार्यो व दायित्वों का भली-भॉति निर्वाहन करे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्री संसार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ईद आज, तैयारियां पूरी आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

माहे रमज़ान का पूरा महीना मुस्लिम लोग रोज़ा,नमाज़,तरावीह, तिलावत की कड़ी मशक्त उठाकर इबादत करते हैं। महीने के आखिरी दिन ईद का चांद निकलने के बाद ईद- उल -फितर का त्योहार मनाया जाता है। ईद का त्योहार आज़ तैयारियां पूरी समाजसेवियों जनप्रतिनिधियों ने समधन नगर सहित रोजेदारों व क्षेत्रीय आम जनता को ईद- उल- फितर की मुबारकबाद देते हुए त्योहार को आपसी सौहार्द व भाईचारे से मनाने की अपील की है। बुधवार को समधन नगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी, पुर्व चेयरमैन मो. नकीम खान, वसपा विधानसभा प्रभारी युवा समाजसेवी सैय्यद अहमद उसैव बहू ,मो. फहीम शेख आदि ने पूरे महीने कड़ी मशक्त उठाकर रोजा, नमाज़, तरावीह, तिलावत करने के बाद ईद का त्योहार मनाने का मौका मिला है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि साल के सभी महीनो में से रमज़ान का पवित्र महीना हम सब को बुराई, झूट बोलने व गलत रास्ते से बचकर नेक रास्ते पर ले जाने का हम देता है। यह महीना रहमतों और बरकतों का महीना होता है। आगे बताया कि इस महीने में गरीबों, मजलूमों, परेशान हाल लोगों की जैसे हो सकें ज्यादा से ज्यादा मदद करनी चाहिए। क्योंकि इस महीने में की गई नेकी के बदलें अल्लाह तआला आखिरत में एक नेकी के बदलें सत्तर गुनाह ज्यादा सबाब देगा ईद का त्यौहार हम सबको आपस में मिल झुल कर रहने का संदेश भी देता है।

# आरआरसी सेंटर बनाने का विरोध कर रहे भाकियू के ब्लॉक सचिव ने खाया जहर

- लोहिया अस्पताल में भर्ती, तहसीलदार से हुई नोकझोंक

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर कस्बे में आरआरसी सेंटर का विरोध कर रहे किसान ने जहर खा लिया। तहसीलदार ने अपनी गाड़ी से उसे अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान किसान नेताओं की तहसीलदार से जमकर नोकझोंक हुई।

जानकारी के अनुसार कस्बा राजेपुर में आरआरसी सेंटर निर्माण का विरोध कर रहे किसान ने जहरीला पदार्थ खकर जान देने का प्रयास किया। तहसीलदार ने अपनी गाड़ी से उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अस्पताल पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी ली। थाना क्षेत्र के गांव कमालुद्दीनपुर निवासी रामनारायण पांडे ने बताया कि जिस भूमि पर कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाया जा रहा है। वह उसकी पुस्तैनी भूमि है। इसका वह विरोध कर रहा था। वहीं इससे नाराज ग्राम प्रधान ऋतु पाठक ने तहसील दिवस में इस्तीफा देने की धमकी दी। डीएम डॉ0 वी0के0 सिंह के निर्देश पर बुधवार को तहसीलदार कर्मवीर सिंह कानूनगो और लेखपाल के साथ काम शुरू कराने के लिए पहुंचे। ग्रामीण ने फिर विरोध किया। जिस पर तहसीलदार के सुरक्षाकर्मियों ने ग्रामीण को पीट दिया। जिससे आहत होकर राम नारायण पांडेय ने जहरीला पदार्थ खा


अस्पताल में भर्ती भाकियू नेता

लिया। तहसीलदार राम नारायण को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार ने पहुंचकर जानकारी की। वहीं किसान यूनियन के ब्लॉक सचिव के जहर खाने की जानकारी होने पर किसान नेता अस्पताल पहुंचे। इस दौरान


मौके पर मौजूद अधिकारीगण व ग्रामीण

किसान नेताओं की तहसीलदार से जमकर नोकझोंक हुई। तहसीलदार जमीन पर गिर गये। सीएचसी में पीड़ित की पत्नी रीना पाण्डेय ने आरोप लगाया की अधिकारियों के द्वारा मजबूर किया गया था। जिसके बाद उनके पति रामनरायण ने जहरीला पदार्थ खा लिया। एसडीएम रविन्द्र सिंह ने बताया कि रामनारायण जिस भूमि को अपना बता रहें है वह भूमि ग्राम सभा की है। उन पर आरोप गलत लगाया जा रहा है।

# मां ब्रह्मचारिणी की पूजा कर की सर्व मंगल की कामना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चैत्र नवदुर्गा के दूसरे दिवस नगर के शक्तिपीठों व देवी मंदिरों में भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के द्वितीय स्वरुप ब्रह्मचारिणी का पूजन किया। लोगों ने उपवास रखकर मां की उपासना की। वहीं शाम को महिलाओं ने जागरण किया।

नवरात्र के दूसरे दिन नगर के देवी मंदिरों में मां दुर्गा के देवी ब्रह्मचारिणी रूप की पूजा की गयी। मां ब्रह्मचारिणी के दाएं हाथ में माला और बाएं हाथ में कमण्डल है।

शास्त्रों में बताया गया है कि मां दुर्गा ने पार्वती के रूप में पर्वतराज के यहां पुत्री बनकर जन्म लिया और महर्षि नारद के कहने पर अपने जीवन में भगवान महादेव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। हजारों वर्षो तक अपनी कठिन तपस्या के कारण ही इनका नाम तपश्चारिणी या


शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्तगण

ब्रह्मचारिणी पड़ा। अपनी इस तपस्या की अवधि में इन्होंने कई वर्षो तक निराहार रहकर और अत्यन्त कठिन तप से महादेव को प्रसन्न कर लिया। यह देवी भक्तों की सभी मनोकनाओं को पूर्ण करती है।

पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। पल्ला मठिया, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णोदेवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदिर, सैन्य क्षेत्र में स्थापित शक्तिपीठ मंदिर सहित शहर व देहात क्षेत्र में छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किये।

# पुलिस चौकी के नजदीक दुकान से लाखों की चोरी


चोरों द्वारा दुकान में बिखेरा गया सामान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस चौकी के नजदीक दुकान में चोरों ने किया हाथ साफ सोती रही पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी सत्यप्रकास कटियार ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया की पीड़ित की दुकान खुदागंज रेलवे स्टेशन के नजदीक कटियार पाइप स्टोर के नाम से है। जिसका उद्घाटन दिनांक 7 जनवरी 2024 को हुआ था। जिसमें 8 अप्रैल को अज्ञात चोरों चोरी कर ली। जिसकी सूचना खुदागंज चौकी पर दी गई और चोरी गए सही सामान का विवरण ना हो पाने के कारण मुकदमा नहीं लिखवा पाया। 9 अप्रैल को चोरी गए सामान को मेरे द्वारा देखा गया। जिसमें अधिकतर सामान पानी फिटिंग पाइप एवं समर सेबिल का है।

जिसका विवरण इस प्रकार है पानी फिटिंग का सारा सामान यूपीवीसीसीपीवीसी 2 समर सेबिल (1)एचपी, 1,5(2), एचपी10, 12, पीईसी(3) पीतल की टोटी, पीतल कंसील्ड, पीतल हाफटन (4) पानी के सिस्टन, (5) जिन पाइप (सेक्शन पाइप), (6) पीवीसी पाइप फिटिंग, (7) कैमरे का डीबीआर, (8)बैटरी इन्वर्टर, (9) स्टील की जाली, (10) गार्डन पाइप, (11) कुछ पेन्ट का सामान इत्यादि कुछ और सामान चोरी हो गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 180, 457 आई.पी.सी. में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# गैंगेस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्त को चार वर्ष पांच माह का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गैंगेस्टर एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/ अपर जिला सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने अभियुक्त मिथुन जाटव को दोषी करार देते हुए चार वर्ष पांच माह के कारावास व पांच हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

1 नवम्बर 2019 को फतेहगढ़ प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि मैं अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि अभियुक्त अतुल शर्मा उर्फ शैलू पुत्र रामबाबू निवासी बजरिया फील्ड कटरा बक्शी मऊदरवाजा का एक संगठित आपराधिक गिरोह है। जो अपने गैंग के सदस्य दीपक बाथम पुत्र रामकिशन निवासी कुटरा, अर्पित सैनी पुत्र किशोर कुमार निवासी ग्वालटोली, धर्मेन्द्र राजपूत उर्फ टर्रा उर्फ बड़का पुत्र शिवराम निवासी श्याम नगर कालोनी, मिथुन जाटव पुत्र गिरिजा शंकर निवासी पुलमण्डी के साथ मिलकर लूट चोरी जैसी घटना कारित करते है। दर्ज मुकदमों के आधार पर गैंगेस्टर की कार्यवाही की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने साक्ष्य व गवाहों के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/ अपर जिला सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने अभियुक्त मिथुन जाटव को दोषी करार देते हुए चार वर्ष पांच माह के कारावास व पांच हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित की जायेगी।

# डीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण व्यवस्था दुरुस्त करने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अमृतपुर विधानसभा के मतदान केंद्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुजरपुर पमारन, संविलियन विद्यालय अमृतपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय राजेपुर व प्राथमिक विद्यालय भरखा का निरीक्षण किया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय गूजरपुर पमारन में गेट पर नाली के ऊपर जाली लगवाने, शौचालय की पुताई कराने, यूरिनल पॉट चेंज कराने व परिसर की सफाई कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए। ग्राम पंचायत अधिकारी के उपस्थित न होने पर स्पष्टीकरण प्राप्त कराने के निर्देश दिये। संविलियन विद्यालय अमृतपुर में सभी बूथों पर लाइट बढ़ाने, साफसफाई कराने व रैंप


मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

की स्लेव बनाने, पंखे साफ कराने व परिसर की साफ -सफाई के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। उच्च प्राथमिक विद्यालय राजेपुर में कमरों में पंखे बढ़ाने, लाइट बढ़ाने, ग्राउंड का समतलीकरण कराने व हैज की कटिंग कराने के निर्देश दिये। प्राथमिक विद्यालय भरखा में लाइट बढ़ाने, स्लेव बढ़ाने व शौचालय के रास्ते की सीढ़ियां बनाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अमृतपुरए क्षेत्राधिकारी अमृतपुर व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# वृद्ध माता-पिता के साथ मारपीट कर तोड़ी उंगली दंपति पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

वृद्ध माता पिता के साथ मारपीट कर पिता की उंगली व मोबाइल तोड़ने के मामले में पुलिस ने पुत्र व पुत्र वधू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पीड़ित माता-पिता का मेडिकल परीक्षण कराया।

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव उनासी निवासी वृद्ध वीरपाल सिंह ने अपने पुत्र दीपक व दीपक की पत्नी पप्पी के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने एवं मोबाइल फोन तोड़ देने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार मंगलवार को समय करीब दिन के 2 बजे मेरे पुत्र दीपक ने मुझे व मेरी पत्नी सावित्री देवी को लाठी-डंडों तथा जूतों से मारा पीटा। जिससे मेरे हाथ की उंगली टूट गई और शरीर में भी काफी चोटें आईं। मारपीट के दौरान उसने मेरा मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। मुझे घर में नहीं रहने देता है। रोज मेरे साथ गाली-गलौज करता है। मैं काफी दिन अपनी बेटी के घर पर रहा। चंद लोगों के बीच पंचायत हुई फिर भी मुझे घर में नहीं रहने दे रहा है। मेरा बड़ा पुत्र मुकेश दिमाग से कमजोर है जिस कारण वह सारी जमीन हड़पना चाहता है। दीपक मुझे धमकी देता है कि मेरा साला 112 पुलिस फर्रुखाबाद में है। दीपक की पत्नी पप्पी बहुत परेशान करती है और उसने धमकी दी कि तुझे भोजन में जहर दे दूगी या गंदे केस में फंसा दूंगी। दीपक मेरा आर्थिक मानसिक उत्पीड़न करता है और उसने भी जान से मारने की धमकी दी। थाने में दी गई तहरीर में जानमाल की सुरक्षा की मांग की गई। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वृद्ध माता पिता का मेडिकल परीक्षण कराया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से नौ झोपड़ियां जलीं


धू-धू कर जलती झोपड़ियां

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से नौ झोपड़ियां जलकर राख हो गयीं। ग्रामीणों ने मिट्टी, पंप सेट व दमकल की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस व तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। आग की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गयी। जबकि पांच गंभीर रूप से झुलस गए। जानकार के अनुसार क्षेत्र के गांव गूजरपुर निवासी जयसिंह की झोपड़ी में बुधवार शाम अज्ञात कारणों से आग लग गयी।

जयसिंह परिवार के साथ खेत पर गए थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जब तक ग्रामीण आग बुझाने की कोशिश करते तब तक आग ने पड़ोस के महावीर, अहिलकार, प्रकाश, रामदास, राजाराम, रजनेश, बालिस्टर, बालकराम की झोपड़ियों को भी ने अपनी आगोश में ले लिया। आग से रामदास का एक मवेशी जलकर मर गया। साथ ही अहिलकार व रजनेश के पांच मवेशी भी गंभीर रूप से झुलस गए। अन्य सभी का गृहस्थी का सामान अनाज, भूसा जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने आग की सूचना दमकल को दी।

आग की लपटें देख आसपास के गांव के ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर हैंडपंप व पम्पसेट व दमकल की मदद से एक घण्टे बाद आग पर काबू पाया। नायब तहसीलदार मनीष वर्मा, हल्का लेखपाल ने पीड़ितों से जानकारी कर क्षति का आंकलन किया। थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने घटनास्थल पहुंच जांच पड़ताल की।



# पुलिस ने दो अभियुक्तों को छीने गये मोबाइल फोन व बाइक सहित किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जहानगंज पुलिस द्वारा बुधवार को दिनांक मु0अ0सं0 60/24 धारा 392 भा0द0वि0 से संबंधित 02 अभियुक्तगण 1. साहिल सिंह पुत्र भंवरपाल, 2. हर्षित सिंह पुत्र मानसिंह निवासीगण ग्राम पूरनपुर थाना कमालगंज जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से लूटा गया 01 अदद मोबाइल फोन लावा कम्पनी व घटना में शामिल वाहन संख्या-यू.पी.76एपी7466 मोटर साइकिल (स्पेलंडर) को बरामद किया। माल बरामदगी के आधार पर धारा 411 भा0द0वि0 की बढ़ोत्तरी की गयी। घटनाक्रम के अनुसार 7 अप्रैल को काली नदी चेक पोस्ट पर 02 अज्ञात मोटर साइकिल सवार द्वारा वादी ओमप्रकाश पुत्र छोटेलाल निवासी हंसापुर, नगला फार्म गौरईपुर थाना शमशाबाद जनपद फतेहगढ़ का मोबइल फोन छीनकर भाग गये थे। जिसके संबंध में थाना हाजा पर उपरोक्त मुकदमा दर्ज कराया गया था। पूछताछ में अभियुक्तगणों ने बताया कि हम दोनों लोग मिलकर रास्ते में आने जाने वाले राहगीरों से मोबाइल फोन छीनकर भाग जाते हैं। जिसको बेचकर हम अपना खर्चा चलाते हैं।

# बहन को पीटने की सूचना पर ससुराल पहुंचे भाई को भी पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ससुराल में बहिन के साथ मारपीट की सूचना पर पहुंचे भाई को भी बहनोई व अन्य लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने चार लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नगला जोधा निवासी रवि कुमार की शादी 10 माह पूर्व गुरसहायगंज कन्नौज निवासी सोनम पुत्री रामनिवास के साथ मोहल्ला झूसी नगर से हुई थी। आज सोनम अपनी ससुराल में सुबह झाड़ू लगा रही थी। इसी बीच उसके साथ उसकी सास, ननद और देवर, पति ने मारपीट कर दी। सोनम ने इसकी सूचना अपने भाई विकास को दी। विकास ने आज गांव पहुंचकर सोनम की सास से मारपीट का कारण पूछा।

इसी बात से नाराज सोनम के पति रवि और देवर ने विकास को जमकर पीटा। सोनम ने थाने पहुंचकर सहित चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

खबर का असर....

# बेलगाम लकड़ी माफियाओं पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, एक लाख का जुर्माना

- बीते दिन उजाड़ दिये थे दो दर्जन से अधिक आम के पेड़, वन अधिकारी ने की कार्रवाई

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम बरझाला क्षेत्र के ही एक लकड़ी माफिया लालू द्वारा दिनदहाड़े 14 हरे भरे फलदार मोटे आम के वृक्षों को कटवा दिया गया था, जबकि 6 अन्य वृक्षों पर भी आरा चलवा दिया गया। बताते हैं जिस वक्त लकड़ी माफिया द्वारा दिनदहाड़े हरे भरे फलदार वृक्षों पर आरा चलवाया जा रहा था उसी दौरान ग्रामीणों ने वन अधिकारी राजेश कुमार को सूचना दी थी। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते तब तक लकड़ी माफिया लालू अपने औजार छोड़कर


बाग में कटी पड़ी लकड़ी

मौके से फरार हो चुका था। वन अधिकारी राजेश कुमार की सूचना पर वन दरोगा जहीर खां मौके पर पहुंचे थे तथा जांच पड़ताल की थी। बताते है यहाँ 14 आम की जड़ों तथा आधा दर्जन अन्य वृक्षों की जड़ों का आंकलन किया गया था। बताते हैं वनाधिकारियों ने लकड़ी माफियाओं के खिलाफ बड़े जुर्माने की कार्रवाई की बात कही गई थी। यही से कोई 500 मीटर दूर पूर्व की ओर स्थित एक बाग से लकड़ी माफिया मुन्ना लाल ने 15 वृक्षों को कटवाया था। मौके पर 11 आम की जड़ें, जबकि चार अन्य वृक्षों की जड़ें कटी हुई पाई गई थीं। इस घटना के बाद क्षेत्राधिकारी ने राजेश कुमार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए मुन्नालाल पर 55 हजार व लकड़ी माफिया लालू पर 45 हजार रुपए की बड़ी कार्रवाई की है। लकड़ी माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई होने से क्षेत्र के लकड़ी माफियाओं में दहशत का माहौल देखा गया है।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

# पत्नी से विवाद में युवक ने लगायी फांसी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** पत्नी से विवाद में युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। युवक की मौत पर स्वजन बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला कहारन टोला निवासी श्यामबाबू का 35 वर्षीय पुत्र सुनील उर्फ टिंकू का बुधवार शाम पत्नी किरन से शराब पीने को लेकर विवाद हो गया। नशे में होने के कारण युवक कमरे के अंदर चला गया और कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी समय होने के बाद भी युवक कमरे से बाहर नहीं आया। पत्नी ने कमरे की खिड़की से झांककर देखा तो पति का शव लटका देख उसकी चीख निकल गयी। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। युवक का शव देख स्वजन बिलखने लगे। मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज दारोगा संजय राय व रवि सोलंकी ने जांच पड़ताल की। मृतक छोले भटूरे की ठेली लगाता था। मृतक के दो पुत्र आयुष, अंश व दो पुत्रियां पायल व वैष्णो हैं। मृतक तीन भाइयों अम्बुज व शंकर में सबसे बड़ा था। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# प्रसव के तीन दिन बाद महिला की हालत बिगड़ी, मौत

- पुलिस ने अंतिम संस्कार रुकवाकर पीएम के लिए भेजा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

प्रसव के तीन दिन बाद महिला की हालत बिगड़ गयी। स्वजन आनन फानन में महिला को सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गंगा घाट पहुंच शव का अंतिम संस्कार रुकवाकर पीएम के लिए भेज दिया। सीओ ने भी मामले की जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार गांव भरथरी निवासी शिवनन्दन की पच्चीस वर्षीय पत्नी रीता को तीन दिन पूर्व प्रसव पीड़ा हुयी। महिला ने कायमगंज के एक निजी अस्पताल में पुत्र को जन्म दिया। प्रसव के कुछ समय बाद ही मासूम की मौत हो गयी। उपचार के बाद स्वजन महिला को घर ले गए। मंगलवार देर रात महिला की हालत बिगड़ गयी। स्वजन आनन फानन में महिला को इलाज के लिए सीएचसी


घाट पर पंचनामा भरने की कार्रवाई करती पुलिस

ले गए। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। स्वजन महिला के शव को घर ले गए। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। बुधवार दोपहर स्वजन महिला के शव को अंतिम संस्कार के लिए गंगा घाट पर ले गए। सीएचसी से आए मेमो के आधार पर पर थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी, सिवारा चौकी इंचार्ज कपिल कुमार कुशवाहा पुलिस बल के साथ गंगा घाट पहुंचे। पुलिस ने स्वजनों को अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। मृतका के ससुरालीजन व मायके वाले शव का अंतिम संस्कार करने की जिद पर अड़े रहे। दोनों पक्षों ने काफी समय तक हंगामा काटा। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर कर शव पीएम हेतु भेज दिया। सीओ सतेन्द्र कुमार ने भी घटनास्थल पहुंच जांच पड़ताल की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मेमो के आधार पर शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सिंधी समाज ने झूलेलाल जयंती पर निकाली शोभायात्रा

▸ महिलाओं ने डांडिया नृत्य करते हुए लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिंधियत नव वर्ष के अवसर पर सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रातः काल भगवान झूलेलाल का पक्के पुल सिंधी धर्मशाला में भगवान झूलेलाल का अभिषेक बहिराणा साहब का पूजन पंडित संजय शर्मा ने कराया।

संजय शर्मा ने बताया कि सिंधी समाज का सबसे बड़ा पर्व होता है। जिसमें सभी के साथ समरता का भाव भाईचारा दिखाई देता है। पूजन अर्चन के साथ मीठी चावल और चने का प्रसाद वितरण किया गया।

पक्का पुल सिंधी धर्मशाला से सिंधी समाज के लोग ढोल नगाड़े के साथ हिंदी भाषा में गीत संगीत, कीर्तन आयो लाल झूलेलाल....जय झूलेलाल के नारो के साथ पूरा नगर गुंजायमान उठा। सिंधी समाज की युवक एवं युवतियां डांडिया नृत्य करते हुए भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में आगे-आगे चल रही थी। यात्रा नगर के मुख्य मार्ग पक्का पुल, किराना बाजार, चौक, रेलवे रोड होते हुए सिंध मैदान पहुंची। मुखिया आत्माराम डवानी, ईश्वर दास शिवानी, अशोक शिवानी ने यात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह बहिराणा साहब सिंधी समाज के घरों में गए। वहा पर लोगों ने पवित्र पावन ज्योति के दर्शन किए और सिंधी नव वर्ष की मंगल कामना की।



शोभायात्रा में डांडिया करतीं युवतियां



सिंधु मैदान में विचार व्यक्त करते डॉ. अरविन्द गुप्ता

सिंधु मैदान में विचार गोष्ठी हुई। जिसमें सिंधी समाज के त्याग बालिदान की गाथा सुनाई गई। सिंधी समाज ने देश की प्रगति में महान योगदान दिया। समाज के बच्चे, वरिष्ठ जन एवं कर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

चिकित्सक डा0 अरविन्द गुप्ता ने पहुंचकर झूलेलाल जयंती में भाग लिया और विचार रखे। सायंकाल को यह यात्रा सिंधु मैदान से नगर के मुख्य मार्ग रेलवे रोड, चौक, नेहरू रोड, लाल सराय होते हुए पांचाल घाट पहुंची। वहां पर ज्योति का विसर्जन किया गया। गंगा मैया में ज्योति के दर्शन के साथ सिंधी नव वर्ष में समाज देश परिवार के लिए खुशवाली की मंगल कामना की।

# युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली अपनाना होगाः आचार्य योगेश भारद्वाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज क्षेत्र के गदनपुर देवराजपुर में आर्य समाज के 22वें वार्षिकोत्सव के द्वितीय दिवस पर प्रातःकाल वृहद यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्रामवासियों ने आहुतियां प्रदान कर ईश्वर से सुख समृद्धि की कामना की। माध्यान्ह की सभा आर्य जगत के क्रांतिकारी वक्ता आचार्य योगेश भारद्वाज ने राष्ट्र रक्षा व अंधविश्वास, पाखंड विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को जागरुक किया।

उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ते नशा, अपराध, अनाचार का मुख्य कारण वैदिक शिक्षा से दूर जाना बताया। युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली को अपनाना होगा। आचार्य ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने सत्य सनातन वैदिक धर्म में व्याप्त हो चुकी पाखंड कुरीतियों को दूर करने के लिए आर्य समाज की स्थापना की। श्रेष्ठ समाज के निर्माण के लिए आज देशवासियों को आर्य समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की आवश्यकता है। नोएडा पधारीं भजनोपदेशिका अलका आर्या ने अपने भजनों के माध्यम से ईश्वर भक्ति के वैदिक स्वरूप की व्याख्या की। आर्य समाज कमालगंज के पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने बताया कि देश आज महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती माना रहा है। महर्षि दयानंद पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने स्वराज का उद्घघोष किया। उनके आवाह्न पर हजारों नौजवान स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। स्वामीने जहां देश को विदेशी दासता की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए लोगों को प्रेरित किया। वहीं समाज में व्याप्त छुआछूत, जातिवाद व पाखंड के विरुद्ध एक अभियान चलाया। जिसके परिणाम स्वरूप भारतीय नवजागरण काल में एक नया परिवर्तन आया। कार्यक्रम में राजीव आर्य, रामवीर शास्त्री, सुरेंद्र आर्य, रमेश चंद्र आर्य, घनश्याम यादव, हरि सिंह फौजी, जगदीश सिंह, गंगा सिंह, आदेश सिंह, अर्जुन सिंह, सर्वेश सिंह आदि मौजूद रहे।



प्रवचन करते आचार्य योगेश भारद्वाज

# दयाल एजूकेशन सेंटर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दयाल एजूकेशन सेंटर रानूखेड़ा कमालगंज में बुधवार को क्षेत्रीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

क्षेत्र के करीब 400 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। जिनकी उम्र 60 वर्ष के ऊपर की थी। साथ ही अपनी कक्षा में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक अपनी प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखई नगला निवासी परशुराम वर्मा ने की। 86 से 90 वर्ष के ऊपर के उम्र के लोगों को संस्था के प्रबंधक राधेश्याम वर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया। 81 से 85 वर्ष के लोगों को विजय सिंह वर्मा के द्वारा सम्मान प्रदान कराया गया। 76 से 80 वर्ष के वरिष्ठ लोगों को संस्था के चेयरमैन भूपेंद्र पथरिया ने दयाल एजूकेशन सेंटर का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। 60 से 75 वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों को स्कूल के प्रधानाचार्य जगदीश सिंह वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपाध्यक्ष चुरसाई निवासी अरविंद राजपूत रहे। इस मौके पर सुधीर कुमार शुक्ला, राम बक्श वर्मा, रामनाथ वर्मा, विक्रांत सिंह राना, शम्भू दयाल वर्मा, दशरथ सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में सम्मानित होते बुजुर्ग

# सैनिक प्रकोष्ठ ने अचरा, नगला वीरबल, कोरीखेड़ा में किया जन सम्पर्क

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने अपने सैनिक प्रकोष्ठ की टीम के साथ विभिन्न गांव में जन सम्पर्क किया। केके यादव ने अचरा, नगला वीरबल, कोरीखेड़ा आदि गांव में सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के लिए जन सम्पर्क कर वोट मांगे।

केके यादव ने कहा कि इस बार सपा प्रत्याशी की जीत तय है। भाजपा की जुमलेबाजी से जनता परेशान है। आज हर वर्ग का व्यक्ति पीड़ित है। सैनिक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह व अनिल यादव, कश्मीर सिंह, मदनपाल, विपिन शाक्य के साथ जन सम्पर्क किया। अचरा में डॉ. हरिओम यादव व अरविन्द कुमार के साथ जन सम्पर्क किया। नगला वीरबल में सुरेन्द्र सिंह, शिवम कुमार, प्रवीन कुमार, गोविन्द सिंह, राजीव कुमार, रुबेन्द्र, सुशील, सीटू यादव आदि लोगों के साथ मौजूद रहे।

कोरीखेड़ा में विवेक, आदित्य शाक्य, मनोज शाक्य, राजेन्द्र शाक्य, राजीव शाक्य, गौतम शाक्य, सचिन शाक्य, शशिकांत शाक्य आदि लोगों के साथ जन सम्पर्क कर वोट मांगे।



जन सम्पर्क करते सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी

# खाद्य सुरक्षा टीम ने पांच दुकानों पर मारा छापा



चाट समोसे की दुकान पर छापेमारी करती टीम

▸ सफाई व्यवस्था दुरुस्त न मिलने पर कारण सुधार दिया गया नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खुले में खाद्य पदार्थों के विक्रय पर रोकथाम खाद्य सुरक्षा टीम ने पांच दुकानों पर छापेमारी की। जहां साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर टीम ने कारण सुधार नोटिस जारी किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षाधिकारी डॉ. शैलेन्द्र रावत, अरुण कुमार मिश्र, विमल कुमार, आशीष कुमार वर्मा ने घुमना बाजार नितगंजा स्थित सुरेन्द्र पुत्र रामदुलारे के प्रतिष्ठान व बस स्टैण्ड फर्रुखाबाद स्थित अनुज गुप्ता पुत्र चन्द्रसेन के प्रतिष्ठान, घुमना स्थित सौरभ अग्निहोत्री पुत्र वीरेन्द्र कुमार के प्रतिष्ठान, पक्कापुल चौराहा स्थित आशीष कुमार पुत्र सरवन के प्रतिष्ठान, बस स्टैण्ड स्थित दुर्गेश कुमार कश्यप पुत्र रामभरोसे के प्रतिष्ठान पर छापेमारी की।

सभी जगह साफ-सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली। जिस पर टीम ने कारण सुधार नोटिस दिया। अनुपालन न किये जाने पर लाइसेंस/पंजीकरण निलंबित कर दिया जायेगा।

# प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक सम्पन्न

▸ कक्षा पांच के विद्यार्थियों को सम्मानित कर दी गई विदाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठक का आयोजन हुआ।

साथ ही कक्षा 5 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को परीक्षा फल वितरित कर विदाई दी गई। विदाई समारोह में बच्चों ने गुरुजन के साथ गले लगकर आशीर्वाद लिया और भावुक हुए। उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को माल्यार्पण कर पुरुस्कृत किया गया। साथ ही नव क्लास में जाने के लिए छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं नवीन नामांकन पर चर्चा हुई। साथ ही संचारी रोग की रोकथाम पर विचार रखे गये। लोकसभा निर्वाचन के संबंध में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलायी गई। साथ ही आंगनवाड़ी के अन्तर्गत माता उन्मुखीकरण पर विचार व्यक्त किये गये। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संतोष कुमार गुप्ता, श्यामवीर कुशवाहा, साजिद खान, शिवम अवस्थी, अनन्त पाल सिंह, बृजेश कुमार, नुरूलसवा, बबिता यादव, मनोरमा, राजबेटी, सुनीता यादव सहित अभिभावक मौजूद रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य संतोष गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।



बच्चों को पुरस्कृत करते शिक्षक

## खबरें एक नजर में

### 20 लीटर कच्ची शराब सहित युवक गिरफ्तार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाने में तैनात दरोगा अच्छेलाल पाल ने मुखबिर की सूचना पर जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पिथूपुर मेहंदिया निवासी नन्हें लाल पुत्र लालाराम राजपूत को जहानगंज थाना क्षेत्र के कान्तापुर तिराहा से 20 लीटर कच्ची शराब सहित पकड़कर जेल भेज दिया।

### मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मार्ग दुर्घटना में घायल छात्र के पिता ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम बिरसिंहपुर निवासी पृथ्वीराज सिंह का 17 वर्षीय पुत्र अक्षय प्रताप सिंह 3 अप्रैल को दोपहर नवाबगंज से ट्यूशन पढ़कर साइकिल से वापस घर जा रहा था। वीरपुर मोड़ के पास बाइक चालक ने तेजी एवं लापरवाही से बाइक चलाते हुए छात्र अक्षय प्रताप की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज आगरा के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था। आज थाने पहुंचकर पिता ने थाना मऊदरवाजा के ग्राम सीढ़े चकरपुर निवासी अंकित कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

### विधवा को ससुर ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घर के बंटवारे में मिली ईट मांगने में विधवा के साथ ससुर ने मारपीट कर दी। बचाने आए पुत्र व पुत्री को को भी पीट दिया। घटना के संबंध में नामजद तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भगौरा निवासी अलका पत्नी स्वर्गीय पंकज ने पुलिस को आज दिए गये प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके हिस्से में कुछ ईट बंटवारे में दी गई थीं। आज वह ईट अपने हिस्से की उठाने पर उसके ससुर व चचिया ससुर ने उसके साथ गाली-गलौज किया। जब उसने विरोध किया, तो इसी बात से नाराज दोनों ने अलका के साथ मारपीट कर दी। उसे बचाने आए पुत्र शीलू और पुत्री विशाखा को भी मारापीटा। थाने पहुंचकर अलका ने ससुर एवं चचिया ससुर के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

### लोहाई रोड की वक्फ सम्पत्ति पर अवैध निर्माण रोके जाने का आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रशासनिक अधिकारी सैय्यद हसन रजा रिजवी ने पत्र भेजकर अवैध निर्माण तत्काल रुकवाये जाने हेतु जिलाधिकारी व अपर सर्वे आयुक्त को भेजा है। वक्फ हकीम अकबर हुसैन पंजीयन संख्या 175 लोहाई रोड की संपत्ति पर हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल रुकवाये जाने हेतु जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। वक्फ एवं सम्पत्ति कार्यालय बोर्ड के अभिलेखों में पंजीकरण है। बोर्ड ने संज्ञान में लेते हुए वक्फ की सम्पत्ति लोहाई रोड, शमशाबाद पर मनोज अग्रवाल द्वारा अवैध रुप से निर्माण कराये जाने का कार्य चल रहा है। वक्फ के संबंध में बोर्ड के सक्षम वक्फ अधिनियम 1995 की धारा 51/52 की सुनवाई विचाराधीन है। जिसे 15 अप्रैल की अग्रिम तारीख नियत की गई है। तब तक अग्रित तारीख तक अवैध निर्माण कार्य रोका जाये।

अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विशेष...

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर व्यक्ति बनता है ज्ञानी और महानः प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

म्युनिस्पिल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य में बताया कि बोधिसत्व बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के मऊ जिले में 14 अप्रैल 1891 ई0 में हुआ था। इनके पिता सेना में सुबेदार के पद पर थे। उन्होंने बहुत कठिन परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण की। जिस समय बाबा साहब शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, उस समय समाज में कई प्रकार की कुरीतियां, जैसे अश्पृश्यता, छुआछूत, असमानता, अन्धविश्वाश, चरम सीमा पर विद्यमान थीं।

जिस पर बाबा साहब ने गहन विचार करके देश से उपरोक्त कुरीतियों को मिटाने का भरसक प्रयास किया। मौका मिलते ही भारत को संविधान में, समता, बंधुत्व, भाईचारा, न्याय को ध्यान में रखते हुये विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधान का लिखित रूप में निर्माण किया।

यह बात किसी से नहीं छिपी है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महान कानून विद थे। आज उनकी बदौलत हम सभी लोगों का वजूद सुरक्षित है। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों के लिए, विशेष कर गरीब तथा निचले वर्गों तथा समाज द्वारा शोषित लोगों के उत्थान के लिए भरपूर प्रयास किया। जिससे समाज के गरीब तथा पिछड़े लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिला। उन्हें उनका हक दिलाया। उन्होंने सभी को समानता का अधिकार दिलाया, ऊंच-नीच का भेदभाव समाप्त किया।



गिरिजा शंकर प्रधानाचार्य एमआईसी

जातिवाद खत्म किया, समाज में फैली तमाम प्रकार की कुरीतियों का अंत किया। कठिन परिस्थितियों में रहते हुए भी गरीब तबके के लोगों को आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास किया। उनको अपनी पहचान बनाने का साहस दिलाया। यही नहीं उन्होंने सभी को वह अधिकार दिया।

जिससे वो वर्षो से वंचित थे वो है वोट देने का अधिकार। आज जो हम सभी को वोट देने का अधिकार मिला है वह बाबा साहब की ही देन है। वोट देकर हम अपने पसंद का नेता चुन सकते हैं। हम अपनी बात को सदन के माध्यम से सरकार तक पहुंचा सकते हैं। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देशवासियों को एक ऐसा संविधान दिया। जिससे हमारा देश चलता है। सभी को समानता, न्याय प्राप्त करने का अधिकार दिया। यहां पर न कोई ऊंचा है और न ही नीचा। बाबा साहब के पास 9 भाषाओं का ज्ञान था, 32 डिग्रियां थी, जो कि आज तक किसी ने प्राप्त नहीं कर पाई हैं।

इसीलिए बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर को द सिंबल ऑफ नॉलेज के नाम से भी जाना जाता है। बाबा साहब ने इंग्लैंड, आयरलैंड, अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, रूस, आस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका तथा जापान 10 देशों के संविधान का अध्ययन करने के उपरांत भारत के संविधान का निर्माण किया।

जिससे स्पष्ट होता है कि बाबा साहब एक महान विद्वान थे। इसीलिए भारत का संविधान विश्व का नंबर एक का संविधान माना जाता है।

अंग्रेजों को यह एहसास हो गया था कि भारत देश में एक ऐसा विद्वान व्यक्ति मौजूद है जो पूरे देश को चलाने का साहस तथा ज्ञान रखता है। आज पूरा देश उनके इस कृतित्व के लिए ऋणी है। मैं बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर को शत-शत नमन करते हुए समाज में यह संदेश देना चाहता हूं कि सभी देशवासी बाबा साहब के आदर्शों पर चलें जिससे हमारा देश और भी महान हो।

### लोधी जागृति मंच के जिलाध्यक्ष ने कहा समाज भाजपा के साथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोधी जागृति मंच के जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत ने जारी बयान में कहा है लोधी समाज भाजपा के साथ है। पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 कल्याण सिंह ने लोधी समाज को पहचान दिलायी। उमा भारती को मुख्यमंत्री बनाया था। साक्षी महाराज, राजवीर सिंह, मुकेश राजपूत, धनश्याम लोधी जैसे लोग समाज का प्रतिनिधित्व करते है। इसलिए राजनैतिक दल हमारा भारतीय जनता पार्टी है।

उन्होंने जनपद के सांसद मुकेश राजपूत को समर्थन देते हुए कहा कि लोधी समाज उन्हें अच्छे मतों से जिताकर पुनः दिल्ली भेजेगा, जिससे लोधी समाज का गौरव बढ़ेगा।

# संजय चौहान बने अधिवक्ता सभा के लोकसभा प्रभारी

▸ अंकित यादव छात्रसभा के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

▸ विधानसभा चुनाव में भी संजय सिंह प्रभारी रह चुके है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णकन्हैया पाल ने अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह चौहान को पार्टी में दायित्व देते हुए लोकसभा के चौथे चरण के लिए प्रभारी बनाया है।

विधानसभा चुनाव में भी संजय सिंह प्रभारी रह चुके है। उन्हें पुनः लोकसभा चुनाव में प्रभारी बनाया गया है। यह पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार-प्रसार कर लोगों में नई ऊर्जा के साथ पीडीए के तहत इंडिया गठबंधन को मजबूत करेंगे और जन सम्पर्क कर पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। साथ ही समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष छात्रसभा विनीत कुशवाहा की संस्तुति पर नगला पदम निवासी चौधरी अंकित यादव को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

# पेट्रोल में पानी मिलने पर ग्रामीणों ने काटा हंगामा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

एक पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल में पानी मिलने पर ग्रामीणों ने हंगामा काटा। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। आपूर्ति निरीक्षक ने जांच पड़ताल कर पेट्रोल के नमूने लिए। जानकारी के अनुसार कंपिल सिवारा मार्ग पर गांव सवितापुर के निकट एक पेट्रोल पम्प पर बुधवार दोपहर कुछ ग्रामीण बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए आए। पम्प कर्मचारियों ने कुछ लोगों को बोतल व बाइक में पेट्रोल दे दी। पेट्रोल में पानी दिखने पर ग्रामीणों ने कर्मचारियों से मामले की शिकायत की। इसी बात पर कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज कर दी। जिस पर ग्रामीण भड़क गए और काफी संख्या में इकट्ठे होकर पेट्रोल पम्प पर हंगामा करने लगे। लोगों ने मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि समृद्धि न्यूज़ प्रसारित वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। ग्रामीणों की सूचना पर दारोगा विमल कुमार ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों को शांत कराया। आपूर्ति निरीक्षक सुधांशू यादव ने अपनी टीम के साथ पेट्रोल पम्प पर पहुंच पेट्रोल के नमूने लिए। आपूर्ति निरीक्षक सुधांशू यादव ने बताया लिए गए नूमनों को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



मौके पर मौजूद आपूर्ति निरीक्षक व ग्रामीण

